www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-20
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-08, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 24.02.2020 से 01.03.2020

परियोजनाओं के लिये वैकल्पिक वित्त व्यवस्था कार्यशाला

पारम्परिक बजट निर्माण प्रक्रिया से हटकर नवाचारी विचारों पर काम करें - मुख्यमंत्री

बजट प्रबंधन कानून दोबारा लिखने की जरूरत

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ और योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष श्री एम.एस. अहलूवालिया भोपाल में "परियोजनाओं के लिये वैकल्पिक वित्त व्यवस्था" पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, राज्यों की बढ़ती वित्त जरूरतों और वित्तीय सीमाओं को देखते हुए वित्तीय जिम्मेदारी और बजट प्रबंधन कानून को नये संदर्भों में दोबारा लिखने की जरूरत है। सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण आर्थिक अधोसंरचना परियोजनाओं में बजट की कमी को दूर करने के लिये निजी- सार्वजनिक भागीदारी का कानून बनाने पर भी विचार करना चाहिए। ये बातें पूर्ववर्ती योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष श्री एम.एस. अहलूवालिया ने भोपाल स्थित मिंटो हाल में 'परियोजनाओं के लिये वैकल्पिक वित्त व्यवस्था' विषय पर वित्त विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री एम.एस. अहलूवालिया ने कहा कि परियोजनाएं बनाना, उनके लिये बजट प्रावधान करना और समय रहते उन्हें उपलब्ध संसाधनों में पूरा करना पूरे विश्व में एक मान्य प्रक्रिया है। यह भी तथ्य है कि सरकारों के वित्तीय संसाधन सीमित हैं लेकिन परियोजनाएं महत्वाकांक्षी हैं। सरकारों के पास सिर्फ आर्थिक अधोसंरचना परियोजनाओं के अलावा भी सामाजिक जिम्मेदारियों के कई काम और प्राथमिकताएं होती हैं। दोनों काम एक साथ पूरा होने में कई चुनौतियां सामने आती हैं। फलस्वरूप योजनाओं और परियोजनाओं की गति धीमी होकर पिछड़ने लगती हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ बजट संसाधनों पर निर्भर रहने की परंपरा से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में निजी क्षेत्र की ओर देखना पड़ता है। निजी क्षेत्र किसी भी प्रकार का खतरा उठाने से बचता है जबकि सरकार हानि-लाभ से परे जनकल्याण के उद्देश्य के लिए समर्पित होती है।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्व का आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इसलिए वित्तीय संस्थाओं और वित्त की व्यवस्था करने वाली सरकारों को भी अपनी सोच में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में महत्वाकांक्षी युवाओं का बड़ा समुदाय रहता है और उसकी महत्वाकांक्षाएं पूरी करने के लिए ज्यादा बजट संसाधनों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बदले हुए और लगातार बदल रहे भारत और भारतीय राज्यों के लिए वित्तीय व्यवस्थाएं करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इसलिए बैंकों, राज्य सरकारों और निजी क्षेत्रों को परिवर्तन के साथ स्वयं को बदलने की और परिवर्तनों को अपनाने की आवश्यकता है। इसलिए पारम्परिक बजट निर्माण की प्रक्रिया से अलग हटकर वैकल्पिक व्यवस्थाओं और नवाचारी विचारों पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रोज़गार पैदा करने वाली आर्थिक गतिविधियों पर लगातार ध्यान देना जरूरी हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश जैसे राज्य में प्राकृतिक संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन उनके आधार पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करने के प्रयासों में कमी दिखती है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की कृषि को अत्याधुनिक बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कृषि से संबंधित अन्य आर्थिक गतिविधियों में विस्तार हो।

सामूहिक विवाह सम्मेलन

युवा पीढ़ी कुरीतियों को समाप्त कर भारतीय संस्कारों को आत्मसात करे

छिन्दवाड़ा, युवा पीढ़ी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर भारतीय मूल्यों और संस्कारों को आत्मसात करे। हमारे देश के अस्तित्व के लिए यह जरूरी है। यह बात मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने छिन्दवाड़ा में सभी धर्मों और दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित करते हुये कही। सम्मेलन में एक साथ 3 हजार 353 जोड़ों का विवाह होने से यह सम्मेलन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन भारत की विविध संस्कृति का प्रतीक है। यहाँ हिन्दू, मुस्लिम, बौद्ध परंपरओं के साथ ही दिव्यांगजन भी परिणय सूत्र में बंधने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही संस्कृति हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जो भारत को पूरे विश्व में महान राष्ट्र बनाती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न धर्मों, जातियों, भाषाओं के साथ भाईचारे की भावना से एकजुट रहने की हमारी यह विशेषता अक्षुण्ण बनी रहे, यह दायित्व युवा पीढ़ी का है।

श्री कमल नाथ ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने की एक बड़ी चुनौती हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता जरूरी है। इसके बगैर हमारे प्रदेश के युवाओं का भविष्य बेहतर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में भी सुधार की आवश्यकता है। इन दोनों क्षेत्रों में हम उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ें। इसमें युवा वर्ग को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने ऋण माफी सहित महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

आई. पी. एस. आफिसर्स कॉनक्लेव-2020

हथियारों के बजाए प्रौद्योगिकी से सुसज्जित होगी पुलिस - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रौद्योगिकी के अधिकाधिक उपयोग से भविष्य की पुलिस फोर्स हथियारों के बजाए प्रौद्योगिकी उपकरण से सुसज्जित होगी। इसलिए अभी से पुलिस को नई-नई प्रौद्योगिकी से परिचित होना होगा और उन्हें अपनाना सीखना होगा। राज्य सरकार पुलिस बल को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। भविष्य में मध्यप्रदेश की पुलिस प्रौद्योगिकी के उपयोग की दृष्टि से इतनी दक्ष होगी कि अन्य प्रदेशों के लिए आदर्श होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मिंटो हाल में आई.पी.एस. ऑफिसर्स कॉनक्लेव 2020 को संबोधित करते हुए कहीं।

आर्थिक अपराधों की प्रवृत्ति और प्रकृति को भी पहचाने पुलिस

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक विकास बढ़ने के साथ ही भिन्न-भिन्न आर्थिक अपराध भी सामने आ रहे हैं। पुलिस को आर्थिक अपराधों की प्रकृति से परिचित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण परिणाम के लिये शासन-प्रशासन के सभी अंगों में समरसता जरूरी है।

सामाजिक-आर्थिक विषमताओं के कारण पुलिस के सामने चुनौतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक विशिष्ट देश है। मध्यप्रदेश स्वयं में विशिष्टि प्रदेश है। यह विविधताओं से भरा-पूरा प्रदेश है। विविधताओं और भिन्नताओं के बावजूद एक बने रहना इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश न सिर्फ सबसे बड़ा वन प्रदेश है बल्कि सबसे बड़ी जनजातीय संख्या वाला प्रदेश भी है। इसलिए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं और विभिन्नताओं को देखते हुए मध्यप्रदेश में पुलिस के सामने भी कई चुनौतियां हैं।

प्रशासन का चेहरा होती है पुलिस

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन का चेहरा होती है। पुलिस समाज को संदेश देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के लिए अच्छी बात यह है कि यहां अपनी धरती पर जन्मा और पनपा आतंकवाद नहीं है। भारतीय समाज की इसमें बड़ी भूमिका है क्योंकि सहिष्णुता के कारण भारतीय समाज में सबको को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता है।

बांस मिशन की बैठक

वन, पड़त भूमि एवं खेतों में बांस उत्पादन की कार्ययोजना बनाएं

भोपाल, बांस उद्योग को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए बिगड़े वन क्षेत्र, पड़त भूमि तथा किसानों के खेतों में बांस उत्पादन के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में बांस मिशन की बैठक में दिए। बैठक में वन मंत्री श्री उमंग सिंघार भी उपस्थित थे।

श्री कमल नाथ ने कहा कि बिगड़े हुए वन क्षेत्रों में और राजस्व की पड़त भूमि पर बांस उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग निजी क्षेत्र में किसानों की सहभागिता से बांस उत्पादन के लिए प्रस्तावित कार्य क्षेत्र की योजना बनाए और उसके क्रियान्वयन की समय-सीमा तय की जाए।

श्री कमल नाथ ने कहा कि बांस उद्योग में रोज़गार की बड़ी संभावना है। इससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लोगों को रोज़गार उपलब्ध करवा सकते हैं। श्री कमल नाथ ने कहा कि किसानों को भी अपने खेतों में बांस उत्पादन के लिए प्रेरित करना चाहिए और उसके लिए उन्हें हर संभव सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने बांस उद्योगों की कठिनाईयों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों में आपसी तालमेल बनाने को कहा।

मध्यप्रदेश में हर पंचायत मुख्यालय में खुलेंगी गौ-शालाएं - मुख्यमंत्री

छिन्दवाड़ा, गौ-वंश के संरक्षण के साथ ही गौ-शालाएं ग्रामीण क्षेत्रों में आय वृद्धि का साधन बनें, सरकार इस लक्ष्य के साथ काम कर रही है। पूरे प्रदेश में हर पंचायत मुख्यालय में गौ-शालाओं का निर्माण किया जा रहा है। सरकार बनते ही हमने वचन-पत्र के इस वादे को पूरा किया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम उमरहर में 30 लाख रुपये लागत की आदर्श गौ-शाला का लोकार्पण करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-संरक्षण के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गौ-मूत्र और गोबर से जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ ही इनके विभिन्न उत्पादों के विपणन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे गौ-पालन से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि वचन-पत्र के वादे के मुताबिक सरकार क्रमबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में गौ-शालाओं का निर्माण करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छिन्दवाड़ा जिले में 31 गौ-शालाएं बनाई जाएंगी।

श्री कमल नाथ ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए एक नए नजरिए और दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास का आधार छिन्दवाड़ा मॉडल को बनाया गया है। इस तर्ज पर सभी क्षेत्रों में विकास की पहल की गई है। रोज़गार के लिए निवेश का एक नया माहौल बनाया गया है। इसके लिए उद्योग स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं को सुगम और सरल बनाया गया है। निवेशकों का इससे मध्यप्रदेश में विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि युवाओं को रोज़गार और स्व-रोज़गार से जोड़ने के लिए शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही, किसानों और आम जनता की जरूरतों से जुड़ी योजनाएं बनायी जा रही हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

आदिम जाति कल्याण विभाग की आकांक्षा योजना अंतर्गत कोचिंग हेतु प्रवेश (वर्ष 2020-21)

आवेदन हेतु प्रारंभ तिथि 20.02.2020

आवेदन हेतु अंतिम तिथि 20.03.2020

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु कक्षा 11वीं एवं 12वीं के नियमित अध्ययन के साथ- साथ एमपेनल्ड प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं के के माध्यम से IIT,JEE,NEET,AIIMS एवं CLAT की कोचिंग

पात्रता

1. आवेदक के माता-पिता/अभिभावक/स्वयं की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 6.00 लाख रू० से अधिक न हो।
2. आवेदक मध्य प्रदेश का मूल निवासी और अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो। (आवेदक का डिजिटल जाति प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है।)

1. योजना अंतर्गत कोचिंग संस्थाओं से कोचिंग हेतु आवेदक को सर्वप्रथम विभाग की वेबसाइट www.tribal.mp.gov.in/MPTASS पर अपना प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन कर ''आकांक्षा'' वर्ष 2020-21 हेतु आवेदन करना होगा । इसके लिए आवेदन लिंक पर क्लिक करके वांछित जानकारी भरकर सबमिट का बटन क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा।

2. एमपेनल्ड कोचिंग संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रमवार (IIT, JEE, NEET, AIIMS, CLAT) प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची एवं स्वीकृत सीट अनुसार एम्पेनल्ड कोचिंग संस्थानों द्वारा प्रवेश दिया जाएगा ।

योजना अंतर्गत देय सुविधायें :-
कोचिंग के साथ-साथ विद्यार्थियों को आवास, मेस एवं कक्षा 11वीं एवं 12वीं में नियमित शिक्षण की सुविधा भी प्रदान की जाऐगी।

नोट : परीक्षा तिथि, परीक्षा केन्द्रो को आवंटन एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए विभागीय वेबसाइट www.tribal.mp.gov.in पर पृथक से जानकारी प्रदर्शित किया जायेगी सभी विद्यार्थी वेबसाइट www.tribal.mp.gov.in पर प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करायें ।

आयुक्त, आदिवासी विकास मध्यप्रदेश

D-11353/R-43554/2020

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
PRE + MAINS
Hindi & English Medium
NEW BATCH : 27 FEB'2020
MPSI
NEW BATCH : 27 FEB'2020
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंज़िल, एम्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
6-A इंद्रपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973
R-43559/2020

महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट
MGICS For Civil Services
निरंतर टॉपर देने वाला संस्थान
TARGET
MAINS-19
MPPSC 2020
NEW BATCH START
25th February | 9:00 AM
ANSWER WRITING CLASSES
MAINS TEST SERIES
G-13, Ground Floor, Veda Business Park, Bhawarkuan, Indore | 0731-4955044, 7000925055
Plot No. 132, M.P. Nagar, Bhopal | Ph. 0755-4296457
R-43563/2020

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
पटवारी
भर्ती परीक्षा 2020
सम्भावित तिथि - मार्च अप्रैल 2020
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
कौटिल्य एकेडमी
भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
9827368224
0731-4226615
R-43561/2020

विनर्स
इंस्टीट्यूट, इन्दौर
संविदा शिक्षक वर्ग 3
MPSI आरक्षक
BATCHES
दिनांक 25 फरवरी
समय - 8 से 1 और 2 से 7
नये बैचेस प्रारंभ
फ्री ONLINE TEST SERIES | ONLINE CLASSES FACILITY
इन्दौर | Call : 9009335533
R-43562/2020

युवा पीढ़ी को रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी आवश्यकता -मुख्यमंत्री

छिन्दवाड़ा, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने छिन्दवाड़ा जिले के तामिया में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा है कि युवा पीढ़ी को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राज्य सरकार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है।

श्री कमल नाथ ने कहा कि मुझे पिछले चार दशकों से तामिया के लोगों का स्नेह मिल रहा है। यह स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। इस अंचल से मेरा पुराना नाता है। उन्होंने कहा कि तामिया क्षेत्र के विकास को विशेष प्राथमिकता दी जायेगी। श्री कमल नाथ ने बताया कि तामिया और हर्रई में युवाओं को कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे स्थानीय युवाओं को रोज़गार मिलेंगे तथा उनकी तथा उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकेगी।

मंदिरों के पर्यटन विकास के लिये चार करोड़ स्वीकृत

मुख्यमंत्री ने स्थानीय सांसद श्री नकुल नाथ की मांग पर तामिया विकासखण्ड के चार मंदिरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये चार करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ने पुराना छिन्दवाड़ा नहीं देखा है। पातालकोट के लोगों का अभी तक बाहरी दुनिया से कोई संबंध नहीं रहा है। श्री कमल नाथ ने कहा कि छिन्दवाड़ा जिले को और यहाँ की संस्कृति को विकसित करना हमेशा से मेरी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र में भी नई नीतियों और योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य कराये जायेंगे।

तामिया में होटलों की श्रंखला

सांसद श्री नकुल नाथ ने बताया कि तामिया में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये होटलों की श्रंखला शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के माध्यम से रोज़गार के अधिकाधिक अवसर निर्मित होंगे। कार्यक्रम में भजन गायिका श्रीमती संजो बघेल ने लोकगीत और भजन प्रस्तुत किये। जिले के प्रभारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट तथा विधायक श्री सुनील उइके, श्री सुजीत चौधरी और श्री नीलेश उइके तथा अन्य जन-प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

अधिक विद्युत देयक के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने तकनीकी गड़बड़ी के कारण अधिक विद्युत देयक के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के अधिकारियों से कहा है कि उपभोक्ता को बिलिंग में आ रही दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर करें। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा में उपभोक्ता मांगीलाल के घरेलू कनेक्शन का बिल अधिक आने की जानकारी ऊर्जा मंत्री के संज्ञान में लाई गई थी।

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSCको समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान- प्रयासKSG
Build Your Own Success Story
Our Proud Achievers
MPPSC
Rachna Sharma 2nd Rank
Gagan Bisen 8th Rank
Tanmay 15th Rank
तैयारी जीत की
MPPSC
2020
PRE+MAINS
WITH STUDY MATERIAL
New Batch Starting from 1st MARCH 2020
Both English and Hindi Medium
दिल्ली एवं म.प्र. के अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन
Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor, R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
7223901339, 0755-4940022
R-43560/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 08, 24.02.2020 से 01.03.2020

● प्रबंध संचालक - पी. नरहरि ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार) ● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2020

मध्यप्रदेश भारत के जंगल बहुल राज्यों में से एक महत्वपूर्ण राज्य है। क्षेत्रफल के लिहाज से मध्यप्रदेश, राजस्थान के बाद दूसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में पर्यटन-स्थलों की बहुतायत है। बाँधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश के सबसे खास पर्यटन स्थलों में से एक है। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघ अभ्यारण के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। यह उद्यान वन्य-जीव और बहुतायत में वनस्पतियों की वजह से एक बहुत ही सुंदर जंगल है। इसी तरह उज्जैन प्रदेश के सबसे प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक है। उज्जैन मालवा क्षेत्र में क्षिप्रा नदी के पूर्वी तट पर स्थित एक प्राचीन शहर है, जो कुंभ मेले के लिए देश के चार स्थलों में से एक है। उज्जैन हिंदुओं के लिए एक बड़ा धार्मिक स्थल है। यहाँ रोज़ बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री आते हैं। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग यहीं है। ग्वालियर मध्यप्रदेश राज्य का एक ऐतिहासिक शहर है। ग्वालियर अपने किले, स्मारकों, महलों और मंदिरों के लिए जाना जाता है। यह शहर चारों तरफ से सुंदर पहाड़ियों और हरियाली से घिरा हुआ है। जय विलास महल और सूर्य मंदिर ग्वालियर के कुछ ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जिन्हें देखने के बाद पर्यटक इन्हें भूल नहीं सकते। मशहूर शास्त्रीय संगीतकार तानसेन का मक़बरा भी यहां का एक महत्वपूर्ण स्थल है। प्रदेश में स्थित कान्हा नेशनल पार्क बाघ के साथ-साथ कई प्रकार के जंगली जानवरों का निवास स्थान है। यह पार्क 300 से अधिक प्रजातियों के साथ विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों और कई पक्षी जीवों की मेजबानी करता है। भेड़ाघाट, सांची, ओरछा, महेश्वर, पचमढ़ी, माण्डू, भीम-बैठका, ओंकारेश्वर, होशंगाबाद, भोजपुर, मढ़ई, अमरकंटक, शिवपुरी, कूनो-पालपुर वन्य जीव अभ्यारण्य और विदिशा प्रदेश के ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जिन्हें देखने के बाद ही इनका महत्व समझा जा सकता है। मध्यप्रदेश सरकार ने मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2020 का अनुमोदन कर दिया है। सरकार ने मध्यप्रदेश को फिल्म निर्माताओं के लिए प्रमुख आकर्षण बनाना एवं निजी निवेश को प्रोत्साहित करना तय किया है। इस नीति के अनुसार राज्य में फिल्म शूटिंग के माध्यम से कौशल विकास और रोज़गार सृजन किया जाएगा। फीचर फिल्म, टी.वी. सीरियल, टी.वी. शो, वेब सीरीज, वेब शो और डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग के लिए वित्तीय अनुदान के जरिए मध्यप्रदेश में शूटिंग को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश के स्थानों के प्रचार-प्रसार के लिए अधिक स्क्रीन टाइम के लिए विशेष अनुदान की व्यवस्था इस नीति में की गई है। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं और दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माताओं के लिए विशेष वित्तीय प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। स्थाई प्रकृति के बुनियादी ढांचे के निर्माण पर वित्तीय प्रोत्साहन, अनुदान और भूमि आवंटन जैसी व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार फिल्म निर्माताओं के लिए समय-सीमा में अनुमति की सुविधा और सहायता देना सुनिश्चित करेगी। प्रदेश शासन रियायती दरों पर एम.पी.एस., टी.डी.सी. की ईकाइयों में सेवाएं उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करेगी। फिल्म नीति क्रियान्वयन के लिए विशेष समर्पित फिल्म फेसीलिटेशन सेल का निर्माण भी किया जाएगा। सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए फिल्मांकन अनुमति के लिए संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय की भी व्यवस्था की जाएगी। राज्य शासन फिल्म सिटी, फिल्म स्टूडियो और कौशल विकास केंद्र के लिए राज्य में फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश में बुनियादी ढांचे जैसे आवास और परिवहन का विस्तृत जाल बिछाया जाएगा, जिससे फिल्म क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को आसानी होगी। शासन राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले आधारभूत ढांचे और सेवाओं जैसे हवाई जहाज, हेलिकॉप्टरों और सम्पत्तियों को नियमानुसार फिल्मकारों को उपलब्ध कराएगा। मध्यप्रदेश सरकार की मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2020 बहुआयामी है। रोज़गार के क्षेत्र में इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। फिल्म क्षेत्र में काम करने वाले तकनीशियनों के लिए भी यह अच्छा मौका होगा। आने वाले कुछ वर्षों में हमें इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

ब्रह्मांड को जानें

सूर्य

मंदाकिनी के केन्द्र से सूर्य की दूरी आधुनिक अनुमान के आधार पर 32,000 प्रकाश वर्ष है। सूर्य और उसके पड़ोसी तारे सामान्य तौर से एक गोलाकार कक्ष में 250 किलोमीटर प्रति सेकेण्ड की औसत गति से मंदाकनी के केन्द्र के चारों ओर परिक्रमा करते हैं। इस गति से केन्द्र के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में सूर्य को 25 करोड़ साल लगते हैं। यह अवधि ब्रह्मांड वर्ष कहलाती है। अन्य सभी तारों की तरह सूर्य मुख्य रूप से हाइड्रोजन से भरा है। इसके आंतरिक भाग में होने वाले आण्विक संधार्तो से इसमें ऊर्जा उत्पन्न होती है। यह हिसाब लगाया गया कि सूर्य प्रति सेकेण्ड हाइड्रोजन का लगभग दस खरब पाउण्ड उपयोग करता है। इस दर पर यह हाइड्रोजन के अपने भंडार को लगभग 5 अरब वर्षों में समाप्त कर लेगा और एक रक्त दानव बन जायेगा।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी

रमन प्रभाव ने सुलझाया आसमान और समुद्र के पानी के नीला होने का रहस्य

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, पत्रकार हैं)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें उन महान वैज्ञानिकों की याद दिलाता है, जिनके नए आविष्कारों और सिद्धांत की खोजों ने भारत को विश्व पटल पर एक विशेष पहचान दिलाई है। जिनकी वैज्ञानिक खोज देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए कार्यकारी सिद्ध हो रही हैं। आज के दिन भारत में एक ऐसे ही महान वैज्ञानिक की खोज ने विज्ञान के अनसुलझे रहस्य से पर्दा उठाया। वो थे, आधुनिक भारत के महान भौतिक शास्त्री और वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन, जिन्हें सर सीवी रमन के नाम से भी जाना जाता है। आज जब बच्चे अपने माता-पिता से पूछते हैं कि आसमान नीला क्यों दिखाई देता है। पानी हाथ में आने पर साफ दिखता है, लेकिन समुद्र नीला दिखता है, आखिर क्यों, तो इसका जवाब माता-पिता के पास यदि होता है तो इसकी वजह रमन प्रभाव है।

भारत में प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। प्रोफेसर सी.वी. रमन (चंद्रशेखर वेंकटरमन) ने सन् 1928 में कोलकाता में इसी दिन एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी, जो 'रमन प्रभाव' के रूप में प्रसिद्ध है। रमन की यह खोज 28 फरवरी 1930 को प्रकाश में आई थी। इस कारण 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्य के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1986 में राष्ट्रीय विज्ञान एवं तकनीकी संचार परिषद ने भारत सरकार को अनुशंसा की कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाए। 28 फरवरी 1986 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस घोषित किया गया और पहली बार इसे 28 फरवरी 1987 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया।

रोचक कहानी है रमन प्रभाव की

विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले डॉ. सी.वी. रमन पहले एशियाई वैज्ञानिक थे। रमन प्रभाव की बात करें तो इसकी कहानी भी बहुत ही रोचक है। 1920 में डॉ. सी.वी. रमन समुद्री मार्ग से स्वदेश लौट रहे थे। तब उन्होंने भू-मध्य सागर के जल में अनोखा नीला और दूधियापन का नजारा देखा था। कलकत्ता विश्वविद्यालय पहुंचते ही रमन ने वस्तुओं में प्रकाश के बिखरने का गहन अध्ययन शुरू कर दिया। लगभग सात वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद रमन इफेक्ट की खोज की गई।

क्या है रमन प्रभाव

रौशनी की किरणें एक पारदर्शी पदार्थ से गुजरने के बाद बंट जाती हैं। रौशनी के अलग होने के प्रोसेस को रमन स्कैटरिंग का नाम दिया गया और रौशनी अलग होने के कारण को रमन इफेक्ट कहा गया। इंसिडेंट रे ऑफ लाइट की तरंगें बिखरी हुई किरणों से अलग होती हैं।

अब भी जारी है खोज

रमन प्रभाव का उपयोग आज भी वैज्ञानिक क्षेत्रों में किया जा रहा है। भारत से अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान ने चांद पर पानी होने की घोषणा की तो इसके पीछे भी रमन स्पैक्ट्रोस्कोपी का ही कमाल था। फॉरेंसिक साइंस में भी रमन प्रभाव काफी उपयोगी साबित हो रहा है। अब यह पता लगाना आसान हो गया है कि कौन-सी घटना कब और कैसे हुई थी। डॉ. सी.वी. रमन ने जिस दौर में खोज की थी उस समय काफी बड़े और पुराने किस्म के यंत्र हुआ करते थे। रमन ने रमन प्रभाव की खोज इन्हीं यंत्रों की मदद से की थी। आज रमन प्रभाव ने ही तकनीक को पूरी तरह बदल दिया है। अब हर क्षेत्र के वैज्ञानिक रमन प्रभाव के सहारे कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं।

संगीत, संस्कृत और विज्ञान का सानिध्य मिला

रमन संगीत, संस्कृत और विज्ञान के वातावरण में बड़े हुए। वह अपने पिता को घंटों वीणा बजाते हुए देखते रहते थे। वह हर कक्षा में प्रथम आते थे। रमन ने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' में बी.ए. में प्रवेश लिया। 1905 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले वह अकेले छात्र थे और उन्हें उस वर्ष का 'स्वर्ण पदक' भी प्राप्त हुआ। उन्होंने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' से ही एम.ए. में प्रवेश लिया और मुख्य विषय के रूप में भौतिक शास्त्र को लिया। एम.ए. करते हुए रामन कक्षा में यदा-कदा ही जाते थे। प्रोफेसर आर.एल. जॉन्स जानते थे कि यह लड़का अपनी देखभाल स्वयं कर सकता है। इसलिए वह उसे स्वतंत्रतापूर्वक पढ़ने देते थे। आमतौर पर रामन कॉलेज की प्रयोगशाला में कुछ प्रयोग और खोजें करते रहते। वह प्रोफेसर का 'फ़ेबरी-पिराट इन्टरफ़ेरोमीटर' का इस्तेमाल करके प्रकाश की किरणों को नापने का प्रयास करते। रमन की मनःस्थिति का अनुमान प्रोफ़ेसर जॉन्स भी नहीं लगा पाते थे कि रमन किस चीज़ की खोज में हैं और क्या खोज हुई है। उन्होंने रमन को सलाह दी कि अपने परिणामों को शोध पेपर की शक्ल में लिखकर लन्दन से प्रकाशित होने वाली 'फ़िलॉसफ़िकल पत्रिका' को भेज दें। सन् 1906 में पत्रिका के नवम्बर अंक में उनका पेपर प्रकाशित हुआ। विज्ञान को दिया रमन का यह पहला योगदान था। उस समय वह केवल 18 वर्ष के थे।

नौकरी के साथ करते रहे वैज्ञानिक प्रयोग

विज्ञान के प्रति प्रेम, कार्य के प्रति उत्साह और नई चीज़ों को सीखने का उत्साह उनके स्वभाव में था। उनकी प्रतिभा से उनके अध्यापक तक अभिभूत थे। श्री रमन के बड़े भाई 'भारतीय लेखा सेवा' में कार्यरत थे। रमन भी इसी विभाग में काम करना चाहते थे इसलिए वे प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा से एक दिन पहले एमए का परिणाम घोषित हुआ जिसमें उन्होंने 'मद्रास विश्वविद्यालय' के इतिहास में सर्वाधिक अंक अर्जित किए और वे लेखा सेवा की परीक्षा में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर कलकत्ता में उपमहालेखा अधिकारी बन गए। एक दिन वे अपने कार्यालय से लौट रहे थे कि उन्होंने एक साइन-बोर्ड देखा- इंडियन एसोसिएशन फॉर कल्टीवेशन ऑफ साइंस। इसे देख उनके अंदर की वैज्ञानिक इच्छा जाग गई। डॉ. महेन्द्र लाल सरकार द्वारा इस संस्थान को स्थापित किया गया था। वे दिन भर अपने दायित्व का निर्वाह करने में व्यस्त रहते और शाम से देर रात तक प्रयोगशाला में समय बिताते। उनका प्रारंभिक कार्य वाद्य यंत्रों की कार्यप्रणाली से जुड़े विज्ञान के अन्वेषण से संबद्ध रहा। रमन का विज्ञान के प्रति समर्पण इतना तीव्र था कि 1917 में जब पहली बार कलकत्ता विश्वविद्यालय में फिजिक्स के प्रोफेसर का चयन होना था, तो वहां के कुलपति आशुतोष मुखर्जी ने इसके लिए सीवी रमन को आमंत्रित किया। रमन ने उनका निमंत्रण स्वीकार करके अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर लगभग आधी तन्ख्वाह पर इस पद को स्वीकार कर लिया।

मैं आपको एक साल में नोबेल पुरस्कार लाकर दूंगा

प्रतिभा ही नहीं सीवी रमन का खुद के प्रति एक दृढ़ आत्मविश्वास भी था। इसकी बानगी इस घटना से मिलती है कि जब उनके पास स्पेक्ट्रोग्राफ खरीदने के लिए पैसे नहीं थे, लेकिन उनके पास एक आइडिया था, जिससे नोबेल पुरस्कार जीता जा सकता था। तब उन्होंने उस दौर में उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला को एक पत्र लिखा कि, आप मुझे स्पेक्ट्रोग्राफ खरीदने के लिए पैसे दीजिए, अगर आपने मुझे यह पैसे दिए तो मैं आपसे वायदा करता हूं कि मैं आपको एक साल में नोबल पुरस्कार लाकर दूंगा। जीडी बिड़ला ने उनकी मांग पूरी की। इसके बाद उन्होंने एक रिसर्च पेपर इंडियन जर्नल ऑफ फिजिक्स और नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों नील्स बोर, अर्नेस्ट रदरफोर्ड, और अन्य को भेजा। रमन ने उन्हें लिखा कि, मुझे लगता है कि यह नोबेल पुरस्कार जीतने लायक खोज है, आपको मेरे नाम की अनुशंसा नोबल पुरस्कार के लिए करनी चाहिए। उसके बाद क्या हुआ यह सबको पता है। वह भी जानते थे कि पुरस्कार उन्हें ही मिलेगा। उन्होंने नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित होने से चार महीने पहले ही स्टॉकहोम जाने का हवाई टिकट बुक करा लिया था। पुरस्कार लेने के लिए वे अपनी पत्नी के साथ समय के पहले ही स्टॉकहोम पहुंच गए।

अहसास हुआ कि अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं

सीवी रमन को जब नोबेल पुरस्कार मिला तो उन्होंने कहा था कि 'जब नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई थी तो मैं ने इसे अपनी व्यक्तिगत विजय माना, मेरे लिए और मेरे सहयोगियों के लिए एक उपलब्धि-एक अत्यंत असाधारण खोज को मान्यता दी गई है, उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जिसके लिए मैंने सात वर्षों से काम किया है। लेकिन जब मैंने उस खचाखच हॉल में देखा कि इर्द-गिर्द पश्चिमी चेहरों का समुद्र और मैं, केवल एक ही भारतीय, अपनी पगड़ी और बन्द गले के कोट में था, तो मुझे लगा कि मैं वास्तव में अपने लोगों और अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। जब किंग गुस्टाव ने मुझे पुरस्कार दिया तो मैंने अपने आपको वास्तव में विनम्र महसूस किया, यह भावप्रवण पल था, लेकिन मैं अपने ऊपर नियंत्रण रखने में सफल रहा।

(फोटो गूगल से साभार)

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

नौसेना भौतिक एवं समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला

थिक्काकारा डाकघर, कोच्चि, केरल-682 021

विज्ञा. सं. एनपीओएल/टीए/01/2020

ट्रेड प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के लिये चयन हेतु अधिसूचना

(1961, 1973 और 2014 में यथा संशोधित प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 के अधीन)

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा मंत्रालय के अधीन नौसेना भौतिक एवं समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला नीचे दिये गये विवरणानुसार समय-समय पर यथा संशोधित प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अधीन ट्रेड प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के लिये निम्नलिखित ट्रेड प्रशिक्षुता प्रशिक्षण सीटों की उपलब्धता एतद्द्वारा अधिसूचित करता है:

क्र. सं.	ट्रेड/विषय क्षेत्र	शैक्षणिक अर्हता	प्रशिक्षण स्थानों की संख्या	चयन प्रक्रिया की तिथि और समय
1.	फिटर	फिटर ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई	04	11.03.2020 बुधवार 0900 बजे
2.	टर्नर	टर्नर ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई	02	
3.	मशीनिस्ट	मशीनिस्ट ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई	03	
4.	ड्राफ्टसमैन (मैके.)	ड्राफ्टसमैन (मैके.) ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई	11	
5.	टूल एंड डाई मेकर (डाई एवं मोल्ड)	टूल और डाई मेकर में तीन वर्षीय आईटीआई	01	
6.	इंजेक्शन मोल्डिंग मशीन ऑपरेटर	प्लास्टिक प्रोसेसिंग सेक्टर और इंजेक्शन मोल्डिंग प्रोसेस में एक वर्षीय आईटीआई	01	
7.	वैल्डर (गैस और इलेक्ट्रिक)	वैल्डर ट्रेड में एक वर्षीय आईटीआई	02	
8.	इलेक्ट्रानिक मैकेनिक	इलेक्ट्रानिक मैकेनिक में दो वर्षीय आईटीआई	06	12-03-2020 बृहस्पतिवार 0900 बजे
9.	इलेक्ट्रिशियन	इलेक्ट्रिशियन में दो वर्षीय आईटीआई	03	
10.	सीओपीए	सीओपीए में एक वर्षीय आईटीआई	03	
11.	सचिवालय सहायक	आशुलिपिक (अंग्रेजी) और सचिवालय प्रेक्टिस में एक वर्षीय आईटीआई	01	
12.	फ्रंट ऑफिस सहायक	फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्कीम और एडवांस्ड मॉड्यूल ऑफ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्कीम के अधीन आतिथ्य क्षेत्र में एक वर्षीय ब्रॉड बेस्ड बेसिक ट्रेनिंग	04	

II. इच्छुक उम्मीदवार, जो भारतीय नागरिक हैं और ऊपर बताये अनुसार शैक्षणिक अर्हताएं तथा यहां विनिर्दिष्ट अन्य पात्रता मानदंड पूरा करते हैं, **ट्रेड/विषय क्षेत्र के अधीन दर्शाई गई तिथियों को प्रातः 09.00 बजे और प्रातः 09.30 बजे के बीच रिपोर्ट करेंगे** तथा डीआरओएमआई, एनपीओएल (लैंडमार्क-निकट एसबीआई एनपीओ एल थिक्काकारा शाखा कोच्चि) में चयन प्रक्रिया के लिये निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों: (i) अपनी अर्हताओं/आयु/जाति/अनुभव के समर्थन में **मूल रूप** में सभी प्रमाणपत्र/दस्तावेज, (ii) संलग्न निर्धारित प्रोफार्मा में विधिवत पूर्ण आवेदन-पत्र साथ में उस पर हाल का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ और (iii) सभी प्रमाणपत्रों/शंसा पत्रों की स्वयं सत्यापित एक प्रति.

III. उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के लिये उपस्थित होते समय **www.apprenticeship** पर अपने नाम रजिस्टर करेंगे.

I. प्रशिक्षुओं के चयन के लिये शर्तें एवं निबंधन:

1. प्रशिक्षण की अवधि 1 अप्रैल, 2020 से आरंभ होकर 12 माह के लिये होगी.
2. प्रतिमाह दी जाने वाली सांकेतिक वृत्तिका दो और तीन वर्षीय आईटीआई धारकों के लिये रु. 8050/- तथा एक वर्षीय आईटीआई धारकों के लिये रु. 7700/- होगी.
3. आरक्षण समय-समय पर यथा संशोधित प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 और प्रशिक्षुता नियम 1992 के प्रावधानों के अनुरूप होगा. अजा/अजजा/अपिव-गैर संपन्न वर्ग से संबंधित आवेदक भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी से जारी अपना जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे.
4. चयनित उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच होगी और प्रशिक्षुता के अनुबंध के निष्पादन से पहले चिकित्सा की दृष्टि से फिट घोषित करना अपेक्षित होगा.
5. प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों का सत्यापन चयन प्रक्रिया के आयोजन से पहले किया जाना है तथा विनिर्दिष्ट अर्हता में कोई कमी पाये जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी सरसरी तौर पर नामंजूर कर दी जायेगी.
6. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में बुलाये गये आवेदकों को कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जायेगा.
7. चयनित उम्मीदवारों को यथा संशोधित प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 तथा इसके अधीन बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुरूप प्रशिक्षण की एक वर्ष की अवधि के लिये एक अनुबंध निष्पादित करना होगा. चयनित प्रशिक्षुओं को एनपीओएल द्वारा कोई आवास सुविधा नहीं दी जायेगी.
8. चयन प्रक्रिया के लिये आने से पहले, उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वे विज्ञापन में वर्णित पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें पूरी करते हैं.
9. **प्रशिक्षुता अवधि पूरी करने के उपरांत, एनपीओएल, कोच्चि पर ऐसे प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान करने का दायित्व नहीं होगा और न ही प्रशिक्षु को प्रशिक्षुता पूरी करने के आधार पर रोजगार प्राप्त करने के लिये दावा करने का अधिकार होगा.**
10. तथ्य छिपाये जाने से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अयोग्य ठहराया जा सकता है.
11. जो किसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पहले ही प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं अथवा किसी संगठन में वर्तमान में प्रशिक्षु हैं उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.
12. एनपीओएल के पास प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिये सीटों की संख्या बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित है.
13. किसी भी उम्मीदवार द्वारा या उसकी ओर से प्रशिक्षुओं के चयन की प्रक्रिया को प्रभावित करने के इरादे पर कोई सिफारिश या व्यक्तिगत दबाव डाले जाने से उम्मीदवार की उम्मीदवारी तत्काल निरस्त की जा सकती है.
14. पात्रता, उम्मीदवार की स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता, चयन की पद्धति, चयन प्रक्रिया को अंशतः या पूर्णतः बगैर कोई कारण बताये निरस्त किये जाने सहित सभी मामलों के संबंध में निदेशक, एनपीओएल का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिये बाध्यकारी होगा. इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा. एनपीओएल, कोच्चि द्वारा सीटें भरने का अधिकार पूरी तरह से उम्मीदवारों की सुयोग्यता पर आधारित होगा और यदि कुछ सीटें उम्मीदवारों की अनुपयुक्तता/अपर्याप्त संख्या के कारण खाली रह जाती हैं तो नियुक्ति के लिये किसी प्रकार का कोई दावा उत्पन्न नहीं होगा.
15. किसी विवाद के मामले में कानूनी प्रक्रिया का अधिकार क्षेत्र एर्णाकुलम में केरल उच्च न्यायालय होगा.
16. यदि चयन प्रक्रिया के लिये बड़ी संख्या में उम्मीदवार उपस्थित हो रहे हैं, सक्षम प्राधिकारी परीक्षा/व्यक्तिगत विचारविमर्श के आधार पर उम्मीदवारों की संख्या अल्पसूचीबद्ध कर सकते हैं.
17. विज्ञापन का विवरण ऑनलाइन **www.apprenticeship.gov.in** से भी प्राप्त किया जा सकता है.
18. उम्मीदवार पीडीएफ फार्मेट में ई-मेल आईडी **trainingofficer@npol.drdo.in** के जरिए भी आवेदन-पत्र **06 मार्च 2020 तक** प्रेषित कर सकते हैं.

निदेशक
एनपीओएल, कोच्चि

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
नौसेना भौतिक एवं समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला
थिक्काकारा डाकघर, कोच्चि, केरल-682 021

विज्ञापन सं. एनपीओएल/टीए/01/2020 के लिये आवेदन प्रपत्र

1. **विज्ञापन सं.**
2. **प्रशिक्षुता पंजीकरण संख्या**
3. **ट्रेड, जिसमें प्रशिक्षुता के लिये आवेदन किया गया है**
4. **नाम**
5. **पिता का नाम**
6. **राष्ट्रीयता**
7. **जन्म तिथि**
8. **चयन प्रक्रिया की तिथि को आयु**
9. **श्रेणी (अना/अजा/अजजा/अपिव/शावि)**
10. **ई-मेल पता**
11. **फोन नं./मोबाइल नं.**
12. **पत्राचार का पता**
13. **स्थाई पता**
14. शैक्षणिक अर्हताएं .....

स्वयं सत्यापित हाल का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ

शैक्षणिक अर्हताएं (तकनीकी/व्यावसायिक अर्हता सहित)	बोर्ड /विश्वविद्यालय का नाम	उत्तीर्ण का वर्ष	ग्रेड/अंक प्रतिशतता

15. क्या कोई प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त किया है अथवा प्राप्त/जारी रोजगार अनुभव

नियोक्ता/संगठन का नाम	ट्रेड	से	तक	प्राप्त वृत्तिका

मैं जानता हूं कि मेरे द्वारा आवेदित ट्रेड प्रशिक्षुता पूरी तरह से अस्थाई है और प्रशिक्षुता पूरी करने के आधार पर रोजगार के लिये कोई अधिकार नहीं होगा. मैं आगे घोषणा करता हूं कि आवेदन पत्र में दिया गया सभी विवरण और प्रेषित सूचना मेरी अच्छी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है तथा मैंने कोई तथ्य या सूचना को नहीं छिपाया है.

(उम्मीदवार का हस्ताक्षर)

तिथि : .....

टिप्पणी : उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के लिये अपने साथ विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र लेकर आना चाहिये. आवेदन पत्र डाक/ई-मेल आदि से स्वीकार नहीं किया जायेगा.

विज्ञा.सं.यू.आर.एस.सी.:01:2020 फरवरी 15, 2020

सत्यमेव जयते

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
यू.आर. राव उपग्रह केंद्र
(पहले इसरो उपग्रह केंद्र के नाम से जाना जाता था)
बेंगलूरु

इसरो ISRO

तकनीशियन–बी./ड्राफ्ट्समैन–बी./तकनीकी सहायक/वैज्ञानिक सहायक/ ग्रंथालय सहायक/हिंदी टंकक/कैटरिंग परिचर–ए/कुक/फायरमैन–ए/ लघु वाहन चालक–'ए' / भारी वाहन चालक – 'ए' की भर्ती

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इसरो में नौकरी के लिए जाली नियुक्ति प्रस्ताव पर ध्यान न दें

1. कर्नाटक राज्य के बेंगलूरु में स्थित यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (यू.आर.एस.सी.) उपग्रह प्रौद्योगिकी के लिए इसरो का अग्रणी केन्द्र है। यू.आर.एस.सी. अंतरिक्षयान की संकल्पना, अभिकल्प, विकास, संविरचन, परीक्षण, प्रमोचन एवं कक्षीय प्रबंधन के प्रति अंतरिक्षयान प्रौद्योगिकी में अग्र है। अंतरिक्षयान के विकास के अपने अधिदेश के परिणाम के रूप में, केन्द्र अंतरिक्षयान के अभिकल्प, विकास, संविरचन एवं परीक्षण हेतु अपनी गतिविधियों एवं अवसंरचना स्थापना के संबंध में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास में लगा हुआ है। चार दशकों की अवधि में, यू.आर.एस.सी. ने सफलतापूर्वक भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह (इन्सैट) प्रणाली की स्थापना की है, जो एशिया–प्रशांत क्षेत्र में बृहतम् घरेलू संचार उपग्रह प्रणालियों में से एक है तथा भारतीय सुदूर संवेदी (आई.आर.एस.) प्रणाली जो प्रचालन में भू–प्रेक्षण उपग्रहों के बृहतम् तारा–मंडलों में से एक है, प्रचालन में है। भारतीय तारा–समूह सहित नौसंचालन (नाविक), क्रांतिक राष्ट्रीय अनुप्रयोगों के लिए सात उपग्रहों के तारा–समूह के साथ क्षेत्रीय स्थिति प्रणाली पर आधारित एक स्वतंत्र भारतीय उपग्रह को जल्द ही प्रचालनीकृत किया जाएगा। मंगल कक्षित्र मिशन, चन्द्रयान–1, एस्ट्रोसैट जैसे कुछ वैज्ञानिक एवं अन्वेषण मिशनों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। यू.आर.एस.सी. द्वारा किए जाने वाले भविष्य के मिशन अत्यंत चुनौतिपूर्ण हैं एवं नवीनतम प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए अवसर उपलब्ध कराते हैं तथा अंतरिक्ष अन्वेषण एवं उससे परे के लिए उन्नत आधारभूत संरचना की स्थापना करते हैं।

2. यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (यू.आर.एस.सी.) बेंगलूर निम्नलिखित अस्थायी पद जो अनिश्चित अवधि तक रहने की संभावना है, के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है

नोट:

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सॉफ्ट प्रतियों में निम्नलिखित फाइल/दस्तावेज़ों की आवश्यकता अनिवार्य है: ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने के लिए **अभ्यर्थी की नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ (अधिकतम 50 के.बी. का जे.पी.जी./जेपेग फाइल) की आवश्यकता होगी। यदि अभ्यर्थी का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ के अतिरिक्त** अन्य **किसी इमेज के अपलोड किए जाने के मामले में, ऐसे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए, कृपया पद सं. पर क्लिक करें, जिसके लिए आप आवेदन देना चाहते हैं

पद कोड	शिक्षण/क्षेत्र	रिक्त पदों की संख्या	के लिए अनारक्षित/आरक्षित	आवश्यक न्यूनतम अर्हता व अनुभव	चयन का तरीका
			तकनीशियन–बी		
001	इलेक्ट्रॉनिक्स–मैकेनिक/तकनीशियन पॉवर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स/मैकेनिक कंस्यूमर इलेक्ट्रॉनिक एप्लाइएन्सेस/मैकेनिक इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स	50	(अना.–22, अ.पि.व.–12, अ.जा.–08, अ.ज.जा.–03, ई.डब्ल्यू.एस.–05) (50 रिक्त पदों में से, 03–अना. पद तथा 01–अ.जा. पद एम.सी.एफ, हासन के लिए निर्धारित हैं) (यू.आर.एस.सी. की 46 रिक्त पदों में से, 1 पद पी.डब्ल्यू.बी.डी. (वी.एच.) के लिए आरक्षित है)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से इलेक्ट्रॉनिक्स–मैकेनिक/तकनीशियन पॉवर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स/मैकेनिक कंस्यूमर इलेक्ट्रॉनिक एप्लाइएन्सेस/मैकेनिक इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)
002	फिटर	17	(अना–05, अ.पि.व.–05, अ.जा.–03, अ.ज.जा.–01, ई.डब्ल्यू.एस.–03)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से फिटर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
003	इलेक्ट्रिकल	11	(अना.–06, अ.वि.व.–02, अ.जा.–01, अ.ज.जा.–01, ई.डब्ल्यू.एस. –01) (11 रिक्त पदों में से 01–अना., 01–अ.पि.व.,01– ई.डब्ल्यू.एस. रिक्त पद एम.सी.एफ., हासन के लिए निर्धारित हैं।) (यू.आर.एस.सी. की 08 रिक्त पदों में से, 1 पद पी.डब्ल्यू.बी.डी.–ऑटिस्म के लिए आरक्षित है)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से इलेक्ट्रिकल ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
004	प्लंबर	05	(अना.–02, अ.पि.व.–01, अ.जा.–01, अ.ज.जा.–01) (सभी 05 रिक्त पद एम.सी.एफ., हासन के लिए निर्धारित हैं)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से प्लंबर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
005	रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कंडीशनिंग (आर. व ए./सी.)	08	(अना.–04, अ.पि.व.–02, अ.जा.–01, अ.ज.जा.–01) (08 रिक्त पदों में से, 01–अना., 01–अ.पि.व.01–अ.ज.जा. रिक्त पद एम.सी.एफ. हासन के लिए निर्धारित हैं	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कंडीशनिंग (आर. व ए./सी.) ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
006	टर्नर	03	(अ.पि.व.–02, अ.जा.–01)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन +एन.सी.वी.टी. से टर्नर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
007	मशीनिस्ट (ग्राइंडर)	03	(अ.पि.व.–02, अ.जा.–01)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से मशीनिस्ट (ग्राइंडर) ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
008	मोटर वेहिकल मैकेनिक	01	(अना.–01)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से मोटर वेहिकल मैकेनिक ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
009	फोटोग्राफी/ डिजिटल फोटोग्राफी	01	(अना.–01)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से फोटोग्राफी/डिजिटल फोटोग्राफी ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
010	मशीनिस्ट	01	(अना.–01)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से मशीनिस्ट ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	

विज्ञा.सं.यू.आर.एस.सी.:01:2020 फरवरी 15, 2020

सत्यमेव जयते

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
यू.आर. राव उपग्रह केंद्र
(पहले इसरो उपग्रह केंद्र के नाम से जाना जाता था)
बेंगलूरु

इसरो isro

पद कोड	शिक्षण/क्षेत्र	रिक्त पदों की संख्या	के लिए अनारक्षित/आरक्षित	आवश्यक न्यूनतम अर्हता व अनुभव	चयन का तरीका
011	इलेक्ट्रोप्लेटिंग	01	(अना.-01)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से इलेक्ट्रोप्लेटिंग ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)
012	वेल्डर	01	(अना.-01)	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से वेल्डर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	
			ड्राफ्ट्समैन-बी.		
013	ड्राफ्ट्समैन-मैकेनिकल	03	(अना.-01, अ.पि.व.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-01) (03 रिक्त पदों में से, 01 रिक्त पद पी.डब्ल्यू.बी.डी. (एच.एच.) के लिए आरक्षित है	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से ड्राफ्ट्समैन-मैकेनिकल ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.	लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)
			तकनीकी सहायक		
014	मैकेनिकल	13	अना.-06, अ.पि.व.-03, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-01) (13 रिक्त पदों में से, 01 -अना. रिक्त पद एम.सी.एफ., हासन के लिए निर्धारित है	मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से मैकेनिकल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी	लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)
015	इलेक्ट्रॉनिक्स्	17	अना.-07, अ.पि.व.-03, अ.जा.-04, अ.ज.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-02) (17 रिक्त पदों में से, 01-अना., 01-अ.जा., रिक्त पद एम.सी.एफ., हासन के लिए निर्धारित है	मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से इलेक्ट्रॉनिक्स् अभियांत्रिकी में डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी	
016	कंप्यूटर विज्ञान	05	(अना.-01, अ.पि.व.-02, अ.जा.-01, अ.ज.जा.-01) (05 रिक्त पदों में से, 01 रिक्त पद पी.डब्ल्यू.बी.डी. (ओ.एच.) के लिए आरक्षित है)	मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी में डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी	
017	ऑटोमोबाइल	01	(अना.-01)	मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से ऑटोमोबाइल अभियांत्रिकी में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा	
018	इलेक्ट्रिकल	02	(अना.-02) (02 रिक्त पदों में से, 01 -अना., रिक्त पद एम.सी.एफ., हासन के लिए निर्धारित है	मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से.इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी	
019	इंस्ट्रूमेंटेशन	02	(अन.-01, अ.पि.व. -01)	मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से इंस्ट्रूमेंटेशन अभियांत्रिकी में डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी	
020	सिविल	01	(अ.पि.व.-01) (यह रिक्त पद एम.सी.एफ., हासन के लिए निर्धारित है	मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी	
			ग्रंथालय सहायक		
021	ग्रंथालय सहायक	04	(अना.-01,अ.पि.व.-01, अ.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस - 01) (यू.आर.एस.सी. की 03 रिक्त पदों में से, 01 रिक्त पद पी.डब्ल्यू.बी.डी.-ऑटिस्म के लिए आरक्षित है 01-अना. (पी.डब्ल्यू.बी.डी.-ओ.एच./एक हाथ, एक पैर) रिक्त पद एम.सी.एफ.,.हासन के लिए निर्धारित है	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से ग्रंथालय विज्ञान/ ग्रंथालय व सूचना विज्ञान या समतुल्य में स्नातक + प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री	लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (कंप्यूटर ज्ञान)
			वैज्ञानिक सहायक		
022	रसायन विज्ञान	02	(अना.-01, अ.जा.-01)	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से बी.एस.सी. (रसायन विज्ञान) में प्रथम श्रेणी में स्नातक	लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)
023	भौतिक विज्ञान	03	(अना.-01,अ.पि.व.-01, अ.जा.-01)	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से बी.एस.सी. (भौतिक विज्ञान) में प्रथम श्रेणी में स्नातक	
024	एनिमेशन व मल्टीमीडिया	01	(अ.पि.व.-01)	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से बी.एस.सी. (एनिमेशन व मल्टीमीडिया) में प्रथम श्रेणी में स्नातक	
025	इलेक्ट्रॉनिक्स	01	(अना.-01) (यह रिक्त पद एम.सी.एफ., हासन के लिए निर्धारित है	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से बी.एस.सी. (इलेक्ट्रॉनिक्स) में प्रथम श्रेणी में स्नातक	

विज्ञा.सं.यू.आर.एस.सी.:01:2020 फरवरी 15, 2020

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (पहले इसरो उपग्रह केंद्र के नाम से जाना जाता था) बेंगलूरु

पद कोड	शिक्षण/क्षेत्र	रिक्त पदों की संख्या	के लिए अनारक्षित/आरक्षित	आवश्यक न्यूनतम अर्हता व अनुभव	चयन का तरीका
			हिंदी टंकक		
026	**हिंदी टंकक**	02	**(अना.-02)** **(02 रिक्त पदों में से,** **01-अना. रिक्त पद इस्ट्रैक, बेंगलूरु के लिए निर्धारित है**	1. विश्वविद्यालय द्वारा घोषित प्रथम श्रेणी के साथ कला/विज्ञान/वाणिज्य/प्रबंधन/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक 2. अभ्यर्थी ने मैट्रिकुलेशन/स्नातक स्तर पर एक विषय के रुप में हिन्दी का अध्ययन किया हो अथवा हिन्दी माध्यम से उक्त में से किसी एक में उत्तीर्ण होना चाहिए 3. कंप्यूटर पर प्रति मिनट 25 शब्दों की हिन्दी टंकण स्पीड 4. कंप्यूटर प्रयोग में ज्ञान 5. अंग्रेज़ी टंकण में ज्ञान (वांछनीय अर्हता)	**लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (कंप्यूटर ज्ञान)**
			कैटरिंग परिचर - ए		
027	**कैटरिंग परिचर - ए**	05	**(अना.-03, अ.पि.व.-01, अ.ज.जा.-01)** **''05 रिक्त पदों में से, 01 रिक्त पद पी.डब्ल्यू.बी.डी. (लो विज़न) के लिए आरक्षित है''**	एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी. अथवा इसके समतुल्य में उत्तीर्ण	**लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा**
			कुक		
.028	**कुक**	05	**(अना.-04, ई.डब्ल्यू.एस.-01)**	1. एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी. अथवा इसके समतुल्य में उत्तीर्ण 2. किसी भी प्रतिष्ठित होटल/कैंटीन, में कुक के रुप में उसी क्षमता में 05 वर्षों का अनुभव 3. प्रत्येक व्यक्ति से जारी अनुभव प्रमाण-पत्रों की स्वीकृति नहीं की जाएगी	**लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा**
			फायरमैन ए		
029	**फायरमैन ए**	04	**(अना.-01, अ.पि.व.-01, अ.ज.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-01)**	1. एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी. अथवा इसके समतुल्य में उत्तीर्ण 2. निर्धारित शारीरिक स्वस्थता मानक एवं क्षमता परीक्षा मानक को पूरा करना होगा अधिक जानकारी हेतु ''चयन प्रक्रिया'' के पैरा 7 को देखें	**लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (क्षमता परीक्षा)**

(तकनीशियन-बी, ड्राफ्ट्समैन-बी, हिंदी टंकक, कैटरिंग परिचर-ए, कुक, फायरमैन-ए एवं चालक-सह-प्रचालक के कुल रिक्त पदों में से, यू.आर.एस.सी. के 15 रिक्त पद एवं एम.सी.एफ. का 02 रिक्त पद भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित हैं।)

			लघु वाहन चालक 'ए'		
030	**लघु वाहन चालक-'ए'**	04	**भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित**	1. एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी. अथवा इसके समतुल्य में उत्तीर्ण 2. लघु वाहन चालक के रुप में 03 वर्षों का अनुभव 3. वैध एल.वी.डी. लाइसेंस होना चाहिए 4. पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 3 माह के अंदर कर्नाटक राज्य के मोटर वेहिकल अधिनियम की किसी भी अपेक्षा को पूरा करना होगा 5. वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के उपरांत ही सभी निर्धारित अनुभव प्राप्त किया होना चाहिए 6. अनुभव प्रमाण-पत्र केवल सरकारी/अर्ध-सरकारी एजेंसी/पंजीकृत कंपनी/सोसाइटी/ट्रस्ट इत्यादि से ही होना चाहिए। किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया अनुभव प्रमाण-पत्र को स्वीकृत नहीं किया जाएगा। 7. अनुभव वर्षों की गणना के लिए अंश कालिक अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा। 8. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख के अनुसार आवेदक के पास अपेक्षित अर्हता, अनुभव एवं सार्वजनिक सेवा बैंड्ज होना चाहिए	**लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (ड्राइविंग परीक्षा)**

विज्ञा.सं.यू.आर.एस.सी.:01:2020 फरवरी 15, 2020

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (पहले इसरो उपग्रह केंद्र के नाम से जाना जाता था) बेंगलूरु

पद कोड	शिक्षण/क्षेत्र	रिक्त पदों की संख्या	के लिए अनारक्षित/आरक्षित	आवश्यक न्यूनतम अर्हता व अनुभव	चयन का तरीका
			भारी वाहन चालक – 'ए'		
031	भारी वाहन चालक – 'ए'	05	भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित	1. एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी. अथवा इसके समतुल्य में उत्तीर्ण 2. 05 वर्षों का अनुभव, इसमें से न्यूनतम 03 वर्षों का अनुभव भारी वाहन चालक के रुप में तथा बाकी के समय में लघु वाहन चालक के रुप में अनुभव 3. वैध एच.वी.डी. लाइसेंस एवं सार्वजनिक सेवा बेड्ज होना चाहिए, यदि सांविधिक हो तो, (यदि किसी राज्य में सार्वजनिक बेड्ज अनिवार्य न होने की स्थिति में, ऐसे राज्यों से आवेदक को कर्नाटक में पदभार ग्रहण करने के 3 माह के अंदर इस अपेक्षा को पूरा करना होगा। 4. वैध ड्राइविंग लाइसेंस के प्राप्त करने के उपरांत ही सभी निर्धारित अनुभव होना चाहिए 5. अनुभव प्रमाण–पत्र केवल सरकारी/अर्ध–सरकारी एजेंसी/पंजीकृत कंपनी/सोसाइटी/ट्रस्ट इत्यादि से ही होना चाहिए। किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया अनुभव प्रमाण–पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। 6. अनुभव वर्षों की गणना के लिए अंश कालिक अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा। 7. विभाग में कार्यरत एल.वी.डी. जो प्रतिमानक को पूरा करते हैं और आवेदन देने हेतु पात्र हैं, अपनी इच्छानुसार बाह्य आवेदकों के साथ आवेदन दे सकते हैं 8. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख के अनुसार आवेदक के पास अपेक्षित अर्हता, अनुभव एवं सार्वजनिक सेवा बैड्ज होना चाहिए	लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा (ड्राइविंग परीक्षा)

नोट:

1. अभ्यर्थी जिनकी नियुक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी. तथा भूतपूर्व सैनिक कोटा के तहत की गई है; को अनु.जा/अनु.ज.जा./अ.पि.व./ई.डब्ल्यू.एस./अना. के संबंधित वर्गों के रिक्त पदों में समायोजित किया जाएगा। केवल ऐसे व्यक्ति जो 40% से कम संबंधित अशक्तता से पीड़ित हैं, वे ही नियमों के तहत अनुमेय आरक्षण के लाभार्थ तथा अन्य छूट के लिए पात्र होंगे।

2. निर्देशित दिव्यांग व्यक्ति (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) एवं भूतपूर्व सैनिक यदि उनके लिए आरक्षित न होने पर भी ऐसे पद के लिए जिनके लिए वे पात्र हैं को आवेदन दे सकते हैं। तथापि, ऐसे आवेदकों को मैरिट के सामान्य मानक द्वारा ऐसे पद हेतु चयन के लिए विचार किया जाएगा।

प्रयुक्त संक्षिप्तियाँ:

निर्धारित अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदक निम्न प्रारूप में अपना आवेदन पत्र शैक्षणिक अभिलेखों व अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतियों के साथ **दिनांक 29.02.2020 तक** केंद्र में प्रस्तुत करें।

प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. अध्यापन विषय जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है .....
2. प्रतियोगी परीक्षा का नाम .....
3. नाम .....
4. पिता/पति का नाम .....
5. आयु .....
6. पता .....
7. मोबाइल नं. .....
8. ई-मेल आईडी .....
9. शैक्षणिक योग्यता

फोटो

क्र.	डिग्री	विषय	प्रतिशत	टीप
1. स्नातक				
2. स्नातकोत्तर				
3. अन्य				

10. स्वयं आवेदक द्वारा दी गई प्रतियोगी परीक्षाओं का विवरण :-

क्र.	परीक्षा का नाम	वर्ष	परिणाम	रिमार्क

11. प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्यापन का अनुभव :-

क्र.	परीक्षा का नाम	अनुभव अवधि	कुल प्रशिक्षणार्थी जिनको प्रशिक्षण दिया गया	परीक्षा परिणाम	रिमार्क
	पी.एस.सी. - बैंक, एल.आई.सी. - रेलवे TOEFL, GRE, IELTS अन्य				

12. अन्य कोई जानकारी :-

दिनांक :
(आवेदक के हस्ताक्षर)
नाम -

जी-23042/43543/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन - 482001
फोन एवं फैक्स नं. : 0761 - 2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 13/व.ले.लि./2019-20 जबलपुर, दिनांक 13.02.2020

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. - 13

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमा. राशि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
01	2020_PWDRB_79864	शंकर शाह नगर उपखण्ड के अंतर्गत एम.ओ.डब्ल्यू., एस.आर., मेंटेनेन्स एवं अन्य विभिन्न कार्य।	प्रथम	15.00 लाख	30000/-	2000/-	04 माह
02	2020_PWDRB_79865	बरगी एवं भेड़ाघाट उपखण्ड के अंतर्गत भवनों में रखरखाव कार्य।	प्रथम	15.00 लाख	30000/-	2000/-	04 माह
03	2020_PWDRB_79866	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत पीडियाट्रिक वार्ड एवं ओ.पी.डी. में रेनोवेशन का कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
04	2020_PWDRB_79867	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत हॉस्पिटल कैम्पस में सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य।	प्रथम	125.00 लाख	125000/-	12500/-	06 माह
05	2020_PWDRB_79868	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत वार्ड एवं ओ.पी.डी. हॉस्पिटल भवन में एम.ओ.डब्ल्यू./ रखरखाव कार्य।	द्वितीय	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह
06	2020_PWDRB_79870	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज एवं अन्य भवनों में विशेष मरम्मत, एम.ओ. डब्ल्यू. एवं रखरखाव कार्य।	द्वितीय	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह
07	2020_PWDRB_79871	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत जी., एच एवं आई टाईप क्वॉर्टर्स में सीवर लाईन वाटर सप्लाई एवं भवनों में विशेष मरम्मत कार्य।	द्वितीय	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह
08	2020_PWDRB_79872	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत आर, पी एवं एफ टाईप क्वॉर्टर्स में सीवर लाईन वाटर सप्लाई एवं भवनों में विशेष मरम्मत कार्य।	द्वितीय	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह

टीप :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 11.03.2020 सायं 5.30 बजे तक** है, अन्य तिथियां ऑनलाइन पोर्टल पर देखी जा सकती है। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाइन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। (3) भौतिक दस्तावेज जैसे-अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद एवं अन्य दिनांक 13.03.2020 समय 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एवं टेण्डर आई.डी. क्र. 2020_PWDRB_79867 का लिफाफा स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य अभियंता (मध्यक्षेत्र), लो.नि.वि., जबलपुर में दिनांक 13.03.2020 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

जी-23121/43551/2020

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल
ई-मेल : enc.etendering.wrdmp@gmail.com, फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 414/2715001/ई.डी.पी./2018-19/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 17.02.2020
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेवसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेवसाइट पर **दिनांक 06.03.2020 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1	2020_WRD_78144	बर्रो नहर के लिये सम्राट अशोक सागर की मुख्य नहर की आर.डी. 660 मी. से निकले एस्केप चेनल की खुदाई का कार्य।	विदिशा	5.93
2	2020_WRD_78450	बड़ामलहरा तालाब की फीडर चैनल का वार्षिक मरम्मत कार्य।	छतरपुर	0.97
3	2020_WRD_79026	गोपालपुरा सॉलिड वियर वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	4.66
4	2020_WRD_79027	अवना नाला भीलखेड़ी सॉलिड वियर वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	4.46
5	2020_WRD_79029	दलोदा सगरा तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.28
6	2020_WRD_79030	भालोट तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.26
7	2020_WRD_79031	लामगरा तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.40
8	2020_WRD_79033	ढिकोला तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.28
9	2020_WRD_79034	कोटेश्वर तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.42
10	2020_WRD_79035	वांकली तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.41
11	2020_WRD_79036	चंदवासा तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.29
12	2020_WRD_79038	झोटखेड़ी तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.34
13	2020_WRD_79039	मुंदडी तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.27
14	2020_WRD_79040	करोली तालाब वार्षिक रखरखाव।	मंदसौर	0.27
15	2020_WRD_79083	उपसंभाग, घोड़ाडोंगरी के कचलोरा एवं टिमरनी लघु योजनाओं के बांध एवं नहर का सर्वेक्षण कार्य।	बैतूल	8.48
16	2020_WRD_79084	उपसंभाग, भैंसदेही के तिरनगंगा, घोघरी एवं पाटाखेड़ा रैयत (नहर रहित) लघु योजनाओं के बांध एवं नहर का सर्वेक्षण कार्य।	बैतूल	4.76
17	2020_WRD_79085	अर्जुनवाड़ी जलाशय (नहर रहित) के बांध का सर्वेक्षण कार्य।	बैतूल	0.91
18	2020_WRD_79087	उपसंभाग, घोड़ाडोंगरी के निर्मित गोलई एवं पूजी लघु योजनाओं के नहर कार्य का साधारण मरम्मत कार्य।	बैतूल	5.95
19	2020_WRD_79310	पीपलियाखास तालाब का सर्वेक्षण कार्य।	राजगढ़	0.44
20	2020_WRD_79311	पारलिया तालाब का सर्वेक्षण कार्य।	राजगढ़	0.74
21	2020_WRD_79326	वारना बांध के रेडियल गेट पर स्थित रिमोट कन्ट्रोल सिस्टम का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	होशंगाबाद	4.57
22	2020_WRD_79830	सोनपुर मध्यम परियोजना के केसली बांध के स्पिल चैनल एवं परकुल जलाशय की नहर विस्तारीकरण का सर्वेक्षण कार्य।	सागर	2.58

जी-23053/43544/2020
मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया वि./यां. संभाग
राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल
फोन - 0755-2463613

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	एन.आई.टी. क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदारों की श्रेणी
1.	89/19-20 व.ले.लि. दि. 11.02.2020	2020_सी.पी.ए._79736	मुख्य निर्वाचन भवन में विद्युतीकरण कार्य।	रु. 1262205/-	रु. 25244/-	रु. 2000/-	"केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकार "बी" श्रेणी विद्युत लाईसेंस धारक।
2.	90/19-20 व.ले.लि. दि. 11.02.2020	2019_सी.पी.ए._79737	नये मंत्रालय भवन में स्थापित PANASONIC EPABX के संचालन हेतु तकनीकी मेनपावर के कार्य की निविदा।	रु. 756840/-	रु. 15137/-	रु. 2000/-	– तदैव –

(1) उपरोक्त वेवसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (tender documents) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। (2) निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 17.02.2020 से 04.03.2020 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। (3) विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है। (4) निविदा से संबंधित आवश्यक अभिलेख (Mandatory Document) वावत् लिफाफे दिनांक 05.03.2020 को सायं 17.30 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे।

कार्यपालन यंत्री, नया वि./यां. संभाग,
राजधानी परियोजना प्रशासन, ई-5, अरेरा कॉलोनी,
भोपाल मोब. क्र. 9425146687

जी-23035/43541/2020

ग्रामीण विकास में थर्ड एम्पायर की भूमिका निभाएं युवा

भोपाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री ओमकार सिंह मरकाम ने अपने प्रभार के जिला शहडोल में ग्राम पंचायत भठिया में युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने ग्रामीण विकास में युवाओं की सहभागिता की आवश्यकता बताते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में युवाओं की भूमिका थर्ड एम्पायर की होनी चाहिए। श्री मरकाम ने कहा कि सरकारी योजनाओं का प्रभावी और परिणाममूलक क्रियान्वयन तभी होगा, जब युवा शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे आकर काम करना चाहिए।

श्री मरकाम ने कहा कि युवा विकास में सहभागी बनें तथा विश्वास के साथ प्रदेश को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले के हर गांव में दस युवाओं की समिति बनेगी। यह समिति गांव में निर्माण कार्यों, पेंशन योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं अन्य योजनाओं की मॉनीटरिंग करेगी। श्री मरकाम ने जिला स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि बुराईयों से दूर रहें। अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करें। युवा संवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अखेटपुर की युवा सरपंच श्रीमती रामबती पटेल और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखें।

राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा का रिजल्ट घोषित

विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृति मिलेगी

भोपाल, राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति (NMMS) चयन परीक्षा 2019-2020 का परीक्षा परिणाम राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी अपना परिणाम स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल www.educationportal.mp.gov.in पर देख सकते हैं, जिस पर चयनित विद्यार्थियों की श्रेणीवार सूची उपलब्ध है।

उल्लेखनीय है कि विगत 03 नवम्बर 2019 को आयोजित इस चयन परीक्षा में प्रदेश-भर के लगभग एक लाख दस हजार नौ सौ उन्तीस बच्चे शामिल हुए थे। इनमें से मध्यप्रदेश के लिये निर्धारित कोटे के अनुसार प्रदेश के 6541 विद्यार्थी अंतिम रूप से छात्रवृति के लिये चयनित हुए हैं। राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के तहत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होती है।

इस परीक्षा में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हुए थे। चयन परीक्षा के परिणामों की घोषणा के साथ ही राज्य शिक्षा केंद्र ने चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं उनके बैंक अकाउंट्स की जानकारी संबंधी कार्यवाही तत्काल पूर्ण करने के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है।

परीक्षा में पात्र घोषित किए विद्यार्थियों को अपनी कक्षा 7वीं की अंक सूची, माता-पिता का आय प्रमाण पत्र, एस.बी.आई. या राष्ट्रीयकृत बैंक में खोले गए बचत खाते की जानकारी, कक्षा 9वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत होने का विहित प्रमाणीकरण, आवश्यकतानुसार जाति प्रमाण-पत्र तथा निःशक्तता प्रमाण-पत्र जैसे अभिलेख अपनी शाला में उपलब्ध करवाने होंगे। स्कूल के प्रधान पाठक विद्यार्थियों की जानकारियाँ संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। तत्पश्चात विद्यार्थी/संस्था का पंजीयन राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल (NSP) पर किया जायेगा।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर तत्संबंधी कार्य प्रारंभ होने की तिथि से संबंधित जानकारी पृथक से प्रदान की जायेगी।

आदिवासी महोत्सव

आदिवासी संस्कृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक दायित्व

उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू मंडला में आयोजित आदिवासी महोत्सव में स्व-रोज़गार एवं आपदा राहत के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करते हुये।

मंडला, आदिवासी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखकर जनजातियों को चहुंमुखी विकास पथ पर आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य और संवैधानिक दायित्व है। आदिवासी भारत के मूल निवासी हैं। इनसे प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित एवं संवर्धित करते हुए जीवनयापन और विकास करने की प्रेरणा मिलती है। ये विचार उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू ने मण्डला जिले में गोंडवाना साम्राज्य के ऐतिहासिक स्थल रामनगर में दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुये व्यक्त किये।

श्री नायडू ने कहा कि मण्डला में आदिवासी संस्कृति को जीवित रखने और युवाओं को उससे परिचित कराने के लिए आदिवासी महोत्सव का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इसके माध्यम से आदिवासी शिल्प, संगीत, कला और संस्कृति आदि का प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए केवल सरकारी प्रयास ही काफी नहीं हैं, बल्कि इसमें समाज का भी योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में जन्म देने वाली मां, जन्म-भूमि, मातृ-भाषा और देश को कभी नहीं भूलना चाहिए। जनजातीय वर्ग प्रकृति को माता के रूप में पूजता है। यह जनजातीय परंपरा सभी के लिए अनुकरणीय और प्रेरणास्पद है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासियों को शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज में जागृति और उन्नति आती है।

विकास के लिये शांति आवश्यक

उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकास के लिए शांति आवश्यक है। शांति के बिना विकास नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गौंड साम्राज्य की यह ऐतिहासिक धरती जनजातियों की भाषा, संस्कृति और जीवन पद्धति को संजोए रखने एवं उनके आर्थिक विकास में भागीदार बनेगी।

कार्यक्रम के पूर्व उन्होंने गोंडवाना साम्राज्य के शहीद राजाओं को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री नायडू ने जनजातीय नर्तक दल और उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन किया। श्री नायडू ने इस अवसर पर स्व-रोज़गार और आपदा राहत के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से हितलाभ का वितरण किया।

केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आदिवासी महोत्सव में आदिवासी संस्कृति, धरोहर और उनके विकास के साथ शिक्षा तथा उन्नति पर जोर दिया।

कार्यक्रम में राजस्थान के जनजातीय कलाकारों द्वारा चकरी, चरी एवं घूमर नृत्य प्रस्तुत किये गये। मोहगांव के कलाकारों द्वारा शैला, करमा एवं गौंडी, बिछिया के कलाकारों ने नगाड़े की थाप पर बैगा नृत्य तथा निवास के कलाकारों ने रीना एवं करमा नृत्य किया।

कार्यक्रम में सहभागिता करने बालाघाट से आए आदिवासी नृतक दल ने गौंडी परंपरागत नृत्य शैली एवं बालाघाट के लोक नृतक दल ने गौंडी लोक नृत्य शैली की प्रस्तुति दी। चाढ़ा डिण्डौरी के बैगानी लोक नृत्य दल द्वारा बैगा लोक नृत्य, मेढ़ाखार डिण्डौरी के कलाकारों ने गुदुम शैली, धुलिया नृत्य दल डिण्डौरी ने गुदुम बाजा नृत्य, मेढ़ाखार डिण्डौरी के कलाकारों ने करमा शैला लोक नृत्य, आदिवासी लोक नृतक दल डिण्डौरी ने बोना लोक नृत्य, लालपुर डिण्डौरी के कलाकारों ने शैला नृत्य की प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों में जनजातीय संस्कृति से भरपूर लोक नृत्य एवं लोक संगीत की झलक देखने को मिली।

दीक्षांत समारोह

बेहतर पुलिसिंग कर प्रदेश की तरक्की में सहभागी बनें पुलिस अधिकारी

भोपाल, मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी के परेड मैदान में पुलिस के 41वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों का भव्य दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। स्वाभिमान से ऊंचा मस्तक, अनुशासित कदम, अदम्य साहस से भरा सीना और देशभक्ति के जज्बे के साथ जब आर्कषक दीक्षांत परेड आगे बढ़ी, तो सभी रोमांचित हो गए। गृह मंत्री श्री बाला बच्चन ने दीक्षांत परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। पुलिस महानिदेशक श्री विजय कुमार सिंह की मौजूदगी में परिवीक्षाधीन 37 उप पुलिस अधीक्षक विधिवत रूप से मध्यप्रदेश पुलिस की मुख्य धारा में शामिल हो गए। इनमें 17 महिला उप पुलिस अधीक्षक शामिल हैं।

गृह मंत्री श्री बाला बच्चन भोपाल स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट अधिकारियों को सम्मानित करते हुये।

बेहतर पुलिसिंग से मध्यप्रदेश पुलिस का नाम करें रोशन

गृह मंत्री श्री बाला बच्चन ने कहा कि दीक्षांत परेड में अधिकारियों के जोश और जज्बे को देखकर हमें भरोसा हो गया है कि जनता को बेहतर सेवाएं देने में सफल होंगे। उन्होंने अधिकारियों का आह्वान किया कि बेहतर पुलिसिंग कर मध्यप्रदेश पुलिस का नाम रोशन करें। श्री बच्चन ने कहा कि मध्यप्रदेश की तरक्की में पुलिस भी सहभागी बने।

दीक्षांत परेड का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक सुश्री भावना दांगी ने किया। परेड टू आई सी की भूमिका श्री गौरव पाटिल ने निभाई। मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भोपाल में एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण से तपकर निकले कुल 37 उप पुलिस अधीक्षकों ने दीक्षांत परेड में हिस्सा लिया। सभी उप पुलिस अधीक्षक दीक्षांत परेड के बाद राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को साक्षी मानकर देश भक्ति एवं राष्ट्र सेवा की शपथ लेकर मध्यप्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए। अकादमी के पुलिस अधीक्षक श्री संजय सिंह ने प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई।

उत्कृष्ट अधिकारी हुये सम्मानित

समारोह में प्रशिक्षण में उत्कृष्ट रहे प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री के पदक से सम्मानित पुलिस अधिकारियों को भी सम्मान पदक सौंपे गये।

नई टेक्सटाइल नीति बनाने के लिए सुझाव देने राज्य-स्तरीय समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने नई टेक्सटाइल नीति बनाने के सुझाव देने के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य-स्तरीय समिति का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार नई नीति का उद्देश्य टेक्सटाइल मंत्रालय, भारत सरकार की विभिन्न एकीकृत विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रदेश में लागू कर टेक्सटाइल के क्षेत्र में युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान करने एवं कपास उत्पादन, स्पीनिंग-विविंग और गारमेंट मेन्यूफैक्चरिंग उद्योग का आधुनिकीकरण तथा टेक्सटाइल उत्पादों का निर्यात संवर्धन आदि होगा।

समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास, प्रमुख सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग, अध्यक्ष मध्यप्रदेश टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन, उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश टेक्सटाइल मिल्स, अध्यक्ष मध्यांचल कॉटन जिनर एवं ट्रेडर एसोसिएशन, अध्यक्ष रेडीमेट गार्मेंट एसोसिएशन जबलपुर सदस्य होंगे। समिति के प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी सदस्य सचिव होंगे। समिति अपना प्रतिवेदन एक माह में देगी।

नवीन टेक्सटाइल नीति तैयार करने के परिप्रेक्ष्य में समिति मध्यप्रदेश की उद्योग संवर्धन नीति 2014 अन्तर्गत टेक्सटाइल सेक्टर के लिये प्रावधानित विशिष्ट सुविधाओं की अन्य प्रदेशों की टेक्सटाइल नीतियों से तुलना, भारत सरकार टेक्सटाइल मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदेश में दिलाने, टेक्सटाइल्स सेक्टर के लिये विशिष्ट अधोसंरचना विकसित करने के सुझाव देने के साथ ही टेक्सटाइल्स क्षेत्र के स्टेक-होल्डर्स से चर्चा करेगी।

स्मार्ट सिटी परियोजना की समीक्षा के लिए समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा भोपाल स्मार्ट सिटी परियोजना की समीक्षा के लिये 4 सदस्यों की समिति का गठन किया गया है। समिति में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (RERA) श्री ऑन्टोनी डिसा, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे और निदेशक, स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर, भोपाल सदस्य होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

'आपकी सरकार–आपके द्वार' कार्यक्रम

जबलपुर में जल्द शुरू कराये जायेंगे मोहल्ला क्लीनिक

विधानसभा अध्यक्ष श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति, मंत्रिपरिषद् के सदस्यों के साथ जबलपुर में 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में स्व-वित्तीय योजना के ब्रोशर का विमोचन करते हुये।

जबलपुर, राज्य शासन के 'आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का नवाचार जबलपुर में देखने को मिला। विधायक श्री विनय सक्सेना ने अपने जन्म-दिन पर इस शिविर की जिम्मेदारी ली। शिविर में 14 हजार 670 लोगों का पंजीयन कर चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां भी प्रदाय की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने अपने प्रभार के जिला जबलपुर में इस नवाचार का स्वागत किया। उन्होंने घोषणा की कि जबलपुर में जल्द ही मोहल्ला क्लीनिक शुरू किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र जैन ने 2 डायलिसिस मशीन भेंट की हैं, जिन्हें आमजन के लिये मनमोहन नगर अस्पताल में स्थापित कराया जायेगा।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3-3 संजीवनी क्लीनिक

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने इस अवसर पर राज्य सरकार से आग्रह किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3-3 संजीवनी क्लीनिक शुरू कराये जायें ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को अस्पतालों के चक्कर न लगाना पड़ें और उन्हें घर के पास ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल सके।

जन्म-दिन पर जन-सेवा की नई परम्परा

जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने इस नई परम्परा शुरू किये जाने को समाज के लिये प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आम आदमी को हर जगह निःशुल्क बेहतर चिकित्सा सेवा देने की शुरुआत की है।

स्कूली बच्चों का नियमित नेत्र परीक्षण

राज्यसभा सदस्य श्री विवेक तन्खा ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा अच्छी पहल है। श्री तन्खा ने स्कूली बच्चों का नियमित नेत्र परीक्षण कराने का आग्रह किया।

राजस्व मंत्री ने सागर में 34 पटवारियों को दिये ई-बस्ते

सागर, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर में डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में राहतगढ़ तहसील के 34 पटवारियों को ई-बस्ता (लैपटॉप) वितरित किये। उन्होंने कहा कि पटवारी प्रशासन का वो चहरा होता है, जिसके आचार-विचार एवं व्यवहार के कारण शासन की छवि आम जनता तक पहुंचती है। श्री राजपूत ने कहा कि वास्तव में पटवारी राजस्व की दृष्टि से शासन और जनता के बीच सेतु के रूप में काम करता है।

श्री राजपूत ने कहा कि राजस्व विभाग अब नई तकनीक के साथ अपने काम को एक्यूरेसी के साथ पूरा कर रहा है। ई-बस्ता वितरण भी इस दिशा में एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भारत सरकार के सर्वे ऑफ इंडिया के साथ एमओयू साइन किया है, जिसमें सीमांकन अब ड्रोन एवं ट्रैकिंग मशीन से एक्यूरेसी के साथ साल भर किया जा सकेगा। श्री राजपूत ने कहा कि अभी तक सीमांकन कराने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सीमांकन वर्ष भर में एक निश्चित अवधि में ही संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि अब पोर्टल एम.पी. ऑनलाइन के सहयोग से खसरा, बी-बन, नक्शा और अन्य राजस्व रिकार्ड घर बैठे ऑनलाइन प्राप्त किये जा सकेंगे। राजस्व मंत्री ने बताया कि वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये राज्य सरकार ने राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख प्रकरणों का निराकरण किया है। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को लोक अदालतों का अगला चरण प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि सागर से मध्यप्रदेश में स्मार्ट पटवारी बनाने की शुरुआत की गई है। लैपटॉप प्राप्त पटवारियों से उन्होंने कहा कि वे अपने कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ इस प्रकार पूरा करें।

नगरीय निकायों में 11 लाख पारंपरिक लाइट की जगह लगेंगी एल.ई.डी. लाइट

भोपाल, मध्यप्रदेश के 378 नगरीय निकायों की लगभग 11 लाख पारंपरिक लाइट की जगह एल.ई.डी. लाइट लगायी जायेंगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए नगरीय निकायों को 20 क्लस्टर में बांटा गया है। इनमें नगरीय निकाय इंदौर, भोपाल, रीवा, रतलाम और उज्जैन शामिल नहीं हैं।

योजना के क्रियान्वयन के लिए एक वर्ष और रख-रखाव के लिए 7 वर्ष की अवधि तय की गई है। कार्य पी.पी.पी. मोड में करवाया जायेगा। एल.ई.डी. लाइट लगाने के बाद विद्युत खपत में लगभग 50 प्रतिशत की बचत होगी।

नगरीय निकायों को सागर, छतरपुर, देवास, नागदा, ग्वालियर, शिवपुरी, पीथमपुर, खरगोन, झाबुआ, खण्डवा, मंदसौर, विदिशा, सीहोर, होशंगाबाद, सतना, सीधी, शहडोल, बालाघाट, जबलपुर और छिन्दवाड़ा क्लस्टर में विभाजित किया गया है। देवास क्लस्टर में शामिल 20 निकायों की निविदा स्वीकृत हो चुकी है, जिसकी अनुमानित लागत 42 करोड़ 28 लाख रुपये है। लगभग 25 हजार स्ट्रीट लाइट का एल.ई.डी. में परिवर्तन किया जा रहा है। अन्य सेक्टरों में भी जल्द कार्य शुरू करने की कार्यवाही हो रही है।

ओरछा महोत्सव–2020

नये स्वरूप में दिखेंगे प्राचीन स्मारक-मंदिर

निवाड़ी, पुरातत्व धरोहर को समेटे ओरछा नगर करीब 50 प्राचीन स्मारकों और मंदिरों के कारण जाना जाता है। राज्य सरकार ने जब ओरछा में महोत्सव की योजना तैयार की, तो सबसे पहले यहां स्थित प्राचीन स्मारकों को सुंदर बनाने के कार्य पर भी विचार कर निर्णय लिया गया। ओरछा के प्राचीन स्मारक फिर से सज्जित और अलंकृत होकर नये स्वरूप में पर्यटकों के सामने आएंगे। महोत्सव के दौरान ओरछा की ऐतिहासिक गाथा थ्री-डी मेपिंग से जहांगीर महल की दीवारों पर देखी जा सकेगी।

आम तौर पर स्मारकों पर घास, काई आदि जम जाने के कारण उनकी सुंदरता और भव्यता पर आंच आती है। इसके साथ ही मूल निर्माण के समय दीवारों पर किए गए रंग के अनुकूल उन्हें सज्जित करने की चुनौती भी सामने आती है। प्रशासन ने पुरातत्व विशेषज्ञों के परामर्श के पश्चात स्मारकों के सुधार कार्य के लिये डेढ़ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करवाई। इससे 15 प्रमुख पुरातात्विक महत्व के स्मारकों को वास्तविक स्वरूप के अनुसार स्वच्छ और सुदंर बनाने का कार्य शुरू हुआ। ओरछा के ऐतिहासिक स्मारक राम राजा मंदिर, राजा महल, जहांगीर महल, लक्ष्मी मंदिर, राय प्रवीण महल और बुंदेली शासकों की छतरियों की साफ-सफाई का कार्य भी हाथ में लिया गया। यह कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। चतुर्भुज मंदिर की रंगाई-पुताई और सफाई वैज्ञानिक पद्धति से करने का कार्य अंतिम चरण में है।

होटल प्रबंध संस्थान में एवरेस्ट बैटर किचन कलनरी चैलेंज प्रतियोगिता

भोपाल, होटल प्रबंध संस्थान में आयुक्त जनसम्पर्क श्री पी. नरहरि ने एवरेस्ट बैटर किचन कलनरी चैलेंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान द्वारा नव-युवकों एवं युवतियों में अच्छे भारतीय खान-पान के प्रति जागरूकता पैदा करने, खाने की शुद्धता पर ध्यान देने, प्रस्तुतिकरण एवं ताजेपन के एहसास को जागृत करने तथा भारतीय खाने की विलुप्त विधियों का संकलन करने के लिये एवरेस्ट मसाले और बैटर किचन मैगजीन के सौजन्य से किया गया।

प्रतियोगिता में ग्वालियर, इंदौर, रीवा, खजुराहो, जबलपुर और भोपाल के विभिन्न संस्थानों की 25 टीमों ने भाग लिया। इनके अलावा अपरिपक्व शेफ की श्रेणी में 10 गृहिणी महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हुए।

कलनरी चैलेंज में विजेता रहे टीम टर्मरिक आईएचएम भोपाल के छात्र यश साहू और विनीत भोयार। प्रथम रनर-अप टीम में विजेता रहे मीट-मसाला एसआईएचएम इंदौर के श्री हरप्रीत आहूजा और श्री फैजान अंसारी तथा सेकेण्ड रनर-अप टीम में विजेता रहे टी-मसाला एसआईएचएम इंदौर के छात्र श्री मेधावी जोशी और श्री मृत्युंजय चौहान। टीम कश्मीरी लाल को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त अपरिपक्व शेफ केटेगरी का प्रथम पुरस्कार श्री समर सिंह गौर, द्वितीय पुरस्कार डॉ. बबीता सक्सेना और तृतीय पुरस्कार श्रीमती स्मिता सक्सेना को दिया गया।

कलनरी चैलेंज में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का आकलन शेफ श्री आकाश चट्टोपाध्याय, श्री रवीश मिश्रा और श्री सिद्धार्थ ने किया।

मंत्रिपरिषद् के निर्णय

निवेश संबंधी मध्यप्रदेश समयबद्ध निर्बाधन अधिनियम-2020 के प्रारूप का अनुमोदन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक में मध्यप्रदेश समयबद्ध निर्बाधन अधिनियम-2020 एवं आवेदनों की प्रक्रिया के लिये समयसीमा में निराकरण को ध्यान में रखकर मध्यप्रदेश समयबद्ध निर्बाधन अधिनियम-2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे मध्यप्रदेश में देश में पहली बार निवेश पर दस विभागों की 40 अनुमतियां/लायसेन्सेज में से 25 अनुमतियां/लायसेन्सेज एक दिन में, 10 अनुमतियां/लायसेन्सेज 7 दिन में और 5 अनुमतियां/लायसेन्सेज 15 दिन में ऑनलाइन मिलेंगी। यह सुविधा उद्योग, लघु उद्योग, आईटी और पर्यटन क्षेत्र में निवेशकों को मिलेगी। मंत्रिपरिषद् द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद् की बैठक में मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2020 का अनुमोदन किया गया।
- पर्यटन नीति 2016 संशोधित 2019 में किये गये प्रावधान के पालन में मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2020 में नीति के प्रोत्साहन के लिये फीचर फिल्म से आशय, 'केंद्रीय सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) से श्रेणीकृत/प्रमाणीकृत तथा सिनेमा घर में प्रक्रियानुसार रिलीज की गयी न्यूनतम 90 मिनिट की सिनेमेटोग्राफिक फिल्म' को स्पष्ट करते हुए शामिल कर मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2020 का अनुमोदन मंत्रिपरिषद् ने दिया।
- मंत्रिपरिषद् ने अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बावई, जिला होशंगाबाद को इंडस्ट्रियल टाउनशिप घोषित करने का निर्णय लिया है।
- अधिसूचित भौगोलिक सीमाओं में मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को विद्युत वितरण के लिये पृथक डिस्ट्रीब्यूशन लायसेंस प्राप्त करने तथा विद्युत नियामक आयोग के समक्ष आगामी कार्यवाही करने के लिये अधिकृत किया गया है।
- मंत्रिपरिषद् ने औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप/सतलापुर, जिला रायसेन की संरक्षित वन भूमि 197.855 हेक्टेयर एवं आरक्षित वन भूमि 16.268 हेक्टेयर के निर्वनीकरण प्रस्ताव के लिये 30 करोड़ 60 लाख 12 हजार 504 रुपये को केम्पा फंड में एमपीआईडीसी लिमिटेड भोपाल के माध्यम से भुगतान करने की मंजूरी दी।
- मंत्रिपरिषद् ने शाजापुर की कवूलपुर (कमरदीपुर) मध्यम सिंचाई परियोजना की रूपांकित सिंचाई क्षमता 4090 हेक्टेयर के लिये 129 करोड़ 53 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी।
- परियोजना से सूक्ष्म सिंचाई (स्प्रिंकलर) पद्धति से तहसील मोमन बड़ोदिया के 11 ग्रामों में 3100 हेक्टेयर रबी सिंचाई एवं स्वयं के साधनों से गुलाना, मोमन बड़ोदिया एवं सारंगपुर तहसील की 990 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।
- मंत्रिपरिषद् ने मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों के लिए अमला उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग कार्यालय में पद स्वीकृत किये।
- इसमें निज सहायक के 4, शीघ्रलेखक के 3, सहायक ग्रेड-3 के 3, डाक रनर के 2 पद आऊटसोर्स से और प्रोग्रामर तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर के एक-एक पद सहित वाहन चालक का एक पद आऊटसोर्स से स्वीकृत किया गया है।
- मंत्रिपरिषद् ने वर्ष 2018-19 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण देने की योजना में खरीफ 2018 एवं रबी 2018-19 में सीजन की निर्धारित ड्यू डेट, जो गत वर्ष 28 मार्च 2019 से 30 जून 2019 तक बढ़ायी गयी थी, की बढ़ी हुई अवधि का वेस रेट भी योजनान्तर्गत निर्धारित वेस रेट अनुसार 11 प्रतिशत ही रखने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद् ने विनोद मिल उज्जैन की 6 हेक्टेयर भूमि को नीलाम कर प्राप्त राशि से राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के दायित्वों का भुगतान करने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद् ने जिला निवाड़ी में आदिम जाति कल्याण की विभागीय कार्यवाहियों के दक्षता पूर्ण संचालन के लिये एक द्वितीय श्रेणी राजपत्रित पद सृजित करने तथा एक तृतीय श्रेणी कार्यपालिक, चार लिपिकीय एवं एक चतुर्थ श्रेणी के पद पुनर्वितरित करने का अनुमोदन दिया।
- मंत्रिपरिषद् ने सिंगरौलिया जिला सिंगरौली में एयरपोर्ट निर्मित/विकसित करने के स्थान पर नयी हवाई पट्टी के निर्माण की मंजूरी दी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

अमेरिका ने किया ट्राइडेंट-II मिसाइल का सफल परीक्षण

अमेरिका ने परमाणु हथियार को ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल ट्राइडेंट-II (डी 5 एलई) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। अमेरिकी नौसेना द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के तट से ओहियो श्रेणी की इस बैलिस्टिक मिसाइल को पनडुब्बी यूएसएस मेन (एसएसबीएन-741) को दागा गया। सेना ने बताया कि यह एक अचूक रणनीतिक हथियार प्रणाली है।

मिशन गगनयान पर जाने वाले

भारतीय वायुसेना के पायलटों का कड़ा प्रशिक्षण शुरू

भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए भारतीय वायुसेना के चार पायलटों का मुश्किल प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

- **भारतीय पायलट सोयूज अंतरिक्षयान में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसका इस्तेमाल रूस अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में करता है।**
- **चयनित पायलट एक साल के भीतर समुद्र, बर्फीले स्थान और निर्जन स्थान पर अधिकतम तापमान के बीच खुद को अभ्यस्त बनाने का प्रशिक्षण भी लेंगे।**

इसरो 2022 में गगनयान का मानव मिशन लॉन्च करेगा। इस मिशन में तीन क्रू मेंबर्स होंगे। मिशन के लिये चार भारतीय पायलट का चयन विभिन्न पैमानों पर खरा

पाए जाने के बाद किया गया है। वे रूस के गैगरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर (जीसीटीसी) में कड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं। जीसीटीसी के प्रमुख पावेल वलसोव ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रोग्राम खास तौर पर भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों की जरूरत के हिसाब से और उनसे सहयोग के लिए तैयार किया गया है।

अफगानिस्तान

अशरफ गनी दूसरी बार बने राष्ट्रपति

अफगानिस्तान में 5 माह पहले हुए राष्ट्रपति चुनाव में अशरफ गनी ने पुनः जीत हासिल कर ली है।

- **गनी को चुनाव में 50.64 प्रतिशत वोट मिले।**

गनी ने अपने मुख्य विरोधी उम्मीदवार अब्दुल्ला अब्दुल्ला को हराया है। अशरफ गनी के प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्ला अब्दुल्ला को 39.5 फीसदी वोट मिले हैं।

ज्ञात रहे कि अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने मतदान में धांधली के आरोप लगाए थे। इस वजह से दोबारा मतों की गिनती किए जाने के कारण परिणाम में करीब 5 माह की देरी हुई है।

ईरान के नागरिक

अपना भविष्य स्वयं तय करेंगे - कैथरीन

अमेरिका ईरान के तनावपूर्ण संबंधों पर ब्रिटिश इंटेलीजेंस एजेंसी की पूर्व अधिकारी और व्हिसिलब्लोअर कैथरीन गन

- **ब्रिटिश इंटेलीजेंस की पूर्व अधिकारी ने कहा कि दो देशों के बीच के विवाद को शांतिपूर्वक सुलझाने की है जरूरत।**

का मानना है कि ईरान के नागरिक अपना भविष्य स्वयं तय करेंगे, ट्रंप नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को जरूरत नहीं है कि वो ईरान के नागरिकों के लिए दिशा-निर्देश तैयार करे।

कैथरीन पिछले दिनों वाराणसी आईआईटी बीएचयू के वार्षिक आयोजन 'टेक्नेक्स-2020' में शामिल होने आई थीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को लगता है कि

ईरान अपने प्रभाव का विस्तार अमेरिकी नीतियों के खिलाफ कर रहा है। उन्होंने भारत से भी अपील की कि वह अमेरिका-ईरान के तनाव को कम करने में मदद करे।

कैथरीन के इस बयान पर फिलहाल अमेरिका ने कोई जवाब नहीं दिया है।

अमेरिका गॉट टैलेंट

मुंबई के वी अनबीटेबल डांस ग्रुप ने हासिल की जीत

मुंबई के डांस ग्रुप 'वी अनवीटेबल' ग्रुप ने अमेरिका के प्रसिद्ध टैलेंट शो 'अमेरिका गॉट टैलेंट : द चैंपियंस' के इस सीजन का खिताब जीत लिया है। इस ग्रुप में कुल 29 डांसर्स हैं। ये सभी वर्ष 2019 के

- **अमेरिकन गॉट टैलेंट का हिस्सा बनने से पहले यह डांस ग्रुप डांस प्लस-4 और इंडिया बनेगा मंच में भी परफॉर्म कर चुका है।**

टैलेंट शो में भी शामिल हुए थे। ग्रुप ने वॉलीवुड फिल्म के गाने 'ततड़-ततड़' पर डांस किया था। शो के जजों सिमॉन कॉवेल, हैदी क्लम, अलेशा डिक्सॉन और हावे मन्डेल के अलावा पूरी ऑडियंस ने ग्रुप के खिताब जीतने पर खड़े होकर सम्मान दिया।

नाइजर

शरणार्थियों की भगदड़ में 20 की मौत

अफ्रीकी देश नाइजर में मची भगदड़ के चलते 20 लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गये हैं। दिफा के क्षेत्रीय गवर्नर इस्सा लेमाइन ने बताया कि हादसा दिफा के युवा एवं सांस्कृतिक केंद्र में उस समय हुआ जब शरणार्थियों को निःशुल्क भोजन और पैसे बांटे जा रहे थे।

ज्ञात रहे कि ढाई लाख से अधिक शरणार्थी और विस्थापित लोग दिफा में रह रहे हैं। नाइजीरिया के एक अधिकारी ने बताया कि सहायता सामग्री पूर्वोत्तर नाइजीरिया के बोर्नो के गवर्नर बाबागान उमरा जुलूम द्वारा बंटवाई जा रही थीं। गौरतलब है कि नाइजीरिया और चाड से

लगे इस क्षेत्र में नाइजीरिया का बोको हराम जिहादी समूह 2015 से लगातार हमले कर रहा है। यहां कुल 1 लाख 19 हजार नाइजीरियाई शरणार्थी हैं।

सौ से अधिक चिकित्सकों ने की असांजे को चिकित्सा उपलब्ध कराने की अपील

विकिलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को सौ से अधिक चिकित्सकों ने चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की

- **पत्र में चिकित्सकों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को उचित इलाज मिलना उसका मौलिक अधिकार है।**

अपील ब्रिटेन सरकार से की है। द लैंसेट मेडिकल जर्नल में प्रकाशित इस पत्र में 18 देशों के डॉक्टरों ने हस्ताक्षर किए हैं। असांजे इन दिनों ब्रिटेन की जेल में बंद हैं। पत्र लिखने वाले चिकित्सकों का मानना है कि असांजे शारीरिक और मानसिक रूप से गंभीर बीमारियों से जूझ

रहे हैं और उन्हें पर्याप्त चिकित्सा नहीं मिल रही है। चिकित्सकों ने असांजे के हेल्थ बुलेटिन जारी करने की मांग की है।

अमेरिका बंद कर सकता है हुवावे से संबंध रखने वालों से जानकारियां साझा करना

जर्मनी में अमेरिका के राजदूत रिचर्ड ग्रेनेल ने कहा है कि चीन की प्रतिष्ठित कंपनी हुवावे से संबंध रखने वाले देशों के साथ अमेरिका गोपनीय जानकारियां साझा करना बंद कर देगा और इन लोगों के साथ व्यापारिक, राजनीतिक संबंध भी खत्म कर देगा।

रिचर्ड ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेशानुसार इसका पालन जल्द ही किया जाएगा। ज्ञात रहे कि वाशिंगटन दुनिया की सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक हुवावे द्वारा लाए जाने वाले अगली पीढ़ी के 5 जी मोबाइल डेटा नेटवर्क पर प्रतिबंध लगाने के लिए सहयोगियों पर दबाव बना रहा है। अमेरिका का मानना है कि यह (5 जी नेटवर्क) सुरक्षा को लेकर खतरा है।

बगदाद के अतिविशिष्ट क्षेत्र में हुये रॉकेट हमले

इराक सेना ने राजधानी बगदाद के अतिविशिष्ट क्षेत्र में हुए रॉकेट हमलों की पुष्टि की है।

टेलीविजन समाचार चैनल अल-अरबिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इराक की राजधानी बगदाद में चार कत्यूश रॉकेट दागे गए हैं। तीन रॉकेट अतिविशिष्ट क्षेत्र में गिरे,

जबकि चौथा रॉकेट शिया मिलिशिया सुरक्षा बल संगठन को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वाले पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेस के मुख्यालय की इमारत के पास गिरा, जिसके कारण उसके उपकरणों को काफी नुकसान हुआ है।

गौरतलब है कि अतिविशिष्ट क्षेत्र में कई सरकारी कार्यालय तथा विदेशी दूतावास स्थित हैं।

कोरोना वायरस

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने निरीक्षण कार्य किया शुरू



चीन और विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक संयुक्त विशेषज्ञ टीम ने कोरोना वायरस के प्रकोप की रोकथाम और नियंत्रण के लिए

- **संगोष्ठी में लगभग 80 लोग शामिल हुए। इसमें संयुक्त विशेषज्ञ टीम के सदस्य और राज्य परिषद के संयुक्त रोकथाम और नियंत्रण तंत्र के प्रतिनिधि भी शामिल थे।**

चीन में क्षेत्रों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। विशेषज्ञ टीम निरीक्षण के लिए बीजिंग, ग्वांगडोंग प्रांत और सिचुआन जायेगी।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के प्रवक्ता एमआइ फेंग ने संवाददाता सम्मेलन में कोरोना अपडेट्स की जानकारी दी। इसके साथ ही एनएचसी द्वारा एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई। संगोष्ठी में उपस्थित लोगों को राष्ट्रव्यापी रोकथाम और नियंत्रण उपायों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

चर्चा में

'एला'

न्यूजीलैंड में तैनात की गई एआई बेस्ड पुलिसकर्मी

न्यूजीलैंड ने अपने देश की पहली एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) बेस्ड पुलिसकर्मी 'एला' को पेश किया। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसे वेलिंग्टन स्थित पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इंसानों की तरह दिखने वाली 'एला' को 26 अलग-अलग लोगों की खूबियां मिलाकर तैयार किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड एला डिजिटल पुलिस कियोस्क का हिस्सा है। यह लोगों की शिकायतें दर्ज कर उनका निपटारा करेगी।

अमेरिका में

सबसे बड़े कछुए का जीवाश्म मिला

अमेरिका में सबसे बड़े कछुए का जीवाश्म मिला है। इसकी लंबाई 13 फीट है। इसका वजन अनुमानतः 2.5 टन है। माना जा रहा है कि झील और नदियों में एक करोड़ साल पहले इंसान से दोगुनी लंबाई वाले कछुए पाये जाते थे। हाल ही में उत्तरी वेनेजुएला में यह जीवाश्म मिला है। वैज्ञानिकों ने इस जीवाश्म को स्टुपेंडेमी जिग्राफीकस नाम दिया है।

चितेशु वतनावे

दुनिया के सबसे उम्रदराज पुरुष बने

जापान के 112 साल और 344 दिन के चितेशु वतनावे ने दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित पुरुष होने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। हँसने-मुस्कुराने में यकीन रखने वाले चितेशु का जन्म उत्तरी जापान में 1907 में हुआ था। गन्ने की खेती की परियोजना से जुड़े चितेशु को बोनसाई पौधे लगाने का शौक है। उन्होंने अपनी लंबी उम्र के लिए अपने खान-पान पर जोर दिया।

इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस

देश की पहली इंटरसिटी बस सेवा शुरू

अभी तक शहरों में ही दौड़ रहीं इलेक्ट्रिक बसें अब दो शहरों को भी जोड़ेंगी। देश की पहली इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू हो गई है। यह मुंबई से पुणे के बीच चलेगी। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन किया। इस लग्जरी बस में 43 लोग बैठ सकेंगे। यह एक बार चार्ज होने पर 300 किलोमीटर तक चल सकती है।

विंटर कार्निवल में

दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी हुई

अमेरिका के कोलोराडो में सालाना विंटर कार्निवल के दौरान एमराल्ड माउंटेन पर दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी की गई। इससे आसमान का रंग लाल हो गया। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। आतिशबाजी के लिए 5 मीटर व्यास वाला बारुद का गोला दागा गया। इसकी ऊंचाई 62 इंच और वजन 1.3 टन (1270 किलो) था। इसके लिये स्टीमबोट फायरवर्क्स की टीम ने माउंटेन पर 26 फीट की स्टील ट्यूब से गोले को आसमान में दागा। गोले को 482 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा में उछाला गया था।

सैलामेंडर

सात साल से एक ही जगह पर टिका हुआ

बोस्निया की गुफा में रहने वाला छिपकली जैसा दिखने वाला जीव सैलामेंडर बीते सात साल से अपनी जगह से एक इंच भी नहीं हिला है। यह सैलामेंडर 1 फुट लंबा है। यह तकरीबन 100 वर्ष तक जीवित रह सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार ये अंधेरे में जीवन बिताना पसंद करते हैं। जिन गुफाओं में यह रहते हैं, वहां भोजन भी दुर्लभ होता है। जब भी वे सक्षम होते हैं, तो कभी-कभी छोटे कीड़े-मकोड़े और घोंघे खाते हैं। ये जीव खाने के बिना वर्षों तक जी सकते हैं।

सोफी पार्तिक

एक साल से बिना पानी पिये जी रहीं स्वस्थ जीवन

इंडोनेशिया के बाली में रहने वाली 35 वर्षीय सोफी पार्तिक ने बीते एक साल से पानी का एक घूंट भी नहीं पिया है। पेशे से न्यूट्रीशियनिस्ट और योगा इंस्ट्रक्टर सोफी ड्राई फास्टिंग पर हैं और पानी नहीं पीती, लेकिन जिंदा रहने के लिये नारियल पानी, फल और जूस से जरूरत भर का लिक्विड लेती हैं। ड्राई फास्टिंग के कारण उन्हें जोड़ों का दर्द भी नहीं रहता और उनकी अन्य बीमारियां भी खत्म हो गई हैं।

श्रीनिवास गौड़ा

बफेलो रेस 13.62 सेकेंड में पूरी कर बनाया रिकॉर्ड

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के मूदाबिदरी निवासी 28 वर्षीय श्रीनिवास गौड़ा ने पिछले दिनों बफेलो रेस (भैंसा दौड़) में 13.62 सेकेंड में 142.50 मीटर की दूरी तय की है। ऐसा करके वह कर्नाटक के पारंपरिक खेल में इतिहास के सबसे तेज धावक बन गये हैं। उनकी तुलना दुनिया के सबसे तेज धावक उसेन बोल्ट से की जा रही है। दूरी और समय के अनुपात से देखें तो 100 मीटर में श्रीनिवास की स्पीड 9.55 सेकेंड निकलकर सामने आ रही है।

आदि गोदरेज

लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

गोदरेज समूह के आदि गोदरेज को इस साल ईवाई लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा जायेगा। इस साल 17 लोगों को इस पुरस्कार की अंतिम सूची में रखा गया है। ईवाई इंडिया के चेयरमैन राजीव मेमानी ने कहा कि यह पुरस्कार ऐसे उद्यमियों का सम्मान है जो अपनी कंपनी के हितधारकों के लिये दीर्घकालिक मूल्य निर्माण पर केन्द्रित हैं।

याट 'एक्वा'

बिल गेट्स ने खरीदी

बिल गेट्स ने 370 फीट लंबी पर्यावरण अनुकूल सुपर लग्जरी याट 'एक्वा' खरीदी है। यह लिक्विड हाइड्रोजन से चलती है। हाइड्रोजन से चलने वाली यह याट एक बार फ्यूलिंग होने पर अटलांटिक पार कर न्यूयॉर्क से साउथ हैम्पटन तक आराम से जा सकती है। इस याट में दो 28 टन के वैक्यूम सिल्ड टैंक हैं, जो माइनस 253 सेल्सियस पर ठंडे होते हैं। इस याट में 14 गेस्ट और 31 क्रू-मेंबर के लिये जगह है। यह 31 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है।

एलीन नौगटन

गूगल एचआर हेड ने दिया इस्तीफा

गूगल की एचआर प्रमुख एलीन नौगटन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नौगटन के कार्यकाल में गूगल के साथ 70,000 लोग जुड़े थे। पिछले कुछ माह से गूगल के कर्मचारियों के बीच असंतोष उपज रहा था। अब नौगटन अपने परिवार के साथ न्यूयॉर्क चलीं गई हैं। ज्ञात रहे कि गूगल कर्मचारी अमेरिकी सेना के साथ अनुबंध करने से लेकर चीन के लिये सर्च इंजन के वर्जन में तब्दीली करने के शीर्ष स्तर के निर्णयों को लेकर नाराज थे।

मैथ्यू ए चैरी

पूर्व फुटबॉलर ने शॉर्ट फिल्म के लिये जीता ऑस्कर

पूर्व अमेरिकी फुटबॉलर मैथ्यू ए चैरी ने अपनी एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म 'हेयर लव' के लिये एकेडमी ऑस्कर अवॉर्ड जीता। उन्होंने फिल्म को डायरेक्ट किया है। मैथ्यू यह अवॉर्ड पाने वाले दूसरे एथलीट हैं। इससे पहले दिवंगत कोबे ब्रायंट ने 2018 में यह पुरस्कार जीता था। मैथ्यू ने यह पुरस्कार ब्रायंट को समर्पित किया है। उन्होंने फिल्म 'हेयर लव' वालों को लेकर होने वाले भेदभाव को खत्म करने के उद्देश्य से बनाई है। इस फिल्म को करेन रुपेर्ट टॉलिबेर ने प्रोड्यूस किया है।

डेविड वार्नर और एलिस पैरी

क्रमशः एलन बॉर्डर मैडल एवं बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड से सम्मानित

ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को तीसरी बार एलन बॉर्डर मैडल से सम्मानित किया गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की खिलाड़ी एलिस पैरी को दूसरी बार बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड दिया गया है। वार्नर इसी के साथ ही टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गये हैं। यह अवॉर्ड आठ जनवरी 2019 से नौ जनवरी 2020 के दौरान किये गये प्रदर्शन के लिये दिये गये हैं।

भारत

संयुक्त राष्ट्र के चैंपियन प्लस पुरस्कार के सम्मानित

संयुक्त राष्ट्र के प्रवासी पक्षियों से संबंधित सम्मेलन (सीएमएस) ने भारत को प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के लिये चैंपियन प्लस पुरस्कार से सम्मानित किया। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। सीएमएस की कार्यकारी सचिव एमी फ्रेंकल ने यह पुरस्कार प्रदान किया। भारत को वर्ष 2020 से 2023 के लिये इसके दो कार्यक्रमों के मद्देनजर यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड 'गोडावन'

पाकिस्तान में भी शिकार पर लग सकती है रोक

भारत ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावन को एपेंडिक्स-1 में शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। यदि यह शामिल होता है तो पाकिस्तान में भी इसके शिकार पर रोक लग जायेगी। गोडावन भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाने वाला पक्षी है। 50 साल में इनकी आबादी 90 फीसदी घट गई है। अब ये आंध्रप्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और राजस्थान तक सीमित होकर रह गया है। कभी-कभी ये पाकिस्तान में भी प्रवेश कर जाते हैं, जहां सैनिक उन्हें मारकर गिरा देते हैं।

विशाल तारा बेटेल्गयूज

ब्लैकहोल या न्यूट्रान तारे में हो सकता है तब्दील

आकाशगंगा का विशाल तारा बेटेल्गयूज अंतिम सांस ले रहा है। पृथ्वी से 700 प्रकाश वर्ष दूर इस तारे में कभी भी महाविस्फोट हो सकता है। इसके बाद यह ब्लैकहोल या न्यूट्रान स्टार में तब्दील हो सकता है। पांच माह के अंतराल में इस तारे की चमक में 25 फीसदी कमी आई है। भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बेंगलुरु के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक रिटायर्ड प्रो. आर.सी. कपूर के अनुसार यह मृग तारा समूह का तारा है। यह सूर्य से करीब 19 गुना भारी और 900 गुना बड़ा है। इस तारे का भारतीय नाम आद्रा नक्षत्र है। इसका आकार बढ़ने का सिलसिला लगभग 40 हजार साल पहले शुरू हो चुका था, जो अब विशाल आकार ले चुका है।

स्मृति शेष

पर्यावरणविद् आर.के. पचौरी का निधन

ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) के पूर्व निदेशक पर्यावरणविद् डॉक्टर आर.के. पचौरी का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। 20 अगस्त 1940 को नैनीताल में जन्में पचौरी 1981 में टेरी के निदेशक बने थे। उन्हीं के कार्यकाल में संस्थान को नोबेल शांति पुरस्कार मिला था।

सरगुजा की राजमाता देवेंद्र कुमारी का निधन

अविभाजित मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहीं और सरगुजा की राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव, योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और सरगुजा महाराज स्व. एम.एस. सिंहदेव की धर्मपत्नी तथा छत्तीसगढ़ के मंत्री टी.एस. सिंहदेव की माँ थीं।

फैशन डिजाइनर वेंडेल रॉड्रिक्स का निधन

मशहूर फैशन डिजाइनर वेंडेल रॉड्रिक्स का 59 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 2003 में अमिताभ बच्चन की फिल्म बूम में कैमियो रोल प्ले किया था और 2008 में फिल्म फैशन में खुद का कैरेक्टर प्ले किया था। वे लैक्मे कॉस्मेटिक्स, गार्डन वरेली और डिबीयर्स के लिये डिजाइनिंग कर चुके हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

परस्पर आदान-प्रदान के बिना समाज में जीवन का निर्वाह संभव नहीं है - सेमुअल जॉनसन

कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास विभाग) जिला बड़वानी (म.प्र.)

क्रमांक/ /आदिम/निर्माण/2020 बड़वानी, दिनांक.....

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

बड़वानी जिले में आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत निम्नांकित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में नवीन व्यवस्था अंतर्गत "स" श्रेणी या उससे उपर पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ./प.) भोपाल द्वारा जारी भवन कार्य की दर अनुसूची जो कि दिनांक 01.08.2014 से लागू तथा निविदा जारी होने के दिनांक तक जारी संशोधनों के साथ एतद् द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रपत्र - 'अ' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मध्यप्रदेश शासन की वेवसाइट **http://mptender.gov.in** से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अन्य तिथियां उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

(राशि लाख में)

ग्रुप क्र.	ई-टेण्डर क्रमांक	निर्माण कार्य का नाम	विकास खण्ड	अनुमा. लागत (लाख में)	प्रतिभूति की राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2020_TAD_79932	शा. आदिवासी सीनियर वालक छात्रावास मेणीमाता में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	बड़वानी	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
2.	2020_TAD_79933	शा. आदिवासी जूनियर वालक छात्रावास तलवाड़ावुजुर्ग में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	बड़वानी	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
3.	2020_TAD_79934	शा. आदिवासी कन्या आश्रम डोंगरगांव में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	पाटी	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
4.	2020_TAD_79935	शा. आदिवासी वालक उत्कृष्ट छात्रावास पाटी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	पाटी	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
5.	2020_TAD_79936	शा. आदिवासी सीनियर वालक छात्रावास ओझर में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	राजपुर	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
6.	2020_TAD_79938	शा. आदिवासी सीनियर वालक छात्रावास नागलवाड़ी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	राजपुर	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
7.	2020_TAD_79939	शा. आदिवासी वालक उत्कृष्ट छात्रावास ठीकरी में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	ठीकरी	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
8.	2020_TAD_79940	शा. आदिवासी सीनियर वालक छात्रावास मण्डवाड़ा में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	ठीकरी	20.00	40000	4000	उपयुक्त	04 Month
9.	2020_TAD_79941	शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास अंजड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	ठीकरी	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
10.	2020_TAD_79942	शा. उमावि भवती में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	बड़वानी	20.00	40000	4000	उपयुक्त	04 Month
11.	2020_TAD_79943	शा. उमावि बरूफाटक में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	ठीकरी	20.00	40000	4000	उपयुक्त	04 Month
12.	2020_TAD_79945	शा. कन्या उमावि अंजड़ में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	ठीकरी	20.00	40000	4000	उपयुक्त	04 Month
13.	2020_TAD_79946	शा. उमावि हरिवड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	ठीकरी	10.00	20000	2000	उपयुक्त	04 Month
14.	2020_TAD_79947	शा. कन्या हाईस्कूल बड़वानी में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	बड़वानी	20.00	40000	4000	उपयुक्त	04 Month
15.	2020_TAD_79948	शा. उ.मा.वि. गवाड़ी-07 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	निवाली	66.77	66800/-	1000	उपयुक्त	06 माह
16.	2020_TAD_79949	शा. उमावि वोकराटा में विद्युतीकरण कार्य।	पाटी	2.75				
		शा. वालक आश्रम वोकराटा में वाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	पाटी	2.50				
		शा. कन्या उमावि पाटी में टॉयलेट ब्लॉक निर्माण कार्य।	पाटी	3.00				
		योग -		**8.25**	**16500/-**	**2000/-**	**उपयुक्त**	**02 Month**
17.	2020_TAD_79951	शा. कन्या उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान बड़वानी कार्य।	बड़वानी	3.70				
		शा. वालक सीनियर छात्रावास वालकुंआ में सेप्टिक टैंक एवं चेम्बर निर्माण कार्य।	बड़वानी	0.75				
		योग -		**4.25**	**8500/-**	**2000/-**	**उपयुक्त**	**02 Month**
18.	2020_TAD_79952	शा. कन्या उमावि राजपुर में टॉयलेट ब्लॉक निर्माण कार्य।	राजपुर	3.00				
		शा. वालक सीनियर छात्रावास अंजड़ में लघुमूल कार्य।	ठीकरी	3.45				
		योग -		**6.45**	**12900/-**	**2000/-**	**उपयुक्त**	**02 Month**

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की **अंतिम तिथि दिनांक 27.02.2020 सायं 5.30 बजे** तक नियत की गई है।
कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित।

सहायक आयुक्त
वास्ते कलेक्टर, जिला बड़वानी
जी- 23187/43671/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक 1, रीवा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 14/2019-20 **भोपाल, दिनांक 05.02.2020**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. अमानत राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/छोड़कर
1.	PWDRB 77553	कांस्ट्रक्सन ऑफ वैलेंस वर्क रीवा सिरमौर एम.डी.आर. में मण्डी पहुंच मार्ग व्हाया नीम चौक सैनिक स्कूल लंवाई 2.25 कि.मी. का कार्य।	319.91	1. 319910/- 2. 15000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. छः माह
2.	PWDRB 77555	वैलेंस वर्क ऑफ वी.टी. रिनूवल रघुराजगढ़ से दुअरा धवईया मार्ग लंवाई 2.20 कि.मी. का कार्य।	23.15	1. 46300/- 2. 5000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. छः माह
3.	PWDRB 77558	उपसंभाग क्रमांक-1 उपखण्ड कटरा के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य।	10.00	1. 20000/- 2. 2000/-	1. प्रथम आमंत्रण 2. चार माह
(B) 20 सेमी
(C) 14 सेमी
(D) 16 सेमी

उत्तर (D) 16 सेमी है।

व्याख्या - माना दूसरे कर्ण की लम्बाई 2x है, तो $x^2 + 36 = 100$ होगा।

17. दो समरूप ΔABC तथा ΔPQR की परिमाप क्रमशः 32 सेमी तथा 24 सेमी है। यदि PQ = 12 सेमी हो, तो AB का मान होगा?

(A) 8 सेमी
(B) 20 सेमी
(C) 16 सेमी
(D) 10 सेमी

उत्तर (C) 16 सेमी है।

व्याख्या - यहाँ

$\frac{\Delta ABC \text{ की परिमाप}}{\Delta PQR \text{ की परिमाप}} = \frac{AB}{PQ}$ से

$\frac{32}{24} = \frac{AB}{12}$ से AB = 16 होगा।

18. ΔABC में DE ∥ BC है। यदि DE = 3 सेमी, BC = 6 सेमी तथा ΔADE का क्षेत्रफल 15 वर्ग सेमी हो, तो ΔABC का क्षेत्रफल होगा?

(A) 60 वर्ग सेमी
(B) 30 वर्ग सेमी
(C) 120 वर्ग सेमी
(D) 20 वर्ग सेमी

उत्तर (A) 60 वर्ग सेमी है।

व्याख्या - यहाँ

$\frac{\Delta ADE \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}} = \frac{DE^2}{BC^2}$ से

$\frac{15}{A} = \frac{9}{36}$ है। अतः A = 60 होगा।

19. एक समद्विबाहु ΔABC में ∠C = 90° हो, तो AC^2 का मान होगा?

(A) AB^2 (B) $2AB^2$
(C) $\frac{AB^2}{2}$ (D) $3AB^2$

उत्तर (C) $\frac{AB^2}{2}$ है।

व्याख्या - यहाँ $AB^2 = AC^2 + BC^2 = AC^2 + AC^2$ है।

20. दो बेलनों की त्रिज्याओं का अनुपात 2:3 है। यदि इनकी ऊँचाईयों का अनुपात 5:4 हो, तो इनके वक्र पृष्ठों का अनुपात होगा?

(A) 5:6
(B) 5:3
(C) 3:5
(D) 1:4

उत्तर (A) 5:6 है।

व्याख्या - यहाँ $\frac{S_1}{S_2} = \frac{2\pi r_1 h_1}{2\pi r_2 h_2}$

$= \frac{2}{3} \times \frac{5}{4} = \frac{5}{6}$ है।

21. एक रोलर का व्यास 1.4 मीटर तथा लम्बाई 2.0 मीटर है। इसे 5 चक्कर लगाने में कितना क्षेत्रफल पूरा होगा?

(A) 22 वर्ग मीटर
(B) 144 वर्ग मीटर
(C) 44 वर्ग मीटर
(D) 100 वर्ग मीटर

उत्तर (C) 44 वर्ग मीटर है।

व्याख्या - क्षेत्रफल $n \times 2\pi rh =$

$5 \times \frac{44}{7} \times 0.7 \times 2 = 44$ है।

22. एक शंकु का व्यास 70 सेमी तथा वक्रपृष्ठ 4070 वर्ग सेमी हैं। इसकी त्रियक ऊँचाई होगी?

(A) 35 सेमी
(B) 10 सेमी
(C) 37 सेमी
(D) 14 सेमी

उत्तर (C) 37 सेमी है।

व्याख्या - यहाँ वक्र पृष्ठ $= \pi rl$ से 4070 $= = \frac{22}{7} \times 35 \times l$ है।

23. समान ऊँचाई वाले दो शंकुओं की त्रिज्याओं का अनुपात 3:5 है, तो इनके आयतनों का अनुपात होगा?

(A) 5:3
(B) 5:6
(C) 25:9
(D) 9:25

उत्तर (D) 9:25 है।

व्याख्या - यहाँ

$\frac{V_1}{V_2} = \frac{\pi r_1^2 h_1 / 3}{\pi r_2^2 h_2 / 3}$

$= \frac{r_1^2}{r_2^2} = \frac{9}{25}$ है।

24. एक अर्द्धगोले के ऊपर एक शंकु रखकर एक खिलौना बनाया गया है। शंकु की त्रिज्या 3.5 सेमी तथा खिलौने की ऊँचाई 15.5 सेमी है। इनका कुल वक्रपृष्ठ होगा?

(A) 214.5 वर्ग सेमी
(B) 400 वर्ग सेमी
(C) 120.5 वर्ग सेमी
(D) 200 वर्ग सेमी

उत्तर (A) 214.5 वर्ग सेमी है।

व्याख्या - शंकु की ऊँचाई 12 सेमी है। अब $l^2 = r^2 + b^2$ तथा

वक्रपृष्ठ = $\pi r^2 + \pi rl$ से गणना करते हैं।

25. एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 5544 वर्ग सेमी है। इसका व्यास होगा?

(A) 21 सेमी
(B) 36 सेमी
(C) 24 सेमी
(D) 42 सेमी

उत्तर (D) 42 सेमी है।

व्याख्या - यहाँ $A = 4\pi r^2 = 5544$ है।

26. धातु के एक गोले की त्रिज्या 3 सेमी है। इसे पिघलाकर छोटी गेंदें बनायी गई हैं। यदि गेंद का व्यास 0.6 सेमी हो, तो गेंदों की संख्या होगी?

(A) 100
(B) 500
(C) 250
(D) 1000

उत्तर (D) 1000 है।

व्याख्या - यहाँ

$V = \frac{4\pi R^3}{3} = \frac{n \times 4\pi r^3}{3}$ से

$R^3 = nr^3$ है।

अतः $n = \frac{27}{(0.3)^3} = 1000$ है।

27. एक बेलन का आयतन V_1, शंकु का आयतन V_2 तथा अर्द्धगोले का आयतन V_3 है। यदि इनकी त्रिज्याएँ तथा ऊँचाई समान हों, तो $V_1 : V_2 : V_3$ का मान होगा?

(A) 3 : 1 : 2
(B) 1 : 2 : 3
(C) 2 : 1 : 3
(D) 2 : 3 : 1

उत्तर (A) 3 : 1 : 2 है।

व्याख्या - यहाँ $V_1 = \pi r^2 h$,

$V_2 = \frac{\pi r^2 h}{3}$ तथा

$V_3 = \frac{2\pi r^3}{3}$ है।

- डॉ. एस.एस. पालीवॉल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

कोनेरू हम्पी

शतरंज में स्थापित कर रहीं नए आयाम

भारत में शतरंज एक लोकप्रिय तथा घर-घर में खेला जाने वाला खेल है। इसका उद्भव हमारे देश में ही हुआ है। इस खेल में भारतीय खिलाड़ियों ने विश्वभर में डंका बजाया है। ऐसी ही एक खिलाड़ी हैं कोनेरू हम्पी। अमेरिका में आयोजित कैन्र्स कप को जीतकर हम्पी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पिछले दो महीने में उनका लगातार यह दूसरा खिताब है। इस टूर्नामेंट में हम्पी ने चीन की विश्व चैम्पियन खिलाड़ी वेंजून जू, रूस की एलेक्जेंड्रा कोस्तेनियुक और भारत की हरिका द्रोणवल्ली जैसी दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ा है। इस खिताबी जीत के साथ ही हम्पी को 5 रेटिंग प्वाइंट मिले हैं, जिसके चलते वे विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।

वर्ल्ड रैपिड चेस चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय महिला

कैन्र्स कप से कुछ दिन पहले ही हम्पी ने वर्ल्ड रैपिड चेस चैम्पियनशिप जीती है। यह विश्व खिताब जीतने वाली वे भारत की पहली महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। हालांकि पुरुष वर्ग में भारत के ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद वर्ष 2017 में यह खिताब जीत चुके हैं। वर्ल्ड रैपिड चेस चैम्पियनशिप के फाइनल में हम्पी ने चीन की दिग्गज शतरंज प्लेयर लेई तिंगजी को 2-1 से हराया था। फाइनल मुकाबले में पहला राउंड हारने के बाद हम्पी ने अगले दो राउंड जीतकर सभी को हैरत में डाल दिया। हम्पी की यह जीत इसलिए अप्रत्याशित थी, क्योंकि वे लगभग दो वर्ष के अंतराल के बाद शतरंज में वापसी कर रही थीं।

पिता ने तराशी प्रतिभा

कोनेरू हम्पी के पिता अशोक स्वयं शतरंज खिलाड़ी रह चुके हैं। अशोक ने राज्यस्तर पर कई खिताब भी जीते हैं। हम्पी ने पांच वर्ष की आयु में ही अपने पिता के साथ शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। हम्पी जब छह वर्ष की थीं, तब एक बार उनके पिता शतरंज खेल रहे थे और अगली चाल के बारे में सोच रहे थे, हम्पी ने उन्हें अगली चाल के बारे में बताया जो बिल्कुल सटीक थी। इसके बाद अशोक ने हम्पी की विलक्षण प्रतिभा को संवारने का फैसला किया और उन्हें गहन प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया। पिता द्वारा दिए कुशल मार्गदर्शन के कारण हम्पी सात वर्ष की आयु में ही शतरंज में पारंगत हो गईं। हम्पी इस आयु में लड़कों के साथ प्रशिक्षण लेती थीं और उन्हें हराया भी करती थीं।

जूनियर वर्ग में जीते हैं कई खिताब

हम्पी ने छोटी उम्र में ही शतरंज में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। वे महज 9 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय चैम्पियन बन गई थीं। इसके बाद हम्पी ने विश्व स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हम्पी ने जूनियर वर्ग में विश्व स्तर पर तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। हम्पी ने वर्ष 1997 में अंडर-10 बालिका वर्ग, वर्ष 1998 में अंडर-12 बालिका वर्ग और वर्ष 2000 में अंडर-14 बालिका वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। हम्पी ने वर्ष 1999 में अहमदाबाद में आयोजित एशियाई युवा शतरंज चैम्पियनशिप में लड़कों को हराकर अंडर-12 युवा चैम्पियनशिप जीती थी। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2001 में विश्व जूनियर बालिका चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी।

भारत की पहली महिला ग्रैंड मास्टर

भारत के दिग्गज शतरंज स्टार ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद को अपना आदर्श मानने वाली कोनेरू हम्पी के नाम भारत की पहली महिला ग्रैंड मास्टर होने का रिकॉर्ड है। हम्पी ने यह खिताब महिला ही नहीं बल्कि ओवरऑल वर्ग में जीता है। हम्पी ने वर्ष 2002 में 15 वर्ष 1 माह 27 दिन की उम्र में ग्रैंड मास्टर खिताब जीता था, इसके साथ ही वे विश्व की सबसे युवा ग्रैंड मास्टर भी बनी थीं। इससे पहले यह रिकॉर्ड हंगरी की जुदित पोलगर के नाम था, पोलगर 15 वर्ष 4 माह 27 दिन की आयु में ग्रैंड मास्टर बनी थीं।

दोहा एशियाड में किया यादगार प्रदर्शन

कोनेरू हम्पी ने वर्ष 2006 में दोहा में आयोजित हुए एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक जीते। यह उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इनमें से एक पदक महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में तथा दूसरा पदक मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता। हम्पी ने महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में चीन की झाओ जुई को हराया। वहीं मिश्रित टीम स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने कृष्णन शशिकिरण और पी. हरिकृष्णा के साथ मिलकर स्वर्ण पदक जीता। इस तिकड़ी ने लगातार आठ मुकाबले जीतकर नौ दौर की इस स्पर्धा में 21 अंक अर्जित कर चीन (5 अंक) को आसानी से हरा दिया।

वर्ष 2017 में शतरंज से लिया ब्रेक

लंबे समय तक शतरंज में अनेक खिताब जीतने के बाद कोनेरू हम्पी ने वर्ष 2017 में पारिवारिक कारणों से शतरंज से ब्रेक लिया। कोनेरू के इस फैसले के बाद लगा कि अब उनका कॅरियर खत्म हो गया है, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत के बाद हम्पी ने वर्ष 2019 में वापसी की। वापसी के बाद पहले टूर्नामेंट में हम्पी के साधारण प्रदर्शन के बाद उनकी क्षमताओं पर सवाल उठने लगे थे। इसके बाद हम्पी ने दिसम्बर 2019 में विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीतकर आलोचकों को करारा जवाब दिया।

ग्रैंड मास्टर कोनेरू हम्पी शतरंज में रुचि रखने वाले युवाओं और नवोदित खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श हैं। हम्पी ने अपनी प्रतिभा और जुझारू खेल के दम पर साबित किया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

हम्पी के कॅरियर की उपलब्धियां

- कोनेरू हम्पी को वर्ष 2003 में अर्जुन पुरस्कार तथा वर्ष 2007 में पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 2004 में हम्पी को हीरो होंडा स्पोर्ट्स अकादमी ने श्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया।
- हम्पी को वर्ष 1997 और 1998 में स्पोर्ट्स स्टार यंग अचीवर अवॉर्ड से नवाजा गया।
- हम्पी दो बार ग्रैंड मास्टर बनने वाली पहली भारतीय महिला हैं।
- हम्पी शतरंज में विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।
- हम्पी के नाम एशिया की सबसे युवा अंतर्राष्ट्रीय महिला मास्टर बनने का रिकॉर्ड है।
- हम्पी ने वर्ष 1999 में लंदन में आयोजित माइन्ड स्पोर्ट्स ओलिंपियाड में 2 स्वर्ण पदक जीते हैं।

- मोहन सिंह पाल
(लेखक, खेल एवं समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. भारतीय खिलाड़ी अंकिता रैना का संबंध किस खेल से है?
(अ) टेनिस
(ब) बैडमिंटन
(स) स्क्वैश
(द) टेबल टेनिस

2. विश्व तीरंदाजी महासंघ ने हाल ही में किस देश पर लगे निलंबन को हटाया है?
(अ) दक्षिण कोरिया
(ब) चीन
(स) म्यांमार
(द) भारत

3. आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में कितनी टीमें हिस्सा ले रही हैं?
(अ) 8
(ब) 10
(स) 12
(द) 14

4. हाल ही में इनमें से किसे एशियाई टेनिस महासंघ का आजीवन अध्यक्ष बनाया गया है?
(अ) अनिल खन्ना
(ब) अनिल धूपर
(स) सुंदर राजू
(द) इनमें से कोई नहीं

5. एफआईएच हॉकी प्रो लीग का पहला सीजन किस देश ने जीता है?
(अ) बेल्जियम
(ब) जर्मनी
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) नीदरलैंड्स

6. पाकिस्तान का प्रसिद्ध गद्दाफी स्टेडियम किस शहर में स्थित है?
(अ) कराची
(ब) लाहौर
(स) रावलपिंडी
(द) पेशावर

7. डकार रैली रेस किस खेल से संबंधित है?
(अ) साइकल रेसिंग
(ब) हॉर्स रेसिंग
(स) मोटर रेसिंग
(द) बोट रेसिंग

8. वर्ष 2022 में अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप किस देश में खेला जायेगा?
(अ) श्रीलंका
(ब) भारत
(स) संयुक्त अरब अमीरात
(द) वेस्ट इंडीज

9. भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने प्रोफेशनल मुक्केबाजी में कितने मुकाबले जीते हैं?
(अ) 8
(ब) 10
(स) 12
(द) 14

10. स्पेनिश फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड ने कितने बार सुपर कप जीता है?
(अ) 10
(ब) 11
(स) 12
(द) 6

11. टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड किस देश के नाम है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) इंग्लैंड
(स) वेस्ट इंडीज
(द) न्यूजीलैंड

12. इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट टेनिस से संबंधित नहीं है?
(अ) डेविस कप
(ब) फेड कप
(स) एटीपी कप
(द) थॉमस कप

13. टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) रोहित शर्मा
(ब) शोएब मलिक
(स) रॉस टेलर
(द) लसिथ मलिंगा

14. विदेशी लीग में जुड़ने वाली बाला देवी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) फुटबॉल
(ब) क्रिकेट
(स) हॉकी
(द) तीरंदाजी

15. क्रिकेट की प्रसिद्ध विग वैश लीग किस देश का घरेलू टूर्नामेंट है?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) इंग्लैंड
(द) न्यूजीलैंड

16. हाल ही में विमान दुर्घटना में मारे गये कोबी ब्रायंट का संबंध किस खेल से है?
(अ) बास्केटबॉल
(ब) बेसबॉल
(स) गोल्फ
(द) इनमें से कोई नहीं

17. इनमें से किस पूर्व क्रिकेटर को बीसीसीआई ने हाल ही में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा है?
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) दिलीप वेंगसरकर
(स) सैयद किरमानी
(द) कृष्णामाचारी श्रीकांत

18. इनमें से किसे भारतीय पैरालंपिक समिति का अध्यक्ष चुना गया है?
(अ) साक्षी मलिक
(ब) दीपिका कुमारी
(स) दीपा मलिक
(द) इनमें से कोई नहीं

19. इस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?
(अ) सोफिया केनिन
(ब) एश्ले बार्टी
(स) गरबाइन मुगुरुजा
(द) स्टीफन स्लोएन

20. इस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?
(अ) राफेल नडाल
(ब) रोजर फेडरर
(स) डोमिनिक थिएम
(द) नोवाक जोकोविच

21. स्ट्रेंजा मेमोरियल टूर्नामेंट किस खेल से संबंधित है?
(अ) कुश्ती
(ब) मुक्केबाजी
(स) एथेलेटिक्स
(द) वॉलीबॉल

22. वर्ष 2019 में आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर किसे चुना गया है?
(अ) रोहित शर्मा
(ब) केन विलियम्सन
(स) बेन स्टोक्स
(द) विराट कोहली

23. वर्ष 2018 में एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किस देश में किया गया था?
(अ) भारत
(ब) संयुक्त अरब अमीरात
(स) मलेशिया
(द) श्रीलंका

24. वर्ष 2024 में विंटर ओलिंपिक यूथ गेम्स कहां आयोजित किये जायेंगे?
(अ) दक्षिण कोरिया
(ब) रूस
(स) स्विट्जरलैंड
(द) कनाडा

25. जनवरी-2020 में ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब किसने जीता है?
(अ) सिमोना हालेप
(ब) सेरेना विलियम्स
(स) कैरोलिना प्लिस्कोवा
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. अ, 2. द, 3. ब, 4. अ, 5. स, 6. ब, 7. स, 8. द, 9. स, 10. ब, 11. ब, 12. द, 13. ब, 14. अ, 15. ब, 16. अ, 17. द, 18. स, 19. अ, 20. द, 21. ब, 22. स, 23. ब, 24. अ, 25. ब।

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

युवाओं को सशक्त बनाता नेहरू युवा केंद्र संगठन

नेहरू युवा केन्द्रों की स्थापना कब की गई थी?

- नेहरू युवा केन्द्रों की स्थापना 1972 में की गई थी।

व्याख्या : नेहरू युवा केन्द्रों की स्थापना आज़ादी की पच्चीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर 14 नवंबर को हुई। देश के प्रथम प्रधानमंत्री तथा आज़ादी की लड़ाई के युवा नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू की स्मृति में इसे नेहरू युवा केन्द्र कहा गया।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाइकेएस) की स्थापना कब की गई थी?

- नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाइकेएस) की स्थापना वर्ष 1987-88 में की गई थी।

व्याख्या : गांव के युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए नेहरू युवा केंद्र की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1972 में की गई थी। वहीं जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने तो 1987-88 में इसका नाम बदलकर नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाइकेएस) रख दिया गया। इसे युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन का दर्जा दिया गया।

राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल होते हैं इस संगठन के युवा

विगत कई वर्षों में नेहरू युवा केन्द्र संगठन ने जहां-जहां नेहरू युवा केन्द्र स्थापित किये हैं, वहां-वहां युवा मंडलों का नेटवर्क स्थापित हुआ है। युवा मंडल एवं इसके सदस्य नेहरू युवा केन्द्रों के विशाल राष्ट्रीय ग्रामीण नेटवर्क के आधार को तैयार करते हैं। युवा मंडल में जमीनी स्तर पर ग्राम स्तरीय युवा सदस्य होते हैं, जो राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल होकर अपना अमूल्य योगदान देते हैं। युवा मंडलों के इस नेटवर्क में ही नेहरू युवा केन्द्र संगठन की मुख्य शक्ति होती है। युवा मंडल ग्राम आधारित संस्थाएं हैं, जो कि सामुदायिक विकास और युवा सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत हैं। नेहरू युवा केन्द्र संगठन का मुख्य लक्ष्य युवा मंडलों के गठन द्वारा विकास हेतु युवा शक्ति का उपयोग करने के लिए क्षेत्रों की पहचान करना है।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाइकेएस) के युवा मंडल के उद्देश्य एवं कार्य

युवा मंडलों का गठन 15-35 वर्ष की आयु तक के युवा सदस्यों द्वारा किया जाता है। युवा मंडलों का मुख्य उद्देश्य युवा सशक्तिकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकासात्मक पहलों की गतिविधियों के माध्यम से समाज को सहयोग प्रदान करना है। युवा मंडलों की गतिविधियां एवं कार्यक्रम स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित होती हैं, जिनका कार्यान्वयन विभिन्न स्थानीय विभागों एवं एजेंसियों द्वारा स्थानीय संसाधन एकत्रित करके किया जाता है।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन के उद्देश्य

नेहरू युवा केन्द्र संगठन का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करना है और उनमें ऐसे कौशल एवं मूल्यों को विकसित करना है जिससे कि वे आधुनिक, धर्म निरपेक्ष तथा तकनीकी राष्ट्र के उत्तरदायी एवं सृजनकारी नागरिक बन सकें।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन का दृष्टिकोण

भारत की जनसंख्या का लगभग तीन चौथाई हिस्सा ग्रामीणों का है। इसलिए संपूर्ण राष्ट्र का वास्तविक विकास उनकी प्रगति एवं विकास पर निर्भर है। इसके अलावा जनसांख्यिकी लाभांश जो इस देश को मिलता है वह युवाओं की जनसंख्या अधिक होने के कारण है। इसलिए नेहरू युवा केन्द्र संगठन जैसी सबसे बड़ी युवा संस्थाओं के लिए यह आवश्यक है कि वह इस प्रकार के कार्यक्रम अधिक से अधिक आयोजित करें, क्योंकि युवाओं को सशक्त बनाना एक महत्वपूर्ण कार्य है।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन युवाओं विशेषकर ग्रामीण युवाओं के विकास में अहम भूमिका निभाता है। ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में हिस्सा लेने और इसके साथ-साथ उन्हें व्यक्तित्व एवं कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेहरू युवा केन्द्रों की स्थापना की गई थी। वहीं इन केन्द्रों के काम-काज को देखने के लिए वर्ष 1987-88 में नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाइकेएस) की स्थापना की गई थी। इस संगठन को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त शासी संस्था के रूप में स्थापित किया गया था। युवा केन्द्र संगठन विश्व में अपने प्रकार की जमीनी स्तर की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है। यह स्वैच्छिकता, स्व-सहायता और सामुदायिक प्रतिभागिता के सिद्धांतों के आधार पर 13-35 वर्ष के युवाओं को सही दिशा प्रदान करता है।

इस संगठन के दृष्टिकोण में जमीनी स्तर पर अच्छे नागरिक और युवा नेतृत्व के लिए विकासात्मक गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। युवा मंडलों का गठन किया जाता है और उन्हें खेल, सांस्कृतिक और स्थानीय गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। युवा मंडलों के गठन एवं निरंतरता के लिए युवा नेतृत्व का विकास किया जाता है। यह नेतृत्व स्वयं सेवा के नेटवर्क, मूलभूत लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने के अच्छे अवसर उपलब्ध कराने तथा विकास करने और युवाओं के सशक्तिकरण में सहायता करने जैसे कौशल उत्पत्ति, स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल के प्रति जागरूकता लाने एवं स्वरोज़गार जैसे सृजनात्मक कार्यों के लिए अत्यंत लाभदायक है।

बुनियादी कार्यक्रम में शामिल है राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के दिवसों का आयोजन

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के दिवसों का आयोजन नेहरू युवा केंद्र संगठन के बुनियादी कार्यक्रम में शामिल है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के दिवस के उद्देश्य, उनके विषय तथा महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। प्रत्येक जिले के नेहरू युवा केंद्र तय दिवसों में से कम से कम 25 महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन करेगा। इसमें 10 दिन अनिवार्य होंगे, जबकि 15 दिन ऐच्छिक होंगे। कुछ प्रमुख दिवस इस प्रकार से हैं:- विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल), डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल), पंचायती राज दिवस (24 अप्रैल), विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून), अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून), विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई), स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त), सद्भावना दिवस (20 अगस्त), राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस (29 अगस्त), हिन्दी दिवस (14 सितम्बर), विकास दिवस (17 सितम्बर), वृद्ध व्यक्तियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस (1 अक्टूबर), गांधी जयंती (विश्व अहिंसा एवं स्वच्छता दिवस) (2 अक्टूबर), सतर्कता दिवस (26 अक्टूबर), राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस (31 अक्टूबर), नेहरु युवा केन्द्र संगठन स्थापना दिवस (14 नवम्बर), कौमी एकता दिवस (19 नवम्बर), राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) एवं सप्ताह (13 से 19 जनवरी), नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस (23 जनवरी), संविधान दिवस (26 जनवरी), महात्मा गांधी बलिदान दिवस (30 जनवरी) और शहीदी दिवस (23 मार्च) आदि।

आधुनिक दौर को पहचानते हुये तैयार हों नेहरू युवा केन्द्र

हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा है कि पहले युवा खेत में काम करता था, आज का युवा शिक्षित है। इन परिवर्तनों को पहचान कर 2020 का नेहरू युवा केन्द्र बनाने की दिशा में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि 1972 में जब नेहरू युवा केन्द्र का गठन किया गया था, तब हमारा लक्ष्य युवा शक्ति को संविधान, देश निर्माण, संस्कृति, सभ्यता और सामाजिक मूल्यों से जोड़कर रचनात्मक दिशा देना था, लेकिन आज आवश्यकता इस मूल्यांकन की है कि हमें इसमें कितनी सफलता मिली। आज युवाओं की सोच में आए बदलावों के अनुसार केन्द्र के आधारभूत ढांचे और उसकी कार्य प्रक्रिया निर्धारित करनी होगी।

- **रश्मि रंजन**
(लेखिका, वाटर एड में कार्यक्रम अधिकारी हैं एवं समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

पारिस्थितिकी : मूल अवधारणा एवं महत्व

पारिस्थितिकी एक अंग्रेजी शब्द ईकोलॉजी का हिन्दी रूपांतरण है। ईकोलॉजी शब्द दो ग्रीक शब्दों ओइकोस (Oikos) तथा लोगोस (Logos) से मिलकर बना है। ओइकोस का अर्थ है "घर अथवा आवास" तथा लोगोस का अर्थ है "अध्ययन"। इस प्रकार वनस्पतियों, जंतुओं और उनके पर्यावरण के पारस्परिक संबंधों तथा उनके बीच का सामंजस्य ही पारिस्थितिकी कहलाता है। प्रकृति में कोई भी जीव अकेले नहीं रह सकता। वे हमेशा एक दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं और अपने आपको समुदायों के रूप में संगठित करते हैं। इसके अलावा उनका अपने बाहरी पर्यावरण से निकट सामंजस्य रहता है। समुदायों का यह संरचनात्मक और क्रियात्मक तंत्र तथा उनका पर्यावरण ही पारिस्थितिकी तंत्र या पारितंत्र या ईकोसिस्टम कहलाता है। पारिस्थितिकी का आधार वनस्पति, जन्तु, सूक्ष्म जीव और उनके वातावरण सभी के सह अस्तित्व में निहित हैं। इस प्रकार ईकोलॉजी या पारितंत्र जीवों का उनके वासस्थान के अध्ययन पर आधारित है।

पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी व्यवस्था

प्रकृति के सभी जैविक तथा अजैविक घटकों में परस्पर घनिष्ठ संबंध रहता है। उदाहरण स्वरूप पेड़ पौधे, भूमि से जल तथा पोषक तत्व प्राप्त करते हैं। इनकी पत्तियां, फल एवं अन्य चीजों को शाकाहारी जंतु जैसे बकरी, खरगोश, गाय, बैल मानव आदि खाते हैं। इन जंतुओं की मृत्यु होने पर बैक्टीरिया, फंगस तथा अन्य सूक्ष्म जीव उनके मृत शरीर से पोषण ग्रहण करते हैं। इनके शरीर के शेष अंश नाइट्रोजन, सल्फर, कार्बन जैसे सूक्ष्म अणुओं से विभाजित होकर वापस मिट्टी में मिल जाते हैं। इस तरह उक्त सभी घटकों के परस्पर जुड़ाव का एक चक्र पूरा होता है। प्रकृति में इस तरह के बहुत सारे चक्र होते हैं, जो हमारे पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी व्यवस्था को चलायमान रखते हैं। पर्यावरण अपने आम में समग्र रूप से प्राकृतिक व मानवीय तत्वों का रूप होता है। इस प्रकार पर्यावरण व पारिस्थितिकी दोनों ही एक हैं, परंतु स्थान विशेष के आधार पर इनका क्रियात्मक स्वरूप, मानव व्यवहार के कारण भिन्न-भिन्न हो जाता है।

पारिस्थितिकी विकास के स्वरूप एवं उद्देश्य

पारिस्थितिकी व्यवस्था एवं उसका विकास मूल रूप से जैविक (Biotic) एवं अजैविक (Abiotic) तत्वों से मिलकर होता है। इसलिए इससे विकास एवं अध्ययन के सैद्धांतिक पहलू भी यही दोनों तत्व मिलकर बनाते हैं। मनुष्य इन तत्वों को अपनी गतिविधियों से प्रभावित कर उसमें वांछित परिवर्तन के माध्यम से इन्हें दिशा एवं गति प्रदान करता है। कृषि, वन, जंगली जानवरों, मत्स्य एवं विकास की अन्य गतिविधियों से मनुष्य इन क्षेत्रों के स्वरूप में परिवर्तन भी करता है और उनका जीवन भी जो पारिस्थितिकी के स्वरूप को लगातार बदलता है।

इस प्रकार पारिस्थितिकी विकास का उद्देश्य, मानव अपने स्वार्थ व आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है, जिसमें मुख्यतः तीन उद्देश्य निहित रहते हैं :-

1. पारिस्थितिकी प्रक्रियाओं को बनाए रखना (Principle of Maintenance of Essential Ecological Processes)
2. जीवनदायिनी व्यवस्थाओं का सिद्धान्त (Principle of Life Supporting System)
3. जैवकीय, जिनेटिक, प्रक्रियाओं को बनाए रखना (Principle of Preservation of Genetic Diversity)

इन उद्देश्यों की अवपालना तभी संभव है, जब हम पर्यावरण को पूर्ण रूप से समझकर चलें तथा उद्देश्यों की पूर्ति के लिए यह न भूलें की इनमें कभी गतिरोध या संघर्ष या टकराव पूरा न हो। इसके लिए अवश्यक है की हम वातावरण की विभिन्न प्रक्रियाओं की उपयोगिता सही रूप में समझे जिनमें मुख्य हैं :-

1. जीवों का स्थानीय तथा भौगोलिक वितरण तथा बाहुल्य जैसे आवास, निकेत (Niche), समुदाय (Community), जैव-भूगोल (Bio-Geography)
2. प्राप्ति बाहुल्य और जीवों की क्रियाशीलता में समय-समय पर होने वाले परिवर्तन जैसे मौसमी, वार्षिक, अनुक्रमिक, भूगार्भिक (Geological)
3. जनसंख्या (Population) तथा समुदायों के जीवों के परस्पर संबंध जिसे हम जनसंख्या पारिस्थितिकी या Population Ecology भी कहते हैं।
4. भौतिक पर्यावरण के साथ जीवों के संरचनात्मक तथा क्रियात्मक अनुकूलन।
5. प्राकृतिक परिस्थितियों में जीवों का व्यवहार या Ethnology.
6. जीवों के परस्पर संबंधों का विकासात्मक परिवर्तन या Evolutionary Development.
7. प्रकृति के जैविक उत्पादकता तथा उनके मानवता के कल्याण में सर्वोत्तम उपयोग (Ecosystem Ecology)

प्रकृति में संगठन के स्तर एवं पारिस्थितिकी तंत्र

पारिस्थितिकी के तत्वों अथवा संगठन स्तर द्वारा आधुनिक पारिस्थितिकी को समझा जा सकता है। ये हैं जीव, जाति, समष्टि, समुदाय एवं पारिस्थितिकी तंत्र। ये सभी मिलकर वातावरण के भौतिक घटकों जैसे कि ऊर्जा एवं द्रव्य के साथ होने वाली पारस्परिक क्रिया से एक क्रियाशील तंत्र बनाते हैं।

जीव - जीवन का कोई भी रूप जीवन है। पृथ्वी पर एक कोशकीय अमीबा से लेकर हाथी एवं व्हेल जैसे बड़े आकार के जीव, अति सूक्ष्म शैवाल से लेकर बड़े पीपल के वृक्ष तक अनंत विविध प्रकार के जीव पाये जाते हैं।

जाति - जीवों का वह समूह जो आकृति, व्यवहार, रासायनिक तथा जीनिक संरचना में एक समान हो, एक प्रजाति कहलाती है। उदाहरण के तौर पर सभी मुनष्य अपनी बाहरी और आंतरिक बनावट में एक समान होते हैं।

समष्टि - एक निर्धारित समय में निर्धारित क्षेत्र में निवास करने वाले एक जाति के जीवों का समूह समष्टि कहलाता है। उदाहरणतः किसी नेशनल पार्क में रहने वाले बाघों का समूह एक समष्टि सहलाता है।

समुदाय - एक निर्धारित क्षेत्र में रहने वाले निश्चित प्राणियों के समूह जो परस्पर जुड़े रहते हैं, समुदाय कहलाते हैं। यदि हम किसी राष्ट्रीय उद्यान के समुदाय के बारे में कहें, तो वहां निवास करने वाले शेर, चीते, हिरण, गेंडा तथा अन्य जीव तथा मनुष्य की जनसंख्या ही समुदाय है।

पारिस्थितिकी समूह

एक पारिस्थितिकी समूह जीवों का एक ऐसा चलायमान तंत्र है जिसमें जीव पारिचारिक तौर पर, रासायनिक तथा भौतिक रूप से जुड़े होने के साथ-साथ अजैविक घटकों से भी जुड़े रहते हैं।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पुण्यतिथि 28 फरवरी

राष्ट्रपति सहित हर पद का दायित्व पूरी गरिमा से निभाने वाले साहसी सेनानी थे डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

महात्मा गांधी जी ने एक समय कहा था-"भारत का पहला राष्ट्रपति वही होगा, जो ईश्वर का भक्त है, साहसी और निर्भीक है तथा जो अपने आप को जनता का सेवक समझता है।" डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का व्यक्तित्व उनकी इस कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरा और देश की आजादी के बाद जब उनको राष्ट्रपति चुना गया तो गांधी जी की यह बात अक्षरशः सही साबित हुई। उन्होंने इस सर्वोच्च पद के साथ-साथ जीवन भर अपनी हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और गरिमा के साथ निभाया। वे भारत के एकमात्र राष्ट्रपति थे जिन्होंने दो कार्य-कालों तक इस पद पर कार्य किया। उनका राष्ट्रपति काल उनके सिद्धांतों से परिभाषित था। वो अपने वेतन का सिर्फ आधा हिस्सा लेते थे और अपने कार्यकाल के अंत में केवल एक चौथाई रुपये ही लेने लगे थे। वो अपने सारे काम खुद ही करते थे और उन्होंने अपने पास सिर्फ एक व्यक्तिगत कर्मचारी रखा था। उन्हें तोहफों से नफरत थी और वे बस लोगों की दुआएं लेना पसंद करते थे। वो सही मायनों में लोगों के राष्ट्रपति थे और उनके समर्थक उनकी सादगी और विनम्रता के कायल थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रपति बनने के बाद दिए अपने पहले भाषण में ही अपनी इस सोच के बारे में लोगों को बता दिया था। उन्होंने कहा था- "मैं गांव का रहने वाला अनाड़ी आदमी हूँ। मैं शहर के तौर-तरीके से अनजान हूँ। इसलिए आप लोग मुझ पर अपनी उदारतापूर्वक कृपा को बनाये रखना, ताकि मैं अपने कार्यों का सम्पादन भली-भाँति कर सकूँ।"

संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में निभाई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में संविधान निर्माण के लिए अपनी सक्रियता और तेजस्विता का अद्भुत परिचय दिया। उनकी अध्यक्षता में 11 दिसम्बर 1946 से प्रारम्भ हुआ संविधान निर्माण का कार्य 24 जनवरी 1950 को पूरा हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत में अपना संविधान लागू किया गया। 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ और 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र बना। इसके पहले 24 जनवरी 1950 को ही संविधान सभा ने सर्वसम्मति से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारत का प्रथम राष्ट्रपति चुन लिया था। वे राष्ट्रपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूर्ण करने वाले और सबसे लंबे समय तक इस पद रहने वाले पहले तथा एकमात्र नेता के रूप में भी इतिहास में दर्ज हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर देश के राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने तक अपनी हर भूमिका और दायित्व को पूरी गरिमा के साथ निभाया। गांधी जी के आदर्शों और सिद्धांतों को सही मायने में आत्मसात् करने वाले भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपने सादगीपूर्ण जीवन के लिए जाने जाते हैं। उनका व्यक्तित्व इतना प्रभावी था कि उन्हें 'देशरत्न', 'विदेह', 'अजात शत्रु', 'बिहार का गांधी' से लेकर 'त्याग मूर्ति' और 'देशपूज्य' तक कई विशेषणों से भी नवाजा गया।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एक बड़े संपन्न परिवार से आए थे। उनके पूर्वज जमींदार थे। इसके बाद भी उन्होंने हमेशा सादगीपूर्ण जीवन जिया। उनका जन्म उस समय के बिहार क्षेत्र के एक छोटे से गांव जीरादेयू में 3 दिसम्बर, 1884 में हुआ था। वे एक बड़े संयुक्त परिवार के सबसे छोटे सदस्य थे, इसलिए वह सबके दुलारे थे। उनके पिता महादेव सहाई संस्कृत और फारसी भाषा के विद्वान थे। राजेन्द्र प्रसाद को अपनी माता कमलेश्वरी देवी और बड़े भाई महेन्द्र प्रसाद से विशेष लगाव था। उनकी तीन बड़ी बहनें भी थीं। उन्हें प्यार से 'राजेन बाबू' के नाम से पुकारा जाता था।

जब वे 5 साल के थे तो उन्हें फारसी, हिंदी और अंकगणित सीखने के लिए मौलवी के मार्गदर्शन में रखा गया था। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का विवाह जून 1896 में केवल बारह वर्ष की आयु में राजवंशी देवी के साथ हो गया था।

उनका परिवार शिक्षा को लेकर काफी जागरूक था, साथ ही वे स्वयं भी बहुत ही मेधावी और प्रतिभाशाली थे। यही वजह थी कि उन्होंने देश की आजादी के लिए चल रहे आंदोलनों के दौर में भी उच्च शिक्षा हासिल करने में सफलता प्राप्त की। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 1907 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी के साथ अर्थशास्त्र में एम.ए. किया। वे इतने बुद्धिमान थे कि कॉलेज में एक बार उनकी उत्तरपुस्तिका जांचने वाले परीक्षक ने टीप लिख दी थी कि परीक्षार्थी परीक्षक से बेहतर जानता है। इसके बाद राजेंद्र प्रसाद ने कुछ सालों तक एक शिक्षक के रूप में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्य किया। हालांकि, बाद में उन्होंने कानून की पढ़ाई के लिए अध्यापन का काम छोड़ दिया। उन्होंने 1937 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कानून में अपना डॉक्टरेट पूरा किया। अब वह डॉ. राजेन्द्र प्रसाद हो गये। इन वर्षों में राजेन्द्र प्रसाद कई प्रसिद्ध वक़ीलों, विद्वानों और लेखकों से मिले। वे भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य भी बन गये।

गांधी जी से मिलने के बाद कूद पड़े स्वतंत्रता संग्राम में

राजेन्द्र प्रसाद बेहद प्रतिभाशाली थे और कलकत्ता के एक योग्य वकील के यहाँ काम सीख रहे थे। अगर वे चाहते तो एक बड़े वकील के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त कर आराम से अपना जीवन गुजार सकते थे। उनका परिवार भी उनसे कई आशायें लगाये बैठा था, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद का मन इन सब में नहीं था। परतंत्रता की जंजीरें उन्हें व्यथित कर रही थीं। अंततः उन्होंने देशहित को चुना साथ ही पारिवारिक दायित्वों को भी यथासंभव निभाया।

उस समय देश में धीरे-धीरे ब्रिटिश शासक के अन्याय के प्रति भारतीयों की आवाज विरोध का रूप लेने लगी थी। जब कलकत्ता में सन् 1917 के दिसम्बर माह में 'ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी' का अधिवेशन हुआ तो भारत में उथल-पुथल मची हुई थी। राजेन्द्र प्रसाद भी इस अधिवेशन में शामिल हुए। उनके साथ ही महात्मा गांधी बैठे हुए थे, जो उसी समय दक्षिण अफ्रीका में सरकारी दमन के विरुद्ध संघर्ष करके भारत लौटे थे। राजेन्द्र प्रसाद को उस समय पता नहीं था कि वह सांवला पैनी आँखों वाला व्यक्ति ही उनके भविष्य के जीवन को आकार देगा। धीरे-धीरे डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की सक्रियता आजादी की लड़ाई में बढ़ने लगी थी। उस दौरान हुए चम्पारन आंदोलन में राजेन्द्र प्रसाद गांधी जी के वफादार साथी बन गये। करीब 25,000 किसानों के बयान लिखने का काम उन्हें सौंप दिया गया। बिहार और उड़ीसा की सरकारों ने अन्ततोगत्वा इन रिपोर्टों के आधार पर एक अधिनियम पास करके चम्पारन के किसानों को लम्बे वर्षों के अन्याय से छुटकारा दिलाया। गांधी जी के आदर्शवाद, साहस और व्यावहारिक सक्रियता से प्रभावित होकर राजेन्द्र प्रसाद अपने पूरे जीवन के लिये उनके समर्पित अनुयायी बन गये। गांधी जी के कारण उनके पुराने विचारों में एक क्रान्ति आई और वह सब चीजों को नये दृष्टिकोण से देखने लगे। उन्होंने महसूस किया, विदेशी ताकतों का हम पर राज करने का मूल कारण हमारी कमजोरी और सामाजिक ढांचे में दरारें हैं। साथ ही समाज को बदलने से पहले अपने को बदलने का साहस होना चाहिये।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद आजादी की लड़ाई में सक्रिय योगदान देने के साथ ही देश के नवनिर्माण के प्रयासों में भी जी-जान से जुटे रहे। इसी क्रम में उन्होंने अपनी जमी-जमाई वकालत छोड़कर पटना के निकट सन् 1921 में एक नेशनल कॉलेज खोला। इसमें उन हजारों छात्र और प्रोफेसरों को जोड़ा गया, जिन्होंने सरकारी संस्थाओं का बहिष्कार किया था। बाद में इस कॉलेज को गंगा किनारे सदाकत आश्रम में ले जाया गया। अगले 25 वर्षों के लिये यह राजेन्द्र प्रसाद जी का घर था।

संभाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक से अधिक बार अध्यक्ष रहे। अक्टूबर सन् 1934 में बम्बई में हुए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अधिवेशन की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद ने की थी। वे जो भी निर्णय लेते थे उसके पीछे कोई न कोई कारण और वाजिब तर्क जरूर होता था। उन्हें दमे की बीमारी थी इसके बावजूद कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से उन्होंने बहुत दौरे किए। जब कांग्रेस की स्वर्ण जयन्ती (सन् 1885-1935) मनाई गई और तो कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह दिन स्मरण करने और अपने निश्चय को दोहराने का है कि हम पूर्ण स्वराज्य लेंगे, जो स्वर्गीय तिलक के शब्दों में हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। सुभाषचंद्र बोस के अप्रैल सन् 1939 में कांग्रेस अध्यक्षता (त्रिपुरी) से त्यागपत्र देने के बाद राजेन्द्र प्रसाद फिर अध्यक्ष चुने गये।

तात्कालिक जीवन-मूल्यों का आईना है उनकी आत्मकथा

वकील होने के अलावा राजेंद्र प्रसाद एक उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्होंने अपनी आत्मकथा के अलावा और भी कई पुस्तकें लिखीं, जिनमें 'चम्पारन में सत्याग्रह' (1922), 'इंडिया डिवाइडेड' (1946), 'महात्मा गांधी एंड बिहार', 'सम रेमिनिसन्सेज' (1949), 'बापू के कदमों में' (1954) सम्मिलित हैं। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की आत्मकथा उनके जीवन और तात्कालिक जीवन-मूल्यों एवं रीति-नीति का आईना प्रस्तुत करती है। इसे पढ़कर स्वाधीनता संग्राम से जुड़े विभिन्न तथ्यों को भी जीवंतता से जाना जा सकता है। इस आत्मकथा का प्रारम्भ 1940 में राजस्थान के सीकर में हुआ, जहाँ वे सेठ जमना लाल बजाज के पैतृक ग्राम में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे थे। इसकी समाप्ति 24 अगस्त 1946 को 'पिलानी' में हुई ।

बने देश के पहले राष्ट्रपति

देश की आजादी से पहले जब जुलाई 1946 में संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन किया गया तो डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति बनने पर भी उनका राष्ट्र के प्रति समर्पित जीवन चलता रहा। खराब स्वास्थ्य के बावजूद वह वर्ष में 150 दिन रेलगाड़ी द्वारा यात्रा करते और छोटे-छोटे स्टेशनों पर रुककर सामान्य लोगों से मिलते। वे अपने विदेशी अतिथियों से भी इतनी आत्मीयता से मिलते थे कि वे उनकी विनम्रता के कायल हो जाते थे। उनका आडम्बरहीन व्यक्तित्व ही उनका सबसे बड़ा आकर्षण था। मई 1962 में राष्ट्रपति के रूप में सेवा करने के बाद उन्होंने सेवानिवृत्त होकर पटना के सदाकत आश्रम में रहने का फैसला लिया। 13 मई 1962 को राजेन्द्र बाबू को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया। इसी दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में उनकी विदाई का आयोजन किया गया। इस भाव-भीनी विदाई की अध्यक्षता डॉ. राधाकृष्णन् कर रहे थे।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारत रत्न सहित कई सम्मान और पुरस्कार मिले। उनकी शालीनता और विद्वता से प्रभावित होकर काशी विद्वत् परिषद् ने उन्हें 'विद्या वाचस्पति' की उपाधि दी तो सागर विश्वविद्यालय और मैसूर विश्वविद्यालय द्वारा भी 'डॉक्टर ऑफ लॉ' की उपाधि दी गई। पटना विश्वविद्यालय द्वारा 'डॉक्टर ऑफ लिटरेचर' की मानद डिग्री दी गई। दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी उन्हें 'डॉक्टर ऑफ सिविल लॉ' की उपाधि से विभूषित किया। मगर ये सारी उपाधियाँ उनके व्यक्तित्व की विराटता में समाहित हो गईं। सदाकत आश्रम में ही 28 फरवरी 1963 को उनका देहांत हो गया। वे आजीवन महात्मा गांधी की उस सीख पर चलते रहे जो यह बताती है कि व्यक्तिगत जीवन में और सामाजिक तथा राष्ट्रीय जीवन में कोई अंतर नहीं है। इसलिए जो कुछ व्यक्ति के लिए अहितकर है अथवा निषिद्ध है, वह समाज और राष्ट्र के लिए भी।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के प्रमुख विचार



- *शिक्षा ही ऐसी चाबी थी, जो महिलाओं को स्वतंत्रता दिला सकती थी। शिक्षा का अर्थ था व्यक्तित्व का पूर्ण विकास न कि कुछ पुस्तकों को रटना। शिक्षा जनता की मातृभाषा में होनी चाहिए। यदि हमें आधुनिक विश्व के साथ अपनी गति बनाये रखनी है तो अंग्रेजी की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।*
- *हमारी विरासत नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से परिपूर्ण है और हमें भविष्य में आधुनिक समय की चुनौतियों का सामना करने में सहायता कर सकती है। प्राचीन और नैतिक मूल्यों में सामंजस्य तो करना ही होगा।*
- *मंजिल को पाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए याद रहे कि मंजिल की ओर बढ़ता रास्ता भी उतना ही नेक हो।*
- *किसी की गलत मंशाएं आपको किनारे नहीं लगा सकतीं।*
- *जो बात सिद्धांत में गलत है, वह बात व्यवहार में भी सही नहीं है।*

(पिछले पृष्ठ का शेष)

यह पारस्परिक जुड़ाव समूह को स्थिर रखता है और बदलती हुई स्थितियों के अनुसार अपने को अनुकूलन करने में सहायक होता है। इस तरह पारिस्थितिकी समूह, समुदाय उनके अजैविक घटकों तथा उसके परस्पर संबंधों को दर्शाता है। उदाहरण के तौर पर किसी नेशनल पार्क जैसे की गिर का पारिस्थितिक तंत्र वहां उपस्थित विभिन्न जीवों तथा वातावरण के अजैविक घटकों जैसे की मिट्टी, चट्टानों, जल आदि के बीच परस्पर संबंधों को दर्शाता है। इसमें विभिन्न स्तरों में पदार्थ हैं साथ-साथ ऊर्जा का भी प्रवाह होता है। यह ऊर्जा, पौधे सूर्य के द्वारा प्राप्त करते हैं। पारिस्थितिकी को दो भागों में बांटा जा सकता है।

1. स्व पारिस्थितिकी :- इसमें एक विशेष जीव या किसी प्रजाति विशेष के वातावरण के साथ संबंधों का अध्ययन किया जाता है।

2. समुदाय पारिस्थितिकी :- इसमें जीव समुदाय और वातावरण के बीच संबंधों का अध्ययन किया जाता है।

विश्व में हो रही पर्यावरण संबंधी समस्याओं एवं चुनौतियों के समाधान के लिए ईकोलॉजी का अध्ययन आवश्यक है। पर्यावरण सुधार के अनेक प्रयासों के असफल होने का एक मुख्य कारण पारिस्थितिकी को न समझ पाना ही रहा है। मलेरिया के उन्मूलन के लिए डीडीटी का प्रयोग, फ्लोरो कार्बन, अनेक रसायनों का उपयोग इसके उदाहरण हैं, जो पर्यावरण को दीर्घकालीन नुकसान पहुंचा रहे हैं।

पारिस्थितिकी की उपयोगिता

पर्यावरण और उसमें उपस्थित प्राकृतिक तंत्रों को समझने के लिए पारिस्थितिकी विज्ञान महत्वपूर्ण है। इसमें विभिन्न प्रकार के पर्यावरणों से संबंधित विज्ञानों जैसे वन, मिट्टी, समुद तथा संलग्न भूजल इत्यादि को समझने में आसानी होती है। पारिस्थितिकी विज्ञान के अनेक व्यावहारिक पहलू कृषि, जैविक सर्वेक्षण, आखेट प्रबंधन, जीव नियंत्रण, वन विज्ञान तथा जीव विज्ञान इत्यादि क्षेत्रों में काम आते हैं। मिट्टी, वन, वन्य जीव, जल प्रदाय, मत्स्य, संपदा तथा पर्यावरण से संबंधित संरक्षण कार्यों में भी दूरदर्शिता दिखने के लिए पर्यावरण का ज्ञान अति आवश्यक है।

कोई भी पारितंत्र, समष्टि या जीव सभी की एक सहन शक्ति होती है तथा प्राकृतिक तंत्र में होने वाले परिवर्तनों से इन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। अतः सहनशीलता की सीमा से ऊपर होने वाले परिवर्तनों से जैवमण्डल तथा हमारे लिए प्राण घातक हो सकते हैं। जान बूझ कर या अज्ञानता वश हम अपनी आवश्यकताओं के अनुसार पारितंत्र में परिवर्तन कर, उसे सरल बना रहे हैं। जैसे परस्पर घनिष्ठ संबंधों वाले वन्य प्राणियों तथा वनस्पतियों वाले वनों को कृषि क्षेत्र में बदलना। ये सरलीकृत तंत्र नाजुक, संवेदनशील एवं आसानी से प्रभावित होने वाले बन जाते हैं। मनुष्य इन्हीं सब परिवर्तनों को समझ न पाने के कारण परेशानी में पड़ रहा है। प्रदूषण में वृद्धि, जनसंख्या विस्फोट, जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता में हानि तथा अन्य पर्यावरणीय समस्याओं का होना इसका ही परिणाम है। यदि समय रहते हमने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो जैव मण्डल भौगोलिक दृष्टि से शून्यता की ओर अग्रसर हो सकता है। अतः पर्यावरण को संवारने और उसके संरक्षण हेतु, हमें प्रकृति, पर्यावरण और पारिस्थितिकी को समझना अत्यंत आवश्यक है।

- अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

भूगोल और अर्थशास्त्र

1. फरक्का बैराज मुद्दा किन दो देशों के बीच है?
A. भारत व बांग्लादेश
B. भारत व नेपाल
C. भारत व भूटान
D. भारत व श्रीलंका
उत्तर-A. भारत व बांग्लादेश

2. 'टॉप्स लिफ' राष्ट्रीय उद्यान किस राष्ट्रीय उद्यान का एक अन्य नाम है?
A. मदुभलाई नेशनल पार्क
B. मुकुर्ती राष्ट्रीय उद्यान
C. इंदिरा गांधी वन्य जीव अभ्यारण और राष्ट्रीय उद्यान
D. पलानी हिल्स नेशनल पार्क
उत्तर-C. इंदिरा गांधी वन्य जीव अभ्यारण और राष्ट्रीय उद्यान

3. अल्माटी बांध निम्नलिखित में से किस नदी पर बनी है?
A. कावेरी
B. कृष्णा
C. गोदावरी
D. पेरियार
उत्तर-B. कृष्णा

4. मालवा का पठार किस राज्य का हिस्सा नहीं है?
A. राजस्थान
B. गुजरात
C. मध्यप्रदेश
D. महाराष्ट्र
उत्तर-D. महाराष्ट्र

5. भूटान के साथ सबसे लम्बी भूमि साझा करने वाला भारतीय राज्य कौन-सा है?
A. असम
B. सिक्किम
C. पश्चिम बंगाल
D. अरुणाचल प्रदेश
उत्तर-A. असम

6. तुलबुल परियोजना किस नदी पर स्थित है?
A. सिंधु
B. रावी
C. व्यास
D. झेलम
उत्तर-D. झेलम

7. मध्यप्रदेश में किस भू-भाग का क्षेत्रफल प्रतिशत की दृष्टि से सबसे ज्यादा है?
A. मालवा का पठार
B. मध्य भारत का पठार
C. रीवा - पन्ना का पठार
D. नर्मदा सोन घाटी
उत्तर-A. मालवा का पठार

8. भारत की जनसंख्या का नकारात्मक विकास किस दशक में देखने को मिला?
A. 1911 - 1921
B. 1931 - 1941
C. 1929 - 1931
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर-A. 1911 - 1921

9. 'नूनमाटी' स्थान का संबंध किस उद्योग से है?
A. पेट्रोलियम उद्योग
B. नमक उद्योग
C. कागज उद्योग
D. वस्त्र उद्योग
उत्तर-A. पेट्रोलियम उद्योग

10. जी.एस.टी. रिजीम में वस्तुओं और सेवाओं पर काराधान के चार स्तर बताए हैं वे कौन-से हैं?
A. 5%, 12%, 15%, 20%
B. 5%, 12%, 20%, 28%
C. 5%, 12%, 18%, 28%
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर-C. 5%, 12%, 18%, 28%

11. रेखीय समिति किससे संबंधित है?
A. प्रत्यक्ष कर
B. अप्रत्यक्ष कर
C. लघु उद्योगों से
D. चीनी घोटाले से
उत्तर-B. अप्रत्यक्ष कर

12. शंकर-6 किसकी एक किस्म है?
A. कपास
B. गेहूं
C. सोयाबीन
D. चावल
उत्तर-A. कपास

13. वर्तमान में रिवर्स रेपो रेट कितने प्रतिशत है?
A. 5.15%
B. 4.90%
C. 5%
D. 4%
उत्तर-A. 5.15%

14. मध्यप्रदेश का लिंगानुपात व भारत के लिंगानुपात में जनगणना 2011 के अनुसार कितना अंतर है?
A. 14
B. 13
C. 12
D. 11
उत्तर-C. 12

15. मध्यप्रदेश की जलवायु कौन-सी है?
A. ऊष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु
B. शीतोष्ण कटिबंधीय जलवायु
C. उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर-A. ऊष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु

16. क्षुद्र ग्रह किनके बीच पाये जाते हैं?
A. बुध तथा मंगल
B. पृथ्वी तथा शुक्र
C. मंगल एवं बृहस्पति
D. अरुण तथा वरुण
उत्तर-C. मंगल एवं बृहस्पति

17. उपसौर कब आता है?
A. 3 जुलाई
B. 3 जनवरी
C. 4 जुलाई
D. 4 जनवरी
उत्तर-B. 3 जनवरी

18. राष्ट्रीय शेयर बाजार की स्थापना किस समिति की अनुशंसा पर की गई थी?
A. आबिद हुसैन समिति
B. रेखीय समिति
C. फेरवानी समिति
D. सत्यम समिति
उत्तर-C. फेरवानी समिति

19. भारतीय रिज़र्व बैंक का लेखा वर्ष क्या है?
A. 1 जनवरी से 31 दिसम्बर
B. 1 जुलाई से 30 जून
C. 1 अप्रैल से 31 मार्च
D. 1 अगस्त से 31 जुलाई
उत्तर-B. 1 जुलाई से 30 जून

20. डो जोन्स कहां का शेयर बाजार सूचकांक है?
A. न्यूयॉर्क
B. टोक्यो
C. चीन
D. ताइवान
उत्तर-A. न्यूयॉर्क

21. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक का मुख्यालय कहां है?
A. लखनऊ
B. हैदराबाद
C. दिल्ली
D. मुंबई
उत्तर-A. लखनऊ

22. IDBI बैंक का मुख्यालय कहां है?
A. दिल्ली
B. मुंबई
C. फरीदाबाद
D. अहमदाबाद
उत्तर-B. मुंबई

23. रंगराजन समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
A. कृषि साख
B. बैंक सेवा सुधार
C. भुगतान संतुलन
D. रुपये की पूंजी पर परिवर्तनीयता
उत्तर-C. भुगतान संतुलन

24. आर्थिक जनगणना का कार्य किस राज्य से शुरू किया गया है?
A. त्रिपुरा
B. मेघालय
C. मिजोरम
D. असम
उत्तर-A. त्रिपुरा

25. 'सर्वोदय योजना' किसके द्वारा प्रस्तुत की गई?
A. M.N. रॉय
B. विश्वेश्वरैया
C. जय प्रकाश नारायण
D. श्री मन्नारायण
उत्तर-C. जय प्रकाश नारायण

26. श्रमेव जयते योजना की शुरुआत कब की गई थी?
A. 11 अक्टूबर 2014
B. 16 अक्टूबर 2014
C. 13 अक्टूबर 2014
D. 16 अक्टूबर 2015
उत्तर-B. 16 अक्टूबर 2014

27. स्वर्ण जयंती शहरी रोज़गार योजना कब शुरू की गई?
A. 1987
B. 1997
C. 1998
D. 2000
उत्तर-B. 1997

28. वर्तमान में महारत्न कंपनियों की संख्या कितनी है?
A. 7
B. 8
C. 9
D. 6
उत्तर-B. 8

29. वेल्थ ऑफ नेशन पुस्तक के लेखक कौन हैं?
A. कीन्स
B. कार्ल मार्क्स
C. एडम स्मिथ
D. मार्शल
उत्तर-C. एडम स्मिथ

30. निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?
A. बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान - कर्नाटक
B. डाचीग्राम राष्ट्रीय उद्यान - जम्मू कश्मीर
C. नोंगर बाइलेम अभ्यारण्य - तमिलनाडु
D. सुल्तानपुर झील अभ्यारण्य - हरियाणा
उत्तर-C. नोंगर बाइलेम अभ्यारण्य - तमिलनाडु

31. 'मिरिक' नामक पर्वतीय नगर किस राज्य में स्थित है?
A. झारखंड
B. पश्चिम बंगाल
C. तमिलनाडु
D. कर्नाटक
उत्तर-B. पश्चिम बंगाल

32. अलकनंदा व भागीरथी के संगम को किस नाम से जाना जाता है?
A. कर्णप्रयाग
B. विष्णुप्रयाग
C. रूद्रप्रयाग
D. देवप्रयाग
उत्तर-D. देवप्रयाग

33. 2011 की जनगणना के अनुसार, प्रतिशत के अनुसार सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा है?
A. बिहार
B. ओडिशा
C. हिमाचल प्रदेश
D. मेघालय
उत्तर-C. हिमाचल प्रदेश

34. निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है?
A. राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा - हैदराबाद
B. अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा - केरल
C. वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा - पोर्ट ब्लेयर
D. दाबोलिय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा-गोवा
उत्तर-B. अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा - केरल

35. विटीकल्चर किससे संबंधित है?
A. अंगूर की खेती
B. मत्स्य पालन
C. रेशम कीट पालन
D. मधुमक्खी पालन
उत्तर-A. अंगूर की खेती

36. निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
A. राकसतील झील - आंध्रप्रदेश
B. नागिन झील - जम्मू कश्मीर
C. अष्टमुखी झील - तमिलनाडु
D. कोलेरू झील - केरल
उत्तर-B. नागिन झील - जम्मू कश्मीर

37. कैस्पियन सागर से कौन-सा देश संबंधित नहीं है?
A. रूस
B. उज्बेकिस्तान
C. कजाकिस्तान
D. अजरबेजान
उत्तर-B. उज्बेकिस्तान

38. नेवाडॉस नामक शीतल हवा निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
A. ऑस्ट्रेलिया
B. इक्वाडोर
C. मैक्सिको
D. इटली
उत्तर-B. इक्वाडोर

39. निम्नलिखित में से कौन-सी ठण्डी जलधारा नहीं है?
A. कनारी जलधारा
B. पूर्वी ग्रीनलैंड की जलधारा
C. पूर्वी ऑस्ट्रेलिया की जलधारा
D. फॉकलैंड की जलधारा
उत्तर-C. पूर्वी ऑस्ट्रेलिया की जलधारा

40. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है?
A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
B. विश्व बैंक
C. संयुक्त राष्ट्र
D. विश्व व्यापार संगठन
उत्तर-A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

41. 'नकदी लोन-देन सिद्धांत' का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया?
A. कीन्स
B. ग्रेशन
C. फिशर
D. कार्ल मार्क्स
उत्तर-C. फिशर

42. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान कहां स्थित है?
A. कलकत्ता
B. हैदराबाद
C. मुंबई
D. देहरादून
उत्तर-B. हैदराबाद

43. भारत में सेवा कर लगाने के लिए कौन-सा संविधान संशोधन किया गया था?
A. 88वां संविधान संशोधन
B. 89वां संविधान संशोधन
C. 87वां संविधान संशोधन
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर-A. 88वां संविधान संशोधन

44. 'गोल्डन हैण्ड शेफ स्कीम' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
A. स्वच्छता से
B. पेंशन से
C. स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति से
D. राष्ट्रीय आय से
उत्तर-C. स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति से

45. सुनहरी क्रांति किससे संबंधित है?
A. फल उत्पादन
B. मसाला उत्पादन
C. अंडा उत्पादन
D. झींगा मछली उत्पादन
उत्तर-A. फल उत्पादन

46. निम्नलिखित में से कौन-सी खरीफ की फसल नहीं है?
A. धान
B. तिल
C. सरसो
D. अरहर
उत्तर-C. सरसो

47. शिवसमुद्र जल प्रपात किस नदी पर है?
A. कावेरी नदी
B. स्वर्ण रेखा नदी
C. नीलगिरि क्षेत्र
D. शराकी नदी
उत्तर-A. कावेरी नदी

48. चैलेंजर गर्त किस महासागर में स्थित है?
A. प्रशांत महासागर
B. हिन्द महासागर
C. अंटलांटिक महासागर
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर-A. प्रशांत महासागर

49. विश्व में सबसे बड़ी तटीय सीमा वाला राज्य कौन-सा है?
A. इण्डोनेशिया
B. ग्रीनलैण्ड
C. रूस
D. कनाडा
उत्तर-D. कनाडा

- पूर्वी जैन
(लेखिका, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित हैं)

पिछला सप्ताह

15 फरवरी

देश में एक अप्रैल से नहीं बिकेंगे बीएस-4 वाहन

● देश में एक अप्रैल 2020 से बीएस-4 गाड़ियों की बिक्री बंद हो जाएगी। सुप्रीम

कोर्ट ने ऑटोमोबाइल डीलरों के संगठन की बीएस-4 गाड़ियों की बिक्री की मोहलत में इजाफा करने की मांग को ठुकरा दिया है। ऑटोमोबाइल डीलर्स ने एक याचिका दायर कर अतिरिक्त समय मांगा था। याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्हें 30 अप्रैल तक का समय दिया जाए, ताकि वे स्टॉक में रखे बीएस-4 वाहन बेच सकें। उल्लेखनीय है कि बीएस-4 नियम अप्रैल 2017 से देशभर में लागू हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2018 में बीएस-4 वाहनों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया था।

● जर्मनी के म्युनिख शहर में पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस का विरोध किया है। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी प्रतिनिधियों का विरोध किया और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर बहस की मांग की। उल्लेखनीय है कि इंटरनेशनल सिक्योरिटी पॉलिसी पर बहस के लिए यह विश्व की सबसे प्रमुख कॉन्फ्रेंस है। इस कॉन्फ्रेंस में भारत, रूस, ईरान सहित विश्व के कई देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

16 फरवरी

भारत के बाहर अमेरिका में बनी पहली योग यूनिवर्सिटी

● भारत के बाहर पहली योग यूनिवर्सिटी अमेरिका में स्थापित की गई है। इस यूनिवर्सिटी में इसी साल से शोध के साथ पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स शुरू किया जायेगा। विवेकानंद योग विश्वविद्यालय ने लॉस एंजिलिस में 50 लाख डॉलर (लगभग 35.50 करोड़ रुपये) का निवेश कर कैंपस शुरू किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि योग पाठ्यक्रम अगस्त 2020 से शुरू होगा।

● इराक की राजधानी बगदाद में एक बार फिर अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाकर रॉकेट हमले किए गए हैं। इराकी पुलिस के अनुसार; विरोधियों ने अमेरिकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए रॉकेट से हमले किए हैं। यह पिछले चार महीने में अमेरिकी दूतावास पर 19वां हमला है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले कई महीनों से तनातनी चल रही है। अमेरिका ने ईरान द्वारा हमले के बाद ईरान के सैन्य कमांडर सुलेमानी को मार गिराया था।

17 फरवरी

अमेरिका ने श्रीलंका के सेना प्रमुख पर लगाया प्रतिबंध

● अमेरिका ने श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल शावेंद्र सिल्वा पर युद्ध अपराधों के लिए प्रतिबंध लगाया है। सिल्वा को वर्ष 2009 में जाफना प्रायद्वीप में सैन्य कार्रवाई के दौरान गैरकानूनी तरीके से लोगों को मारने और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने कहा कि सिल्वा पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप हैं। ऐसे में हम सिल्वा को पदोन्नत कर सेना प्रमुख बनाए जाने का समर्थन नहीं कर सकते हैं।

● वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 12 फरवरी 2020 तक दो करोड़ रुपये या इससे अधिक कारोबार करने वाले बड़े-बड़े करदाताओं में से लगभग 92 प्रतिशत करदाताओं ने वार्षिक जीएसटी दाखिल किया है। जीएसटी नेटवर्क द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जीएसटी नेटवर्क के अनुसार जिन करदाताओं ने रिटर्न दाखिल नहीं किया है, वे विलंब शुल्क के साथ रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

18 फरवरी

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बना देश का पहला प्लास्टिक मुक्त हवाईअड्डा

● नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अब सिंगल यूज प्लास्टिक

मुक्त देश का पहला हवाई अड्डा बन गया है। इस हवाई अड्डे पर वर्ष 2019 में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने के लिए अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के दौरान हवाई अड्डे पर 45 प्रकार के प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग पर रोक लगाई गई है। इन उत्पादों की जगह ईकोफ्रेंडली विकल्पों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से मुक्त होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया है।

● विश्व की अग्रणी टेक कंपनी गूगल दुनिया भर में रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा बंद करेगी। गूगल द्वारा जारी बयान के अनुसार कंपनी अपने बहुचर्चित 'स्टेशन' प्रोग्राम को बंद करने जा रही है। गूगल भारत में सरकारी कंपनी रेलटेल के साथ 5600 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा उपलब्ध करवा रही है। इनमें से 415 स्टेशनों में गूगल रेलटेल को तकनीकी सहायता देता है। रेलटेल का गूगल के साथ वर्ष 2020 तक का करार था, जो इस वर्ष खत्म हो रहा है। इस करार के बाद इन 415 स्टेशनों पर रेलटेल मुफ्त वाई-फाई सेवा उपलब्ध कराएगी।

● अमेरिका में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। अमेरिका में अब मृत शरीर के दाह संस्कार को भी इको फ्रैंडली बनाने का तरीका विकसित किया गया है। इस प्रयोग में एक विशेष बॉक्स में मृत देह को लकड़ी के टुकड़ों और पौधों के अवशेषों के साथ बंद कर उसे घुमाया जाता है। इस प्रक्रिया से बॉक्स में शरीर का तापमान 55 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, इससे शरीर में जीवाणु पैदा होते हैं। ये जीवाणु शरीर को 30 दिन में खत्म कर देते हैं। इस प्रक्रिया के अंत में बॉक्स में खाद के रूप में केवल कुछ अस्थियां और मिट्टी बचती हैं।

19 फरवरी

ट्राई ने फ्री लिमिट से ज्यादा एसएमएस पर चार्ज हटाने का दिया प्रस्ताव

● भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने प्रतिदिन 100 एसएमएस के बाद भेजे जाने वाले प्रत्येक एसएमएस पर 50 पैसे की दर से लिए जाने वाले शुल्क को वापस लेने का प्रस्ताव तैयार किया है। ट्राई ने 65वें संशोधन के मसौदे पर सभी संबद्ध पक्षों से उनके सुझाव और टिप्पणियां देने के लिए 3 मार्च अंतिम तिथि रखी है। उल्लेखनीय है कि ट्राई ने नवम्बर 2012 को जारी आदेश में अनचाहे संदेशों की समस्या को दूर करने के लिए प्रतिदिन 100 एमएमएस की लिमिट तय की थी। इस लिमिट के बाद प्रत्येक एसएमएस पर न्यूनतम 50 पैसे का शुल्क अधिसूचित किया था।

● भारतीय रेलवे ने अवैध रूप से तत्काल टिकट बनाने वाले कई सॉफ्टवेयरों को

हटाया है। रेलवे के इस कदम से अब यात्रियों के लिए अधिक संख्या में तत्काल टिकट उपलब्ध हो सकेंगे। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिदेशक अरुण कुमार ने कहा कि अवैध सॉफ्टवेयर का उपयोग करने वाले एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यात्रियों के लिए अब तत्काल टिकट घंटों तक उपलब्ध होंगे जो पहले बुकिंग ओपन होने के बाद कुछ मिनटों में ही समाप्त हो जाते थे।

● पाकिस्तान के कराची में जहरीली गैस की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, कराची के केमरी इलाके में गैस रिसाव के कारण कई लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद उन लोगों को अस्पताल में पहुंचाया गया। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह कौन-सी गैस है और इसका रिसाव कैसे हुआ?

20 फरवरी

स्पेस डॉकिंग तकनीक हासिल करने की दिशा में काम कर रहा इसरो

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अहम

प्रयोग स्पेस डॉकिंग परीक्षण करने की तैयारी कर रहा है। इस परीक्षण से इसरो को अंतरिक्ष में दो अंतरिक्षयानों को आपस में जोड़ने की तकनीक हासिल होगी, जिसे स्पेस डॉकिंग कहा जाता है। स्पेस डॉकिंग तकनीक अंतरिक्ष में मानव मिशन और प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बहुत अहम है। इस तकनीक का उद्देश्य अंतरिक्ष में एक यान से दूसरे यान में यात्रियों को स्थानांतरित करना है। इस परीक्षण में दो अंतरिक्षयानों के जुड़ने की शुरुआती प्रक्रिया स्वचलित तथा बाद की प्रक्रिया रोबोटिक होगी। इस परीक्षण के दौरान अंतरिक्षयानों की गति नियंत्रित करना बड़ी चुनौती होगी।

● नीदरलैंड्स में सरकार की नाइट्रोजन नीति के खिलाफ किसान सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। नीदरलैंड्स की राजधानी हेग में किए गए एक प्रदर्शन में किसानों ने ट्रैक्टरों से रास्ते जाम कर दिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमें किसान होने पर गर्व है, हम नाइट्रोजन नीति का विरोध करते हैं। उल्लेखनीय है कि नीदरलैंड्स सरकार ने जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन पर रोक लगाने के लिए नई नाइट्रोजन नीति बनाई है।

● पिछले कुछ वर्षों में लगातार विमान दुर्घटनाओं को लेकर विश्वभर में चर्चा में रही विमानन कंपनी बोइंग एक बार फिर विवाद में घिर गई है। दरअसल बोइंग 737 मैक्स विमानों के ईंधन टैंक में कचरा मिलने की जानकारी सामने आई है। बोइंग कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि कंपनी द्वारा तैयार 400 नए मैक्स विमानों की गहन जांच पड़ताल के दौरान कुछ विमानों के ईंधन टैंक में धात्विक कचरा पाया गया है। यह कचरा शॉर्ट सर्किट और आग लगने का कारण बन सकता है, जिससे विमान दुर्घटना का शिकार बन सकता है।

21 फरवरी

एनजीटी ने कीटनाशकों के इस्तेमाल पर मांगी रिपोर्ट

● नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को कीटनाशकों के इस्तेमाल पर रोक की मांग वाली याचिका पर रिपोर्ट देने को कहा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कीटनाशकों को रोकने के लिये अपनाई जाने वाली रणनीति पर दो महीने में रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि कीटनाशकों के प्रयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर हो रहा है।

● आतंकी संगठनों के आर्थिक स्रोतों पर प्रहार करने के लिये बने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का पालन न करने पर ईरान को एफएटीएफ की ब्लैक लिस्ट में बनाए रखा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते ईरान पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार से बाहर हो चुका है। एफएटीएफ की ब्लैक लिस्ट में आने के बाद ईरान की मुश्किलें बढ़ जायेंगी। एफएटीएफ की ब्लैक लिस्ट में ईरान के अलावा उत्तर कोरिया भी है।

वन विकास निगम ने कराये 1 करोड़ 45 लाख 28 हजार के सीएसआर कार्य

भोपाल, वनों के आसपास रहने वाले 13 हजार 839 लोगों की भलाई के लिये राज्य वन विकास निगम ने सीएसआर (निगमित सामाजिक दायित्व) के तहत वर्ष 2018-19 में एक करोड़ 45 लाख 28 हजार के कार्य कराये। वर्ष 2019-20 में निगम द्वारा एक करोड़ 58 लाख 65 हजार के कार्य कराये जा रहे हैं, जिनका फायदा 22 हजार 147 लोगों को मिल रहा है।

वन विकास निगम प्रदेश में वन सम्पदा बढ़ाने के साथ-साथ महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग, युवा वर्ग आदि के प्रति अपने दायित्व का भी निर्वहन कर रहा है। निगम द्वारा युवाओं के लिये कौशल विकास, महिलाओं के लिये सिलाई मशीन वितरण, प्रशिक्षण और गैस सिलेण्डर रिफिलिंग और वनवासियों के लिये स्वास्थ्य शिविर, सामुदायिक भवन, शौचालय, तालाब आदि का निर्माण, दिव्यांगजनों के लिये ट्रायसिकल वितरण आदि कार्य भी सीएसआर के तहत कराये जा रहे हैं। निगम निम्न कोटि के वन क्षेत्रों को तेजी से बढ़ने वाली बहुमूल्य और बहुउपयोगी प्रजातियों के रोपण द्वारा उच्च कोटि के वनों में तब्दील कर उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता में सुधार लाता है।

वन क्षेत्रों से सटे हुए गांवों के युवा वर्ग को वन विकास निगम कौशल विकास उन्नयन प्रशिक्षण दिलाता है। इससे उन्हें रोज़गार मिलता है और उनके परिवारों का आर्थिक उत्थान होता है। निगम द्वारा महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने के साथ उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से सिलाई मशीनें वितरित करने के साथ सिलाई का प्रशिक्षण भी दिलाता है। वन क्षेत्रों से लगे शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर वन विकास निगम इन विद्यालयों में डेस्क, पेयजल व्यवस्था, वाटर फिल्टर आदि वितरित करता है। इससे छात्र-छात्राएं स्वस्थ रहने के साथ अपने अध्ययन और खेल प्रतिभा पर बेहतर ध्यान दे पाते हैं।

उज्ज्वला योजना में गैस सिलेण्डर पाने वाले ग्रामीणों के गैस सिलेण्डर की रिफिलिंग भी निगम करवाता है, ताकि वनों के आसपास रहने वाले ये ग्रामीण सतत् गैस का प्रयोग करें और ईंधन के लिये वनों पर निर्भर न रहें। निगम द्वारा ग्रामीणों के लिये विभिन्न सांस्कृतिक उत्सव और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाता है। वन क्षेत्रों से लगे हुए गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये भी निगम प्रयासरत है। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें इलाज उपलब्ध कराया जाता है।

मध्यप्रदेश की बेटियां पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी

छतरपुर, मध्यप्रदेश की बेटियां पढ़ेंगी और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगी। राज्य सरकार इस दिशा में सतत् रूप से प्रयासरत है। यह बात महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने छतरपुर जिले के खजुराहो में समृद्धि परियोजना के अंतर्गत एक्सपोजर राज्य-स्तरीय कार्यशाला में कहीं। यूएनएफटीए के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि सतत् प्रयासों से बेटियों की तरक्की को लेकर परिवार और समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है।

बेटियों ने हर क्षेत्र में लम्बी छलांग लगाई है और उपलब्धियों के शिखरों को स्पर्श किया है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा को लेकर सरकार गंभीर है, क्योंकि शिक्षित मां से ही परिवार शिक्षित बनता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे पूरे दायित्व-बोध के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। श्रीमती इमरती देवी ने किशोरी बालिकाओं में लीडरशिप और स्किल डेव्हलपमेंट के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की महत्ता को रेखांकित करते हुए इस दिशा में यूएनएफपीए के प्रयासों की सराहना की।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सफल होने का सबसे निश्चित तरीका है एक के बाद एक तब तक कोशिशें करते रहना जब तक कि आप सफल न हो जाएं - थॉमस एडिसन

जॉब अलर्ट

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - प्रधान प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), उप प्रधान प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन), सहायक प्रबंधक (एटीटी)
पदों की संख्या - 01, 04, 01 , 03, 03
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 13 मार्च, 2020
www.itdc.co.in

ब्रेथवेट एण्ड कंपनी लिमिटेड, कोलकाता

पद का नाम - उप-महाप्रबंधक (डिजाइन एवं ड्राइंग), उप-प्रबंधक (क्रय एवं अनुबंध), सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
पदों की संख्या - 01, 02, 01
योग्यता - **उप-महाप्रबंधक डिजाइन** - इंजीनियरिंग में डिग्री, अनुभव 22 वर्ष, **उप-प्रबंधक** - इंजीनियरिंग में डिग्री, सामग्री प्रबंधन/अनुबंध प्रबंधक में डिप्लोमा/अनुभव को वरीयता, अनुभव 8 वर्ष, **सहायक प्रबंधक (कार्मिक)** - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बड़े संस्थान से कार्मिक प्रबंधन/मा.सं.प्र./मा.सं.वि./औद्योगिक संपर्क/एमएसडब्ल्यु/समाज कल्याण एवं श्रम कल्याण में 2 वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री/पीजी डिप्लोमा/एमबीए. विधि में डिग्री धारक को प्राथमिकता। (अनुभव संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखें।)
अंतिम तिथि - 28 फरवरी, 2020
https://www.braithwaiteindia.com

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली

पद का नाम - उप-निदेशक (चिकित्सा), सहायक निदेशक (गैर-चिकित्सा), विधि अधिकारी
पदों की संख्या - 07, 07, 01
योग्यता - **उप-निदेशक** - भारतीय चिकित्सा अधिनियम 1956 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर चिकित्सा अर्हता (डिग्री) वांछनीय - चिकित्सकीय शिक्षा तकनीकी में प्रशिक्षण प्राप्त एवं/अथवा एमसीक्यू निर्माण प्रक्रिया, उम्मीदवारों के प्रदर्शन का एमसीई विश्लेषण सहित आधुनिक परीक्षण प्रणाली का ज्ञान। **सहायक-निदेशक**- न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि, वांछनीय - मानव संसाधन/वित्त में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीए। **विधि अधिकारी** - न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक एवं एलएलबी, बार काउंसिल में पंजीयन के बाद से कम से कम 3 वर्षों का पेशेवर अनुभव, वांछनीय सरकारी, पीएसक्यु, स्थान संस्थान, वैधानिक निकाय आदि में विधि संबंधी कार्यों को करने का अनुभव।
अंतिम तिथि - 28 फरवरी, 2020
www.natboard.edu.in/vacancy.php

इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान, मुंबई

पद का नाम - गैर-शिक्षण स्टाफ स्थिति के अधिग्रहण के लिए सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय सहायक (एस्टेट विभाग), परियोजना अधिकारी (अनुसंधान), संचार अधिकारी
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01
योग्यता - **सहायक प्रशासनिक अधिकारी**- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रथम श्रेणी के साथ एचआरएम या एमबीए या पीजीडीएम में मास्टर डिग्री। **कार्यालय सहायक** - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक की डिग्री/समकक्ष, अंग्रेजी में प्रति मिनट 30 शब्दों की टाइपिंग की गति और एमएस ऑफिस अन्य। **परियोजना अधिकारी** - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रबंधन अर्थशास्त्र/सामाजिक विज्ञान/सार्वजनिक नीति में प्रथम श्रेणी के साथ मास्टर्स डिग्री/समकक्ष। **संचार अधिकारी** - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रथम श्रेणी के साथ मास्टर्स डिग्री या समकक्ष।
अंतिम तिथि - 08 मार्च, 2020
https://www.igidr.ac.in/careers/

गोदाम विकास और विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली

पद का नाम - परामर्शदाता (तकनीकी)
पदों की संख्या - 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 मार्च, 2020
www.wdra.gov.in

बीज उत्पादन इकाई - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

पद का नाम - यंग प्रोफेशनल
पदों की संख्या - 01
योग्यता - कृषि/विज्ञान में स्नातक, वांछनीयः- कृषि क्षेत्र फसलों का ज्ञान और कम्प्यूटर (एमएस ऑफिस) पर कार्य करने का अच्छा ज्ञान।
अंतिम तिथि - 06 मार्च को वॉक-इन-इंटरव्यू
http://www.iari.res.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हरियाणा

पद का नाम - कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - एमएससी (भौतिक विज्ञान) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अथवा समकक्ष सीजीपीए के साथ, वांछनीय - उम्मीदवार के पास कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का ज्ञान होना चाहिए। (अवधि 36 माह)
अंतिम तिथि - 28 फरवरी, 2020
www.nitkkr.ac.in

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

पद का नाम - कुलसचिव (विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग), निदेशक (कम्प्यूटर प्रभाग), उप-कुलसचिव (सीधी भर्ती), जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) (सीधी भर्ती)
पदों की संख्या - 01, 01, 07, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 16 मार्च, 2020
www.ignou.ac.in

बामर लॉरी एण्ड कंपनी लिमिटेड, कोलकाता

पद का नाम - कनिष्ठ अधिकारी (साइट ऑपरेशन), लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर कनिष्ठ अधिकारी (ऑपरेशन)
पदों की संख्या - 01, 03
योग्यता - रिफाइनरी - डिप्लोमा (पूर्ण स्नातक - इंजीनियरिंग) - केमिकल, लॉजिस्टिक्स - स्नातक (किसी भी विषय में)
अंतिम तिथि - 02 मार्च, 2020
www.balmerlawrie.com

खनिज अन्वेषण निगम लिमिटेड, नागपुर

पद का नाम - विशेषज्ञ
पदों की संख्या - 01
योग्यता - किसी भी विषय में स्नातक, कठिन और नरम गठन के लिए सतह सेट बिट और संसेचित बिट की तरह सभी प्रकार के डायमंड बिट मैन्युफैक्चरिंग में न्यूनतम 25 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव।
अंतिम तिथि - 29 फरवरी, 2020
www.mecl.co.in

एडमिशन अलर्ट

आन्त्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, अहमदाबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीएम-बीई (2020-22) - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट बिजनेस आन्त्रप्रेन्योरशिप
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है। (पहले आए पहले पाएं के आधार पर)
www.ediindia.org

यूपीईएस, देहरादून

पाठ्यक्रम का नाम - लॉ कोर्सेज
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 03 मई, 2020
www.upes.ac.in

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र, मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - विज्ञान शिक्षा में पीएच.डी. कार्यक्रम
योग्यता - एमएससी (किसी भी विषय में) एम.ई., एम.टेक. अथवा सामाजिक/व्यवहारवादी विज्ञान/मनोविज्ञान/भाषा विज्ञान/समाज शास्त्र/अर्थशास्त्र/मानवशास्त्र में से किसी एक में स्नातकोत्तर, मानविकी पूर्णस्नातक उपाधि।
अंतिम तिथि - 31 मार्च, 2020
http://www.hbcse.tifr.res.in/admissions

साहा नाभिकीय भौतिक विज्ञान संस्थान, कोलकाता

पाठ्यक्रम का नाम - भौतिक विज्ञान और जैव-भौतिक विज्ञान में पीएच.डी.
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रथम सप्ताह मार्च 2020 से आवेदन शुरू होंगे।
www.saha.ac.in

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कैलीकट

पाठ्यक्रम का नाम - इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन सिस्टम डिजाइन में पीजी डिप्लोमा
योग्यता - बीई/एम.टेक./ईई/ईईई एवं सी/ईसी/एई एंड एन/इंस्ट्रूमेंटेशन, मेकाट्रोनिक्स/सीएसई, रासायनिक अभियांत्रिकी।
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है। (पाठ्यक्रम 23 मार्च 2020 से प्रारंभ है।)
http://nielit.gov.in/calicut

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - एम्स - डीएम/एम.सीएच/एमडी (अस्पताल प्रशासन)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 03 मार्च, 2020
www.aiimsexams.org

पांडिचेरी यूनिवर्सिटी (दूरस्थ शिक्षण निदेशालय)

पाठ्यक्रम का नाम - यू.जी. डिग्री - बीबीए, बीकॉम। पीजी डिग्री - एम.कॉम. फायनेंस, एम.ए. हिन्दी/अंग्रेजी/समाजशास्त्र। एमबीए - मार्केटिंग, जनरल, फायनेंस, एचआरएस, इंटरनेशनल बिजनेस
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 29 फरवरी, 2020
www.pondiuni.edu.in/content/distance-education

भारतीय प्रबंध संस्थान, रांची

पाठ्यक्रम का नाम - डॉक्टोरल एंड पोस्ट डॉक्टोरल 2020 - पीएच.डी. (विथ फायनेंशियल सपोर्ट), एग्जीक्यूटिव पीएच.डी., पोस्ट डॉक्टोरल फैलोशिप इन मैनेजमेंट, ईमेरीट्स फैलोशिप इन मैनेजमेंट।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 22 मार्च, 2020
https://www.iimranchi.ac.in

एक्स.एल.आर.आई., जमशेदपुर

पाठ्यक्रम का नाम - एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम इन लेबर लॉ फॉर मैनेजर्स (6 माह की अवधि)
योग्यता - स्नातक के साथ 2 से 3 वर्ष का कार्यानुभव।
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है। (स्थान रिक्त रहने तक प्रवेश समय है।)
https://www.xlri.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रोहतक

पाठ्यक्रम का नाम - इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (5 वर्षीय) बीबीए और एमबीए
योग्यता - बारहवीं कक्षा 10+2 के साथ 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण।
अंतिम तिथि - 06 अप्रैल, 2020
www.iimrohtak.ac.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

कोड जैम गूगल ग्लोबल कोडिंग कॉम्पिटिशन 2020

संस्था का नाम - गूगल डॉट कॉम, यूएसए
किसके लिए - कोडिंग, डिकोडिंग और प्रोग्रामिंग में रुचि रखने वाले छात्र/छात्राएं इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए 3 मार्च से आवेदन कर सकते हैं।
योग्यता - आपनी कोडिंग स्किल्स को जांचने के इच्छुक प्रोग्रामर्स इस प्रतियोगिता में आवेदन करने के पात्र हैं।
अंतिम तिथि - 05 अप्रैल, 2020
https://codingcompetations.withgoogle.com/codejam

फ्यूचर स्किल्स एनोवेशन चैलेंज - 2020

संस्था का नाम - अशोका ग्रुप, नई दिल्ली
किसके लिए - उन विद्यार्थियों के लिए जो अध्ययन के साथ - साथ लघु उद्योग/स्टॉर्टअप या इनोवेशन के लिए आर्थिक सहायता की दरकार रखते हैं।
योग्यता - विद्यार्थी 18 वर्ष या उससे कम उम्र के युवा आवेदन के पात्र हैं। वे किसी भी प्रॉफिट, नॉन-प्रॉफिट या हाइब्रिड ऑर्गेनाइजेशन में शामिल होना जरूरी है। उनका बिजनेस प्लान और एमपीवी या प्रोडक्ट लॉन्च होना चाहिए।
अंतिम तिथि - 28 फरवरी, 2020
http://network.changemakers.com

द सीडब्ल्यूएस रिसर्च पेपर राइटिंग कॉम्पिटिशन - 2020

संस्था का नाम - सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ स्टडीज
किसके लिए - इसमें भाग लेने वाले शोधार्थी आवेदनकर्ता को फ्यूचर ऑफ मल्टीलेटरल ट्रेड रूल्स, सिग्निफिकेंस ऑफ डेटा लोकलाइजेशन फॉर डेवलपिंग कंट्रीज पर 1500 से 2000 शब्दों तक का एब्सट्रेक्ट जमा करना होगा। चयनित शोधार्थी को 7000 शब्दों में फुल रिसर्च आर्टिकल लिखकर जमा करना होगा।
योग्यता - इंटरनेशनल ट्रेड से जुड़े क्षेत्र में शोध कर रहे यंग रिसर्चर इस प्रतियोगिता में आवेदन कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 30 मार्च, 2020
https://wtocentre.iift.ac.in/

आईसीडब्ल्यूए के लिए लोगो डिजाइन कॉम्पिटिशन-2020

संस्था का नाम - आईसीडब्ल्यूए, मुंबई
किसके लिए - इंस्टीट्यूट के लिए भारत को केंद्र में रख कर पूरे विश्व को दिखाते हुए अंतर्राष्ट्रीय एकता दर्शाता लोगो डिजाइन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 16 मार्च, 2020
https://www.mygov.in/task/logo_design

विद्युत उपभोक्ताओं से बकाया राशि का भुगतान देय तिथि से पहले करने की अपील

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनीष सिंह ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बकाया राशि का भुगतान निर्धारित देय तिथि से पूर्व करें। बकाया राशि वसूली के लिये बिजली कर्मचारी और अधिकारी घर-घर जा रहे हैं। सभी मैदानी अधिकारियों को बकाया राशि की वसूली करने, भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत सी-फार्म एवं कुर्की करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि विजिलेंस द्वारा बनाये गये प्रकरणों में बकाया राशि की वसूली भी तेज की जाए। इसके अलावा, ऑडिट द्वारा निकाली गई बकाया राशि और अन्य कारणों से बकाया राशि को उपभोक्ता के बिल में जोड़कर राजस्व वसूली की जाए। निर्देश दिये गये हैं कि काटे गये कनेक्शनों की रात्रि में चेकिंग की जाए ताकि बकायादार उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें और यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध बिजली अधिनियम-2003 की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण बनाया जाए। कम्पनी ने क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शहर संभागों और संचारण-संधारण संभागों में राजस्व संग्रहण के लिए कैश काउन्टर अवकाश के दिनों में तथा निर्धारित समय से अतिरिक्त समय तक खोलने की व्यवस्था करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निर्णयानुसार भोपाल क्षेत्र द्वारा राजधानी के सभी संभागीय कार्यालयों में स्थित कैश काउन्टर को रविवार तथा अवकाश के दिन उपभोक्ताओं की सेवा के लिए खोला जा रहा है। इसी प्रकार की व्यवस्था ग्वालियर शहर में भी की गई है।

युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणास्पद हैं छत्रपति शिवाजी के आदर्श

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे ने बैतूल में शिवाजी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि छत्रपति शिवाजी के उच्च आदर्श युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणास्पद हैं। मातृभूमि की रक्षा के लिये शिवाजी ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था।

श्री पांसे ने कहा कि शिवाजी ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी और अपनी वीरता से आक्रांताओं के दांत खट्टे कर दिये थे।

उन्होंने बताया कि शिवाजी ने राज्य के संचालन के लिये श्रेष्ठ और जन-हितैषी नीति भी लागू की थी। श्री पांसे ने युवाओं का आह्वान किया कि वे शिवाजी के जीवन और आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की बेहतरी के लिये पूरी प्रतिबद्धता से योगदान दें।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

खेलचर्चा

टोक्यो ओलिंपिक के आदर्श वाक्य का किया गया अनावरण

टोक्यो, जापान की राजधानी टोक्यो में इस वर्ष आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिये आदर्श वाक्य 'यूनाइटेड बाय इमोशन' (भावनाओं से एकता) का अनावरण किया गया। ये आदर्श वाक्य खेलों के महत्व पर जोर देता है, ताकि लोगों को हर तरह की पृष्ठभूमि से लाया जा सके और उन्हें मतभेदों से आगे बढ़कर एक साथ जुड़ने का अवसर मिल सके। उल्लेखनीय है कि ओलिंपिक का आदर्श वाक्य सबसे तेज, सबसे ऊंचा और सबसे शक्तिशाली है, लेकिन प्रत्येक मेजबान शहर अपने लिये अलग आदर्श वाक्य चुन सकता है।

रोबिन सिंह बने यूएई के क्रिकेट निदेशक

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य रोबिन सिंह को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है। रोबिन सिंह को मुख्य कोच डगी ब्राउन की बर्खास्तगी के बाद निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। रोबिन सिंह ने भारत के लिये 136 वन-डे खेले हैं, इन मैचों में उन्होंने 1 शतक और 9 अर्धशतक सहित 2336 रन तथा 69 विकेट लिये हैं। रोबिन सिंह ने 1 टेस्ट मैच भी खेला है। रोबिन सिंह की गिनती बेहतरीन फील्डर और ऑलराउंडर के रूप में होती है।

कोबी ब्रायंट बॉस्केटबॉल हॉल ऑफ फेम–2020 में शामिल

न्यूयॉर्क, हेलिकॉप्टर हादसे में अपनी जान गंवाने वाले दिग्गज खिलाड़ी कोबी ब्रायंट बॉस्केटबॉल हॉल ऑफ फेम-2020 के आठ खिलाड़ियों की सूची में शामिल किये गये हैं। इस सूची में ब्रायंट के अलावा टिम डन्कन, केविन गार्नेट, टामिका कैचिंग्स, किम मुल्की, बारबरा स्टीवंस, एडी सुरन और रूडी टोम जानोविक के नाम भी शामिल हैं।

जोशुआ ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

मोनाको, युगांडा के लंबी दूरी के धावक जोशुआ चेपतेगेई ने मोनाको में आयोजित 5 किलोमीटर रोड रेस को विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता है। जोशुआ ने यह रेस 12 मिनट 51 सेकेंड में पूरी की। इससे पहले 5 किलोमीटर रोड रेस को सबसे कम समय में पूरा करने का रिकॉर्ड केन्या के रोनेक्स किप्रुतो के नाम था। किप्रुतो ने यह रेस 13 मिनट 18 सेकेंड में पूरी की थी। उल्लेखनीय है कि जोशुआ वर्ष 2019 में विश्व एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 हजार मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

यूईएफए ने मैनचेस्टर सिटी पर लगाया दो वर्ष का प्रतिबंध

लंदन, यूरोप की शीर्ष फुटबॉल संस्था यूईएफए ने इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन के कारण दो वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध के कारण मैनचेस्टर सिटी वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 के चैंपियन लीग में हिस्सा नहीं ले पायेगी। इसके अलावा मैनचेस्टर सिटी पर 30 मिलियन यूरो (लगभग 2.36 अरब रुपये) का जुर्माना भी लगाया गया है। यूईएफए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि क्लब द्वारा दिये गये सबूतों में पाया गया कि मैनचेस्टर सिटी ने अपने खातों में स्पॉन्सरशिप राजस्व को सही नहीं बताया और क्लब लाइसेंसिंग और वित्तीय फेयर प्ले नियमों का उल्लंघन किया है।

एफआईएच अवॉर्ड्स–2020

मनप्रीत सिंह को मिला प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा घोषित वार्षिक पुरस्कार समारोह में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा रहा है। एफआईएच अवॉर्ड में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं युवा खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को वर्ष का पुरुष उदीयमान खिलाड़ी चुना गया तथा लालरेमसियामी को वर्ष की महिला उदीयमान खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। ये पहला मौका है जब भारतीय खिलाड़ियों को एफआईएच पुरस्कार मिले हैं। इससे पहले कई बार भारतीय खिलाड़ी विभिन्न पुरस्कारों के लिये नामित तो होते थे, लेकिन जीत नहीं पाते थे।

मनप्रीत रहे सर्वश्रेष्ठ

एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड की दौड़ में मनप्रीत सिंह सर्वश्रेष्ठ रहे। इस दौड़ में मनप्रीत ने बेल्जियम के स्टार खिलाड़ी ऑर्थर वान डोरेन, विक्टर वेगनेज, ऑस्ट्रेलिया के अरान जालेवस्की और अर्जेंटीना के लुकास विला को पछाड़ते हुये आगे निकल गये। इस पुरस्कार के लिये मनप्रीत को सर्वाधिक 35.2 प्रतिशत वोट मिले। मनप्रीत भारत के लिये अब तक 260 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वर्ष 2011 में पदार्पण करने वाले मनप्रीत लंदन ओलिंपिक और रियो ओलिंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

मनप्रीत सिंह विवेक सागर प्रसाद लालरेमसियामी

बेमिसाल खिलाड़ी हैं मनप्रीत

मनप्रीत सिंह के लिये वर्ष 2019 बेहद शानदार रहा। मनप्रीत की कप्तानी में भारत ने ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई किया। मनप्रीत की अगुवाई में भारत ने जून 2019 में एफआईएच पुरुष हॉकी सीरीज फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

- **सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार नीदरलैंड्स की ईवा डि गोएड को मिला।**
- **सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर का पुरस्कार बेल्जियम के विसेंट वानाच को मिला।**
- **सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया की रशेल लिंच को मिला।**

विवेक ने किया सबको प्रभावित

मध्यप्रदेश के 19 वर्षीय विवेक सागर प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विवेक ने माएको केसेला, ब्लैक गॉवर्स, जेचैरी वॉलेस और जोनास डि गुएस को मात देते हुये वर्ष के पुरुष उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। विवेक को 34.5 प्रतिशत मत मिले हैं। विवेक भारतीय टीम के मिड फील्डर हैं, उन्होंने 17 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था।

बेहतरीन स्ट्राइकर हैं लालरेमसियामी

भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी लालरेमसियामी की गिनती बेहतरीन स्ट्राइकर के रूप में होती है। लालरेमसियामी ने वर्ष 2017 में बेल्जियम के खिलाफ पदार्पण किया था। लालरेमसियामी को वर्ष की महिला उदीयमान खिलाड़ी पुरस्कार के लिये 40 प्रतिशत मत मिले। उन्होंने जुलिएटा जंकुनास, झांग जियाकी, नाइक लोरेंज और फ्रेडरिक माटला को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड जीता है।

भारत करेगा जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी

लुसाने, भारत वर्ष 2021 में आयोजित होने वाले जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने इसकी घोषणा करते हुये कहा कि इस विश्वकप में विश्व की 16 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें यूरोप की छह, एशिया की चार (भारत सहित) अफ्रीका, ओसियाना और अमेरिका की दो-दो टीमें हिस्सा लेंगी। एफआईएच ने कहा कि जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप वर्ष 2021 के अंत में खेला जायेगा। इसके आयोजन स्थल और तारीखों की घोषणा बाद में की जायेगी। उल्लेखनीय है कि भारत को तीसरी बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी मिली है। इससे पहले भारत ने वर्ष 2016 तथा 2018 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। जूनियर महिला हॉकी विश्वकप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को मिली है।

सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, भारत के युवा पहलवान सुनील कुमार ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। सुनील पिछले 27 वर्ष में ग्रीको रोमन कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान हैं। इससे पहले वर्ष 1993 में एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के पप्पू यादव ने ग्रीको रोमन कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता था। सुनील कुमार ने 87 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा के फाइनल में किर्गिस्तान के सालिदिनोव को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से डे नाइट टेस्ट मैच खेलेगा भारत

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमों के खिलाफ एक-एक डे-नाइट टेस्ट मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दोनों देशों के विरुद्ध डे-नाइट टेस्ट की मंजूरी दे दी है। भारत को इस वर्ष के अंत में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर तथा वर्ष 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर डे-नाइट टेस्ट मैच खेलना है।

बीसीसीआई की सर्वोच्च परिषद् की बैठक में डे-नाइट टेस्ट पर निर्णय लिया गया है। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर एक डे-नाइट टेस्ट मैच खेलेगी। साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच पिंक बॉल (डे-नाइट) से खेला जायेगा। गांगुली ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि हर सीरीज में एक डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाये।

भारत ने अब तक एक ही डे-नाइट मैच खेला है। भारत और बांग्लादेश के बीच वर्ष 2019 में कोलकाता में डे-नाइट टेस्ट मैच खेला गया था, जिसे भारत ने पारी के अंतर से जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2018-19 में भारतीय टीम के सामने डे-नाइट टेस्ट मैच का प्रस्ताव रखा था, लेकिन बीसीसीआई ने इसे अस्वीकार कर दिया था।

- **भारत को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 4 तथा इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलना है।**
- **ऑस्ट्रेलिया ने सर्वाधिक 7 डे-नाइट टेस्ट मैच खेले हैं।**

इंग्लैंड ने ट्वेंटी-20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से दी मात

सेन्चुरियन, आईसीसी वन-डे विश्वकप के बाद से शुरू हुआ दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम का बुरा दौर अभी भी जारी है। एक के बाद एक सीरीज में हार का सामना करने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज में भी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका को 5 विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से जीती।

तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 222 रनों का विशाल स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिये हेनरिक क्लासेन ने 66, टेम्बा बावूमा ने 49 तथा क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने 35-35 रनों की तेज-तर्रार पारियां खेलीं। लेकिन दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज इस लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये। इंग्लैंड के लिये जोस बटलर ने 57, जॉनी बेयरस्टो ने 64 तथा इयॉन मॉर्गन ने 57 रनों की पारी खेलते हुये 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड को अंतिम 6 ओवरों में जीत के लिये 76 रनों की जरूरत थी, लेकिन कप्तान इयॉन मॉर्गन ने तूफानी पारी खेलकर मैच अपने नाम कर लिया।

उल्लेखनीय है कि यह ट्वेंटी-20 सीरीज बेहद रोमांचक रही। सीरीज के प्रत्येक मैच में कांटे की टक्कर देखने को मिली। सीरीज का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने 1 रन से तथा दूसरा मैच इंग्लैंड ने 2 रन से जीता है।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड–2020

सचिन को मिला बेस्ट स्पोर्टिंग मोमेंट अवॉर्ड

बर्लिन, भारतीय क्रिकेट टीम के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को दो दशक (वर्ष 2000 से 2020) का लॉरियस बेस्ट स्पोर्टिंग मोमेंट अवॉर्ड दिया गया है। सचिन को यह अवॉर्ड वर्ष 2011 में वन-डे विश्वकप विजय के विनिंग मोमेंट के लिये दिया गया है। विश्वकप-2011 जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों ने सचिन को कंधे पर बैठाकर मैदान का चक्कर लगाया था। इस दौरान लिये गये सचिन के फोटो को 'कैरिड आफ द शोल्डर्स ऑफ ए नेशन' नाम दिया गया है।

सचिन को यह अवॉर्ड प्रशंसकों के वोट के आधार पर मिला है। जर्मनी के दिग्गज टेनिस स्टार बोरिस बेकर ने सचिन के नाम की घोषणा की, जबकि ऑस्ट्रेलिया को विश्व विजेता बनाने वाले क्रिकेट कप्तान स्टीव वॉ ने सचिन को ट्रॉफी प्रदान की।

अवॉर्ड हासिल करने के बाद सचिन ने कहा कि क्रिकेट विश्वकप जीतने के एहसास को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। बहुत कम मौके होते हैं, जब पूरा देश किसी जीत का जश्न मना रहा होता है। मैंने विश्वकप की ट्रॉफी पकड़ने के लिये 22 वर्ष तक कोशिश की, लेकिन कभी उम्मीद नहीं छोड़ी।

- **लियोनेल मैसी और लुईस हैमिल्टन संयुक्त रूप से बने स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर।**
- **सिमोन बाइल्स लगातार दूसरी बार बनीं स्पोर्ट्स वुमैन ऑफ द ईयर।**
- **दक्षिण अफ्रीका की रग्बी टीम को मिला वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवॉर्ड।**

फाफ डुप्लेसिस ने छोड़ी दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी

जोहानसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टीम की कप्तानी तत्काल प्रभाव से छोड़ दी है। डुप्लेसिस ने कहा कि टीम को नई पीढ़ी के नेतृत्व की जरूरत है। इससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट को नये युग की शुरुआत करने में मदद मिलेगी। डुप्लेसिस ने कहा कि कप्तानी का दौर कभी शानदार तो कभी मुश्किल भरा रहता है। डुप्लेसिस अब बतौर बल्लेबाज टीम में खेलेंगे। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड के खिलाफ वन-डे सीरीज में डुप्लेसिस को आराम दिया गया था, तब उनकी जगह क्विंटन डिकॉक ने टीम की कमान संभाली थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड - 462 011

❍ कृषि व्यापार में एमबीए कौन कर सकता है? इस क्षेत्र में कॅरियर के क्या अवसर हैं?

- संकेत जावला, हटा (दमोह)

● आर्थिक उदारीकरण के फलस्वरूप देश के कृषि क्षेत्र में वृहद स्तर पर

आयात-निर्यात प्रारंभ हुआ और संबंधित रोज़गारों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। जो छात्र कृषि व्यापार अर्थात एग्रीबिजनेस में एमबीए करना चाहते हैं उनके लिए इस क्षेत्र में रोज़गार के ढेरों अवसर हैं, क्योंकि आज अनेक बहुराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कंपनियाँ इस क्षेत्र के प्रशिक्षित व्यक्तियों को उच्च वेतनमान पर नियुक्त कर रही हैं। इसके अलावा राष्ट्रीयकृत बैंकों की कृषि अधिकारी की परीक्षा में बैठा जा सकता है। कृषि उत्पादों से संबंधित स्वयं का व्यापार भी प्रारंभ कर सकते हैं। कृषि व्यापार में एमबीए पाठ्यक्रम करने के लिए वे छात्र ही योग्य हैं, जिन्होंने कृषि विज्ञान, कृषि अभियांत्रिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान या जीव विज्ञान से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। कृषि व्यापार में एमबीए पाठ्यक्रम इन संस्थानों में उपलब्ध है-

◆ भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद।
◆ भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ।
◆ पंडित गोविंदवल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर।
◆ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

❍ मैं डायमंड कटिंग एंड ग्रेडिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें?

- संदीप भदौरिया, रतलाम

● पारंपरिक रूप से डायमंड (हीरे) को जांचने का काम सिर्फ जौहरी ही किया करते थे, लेकिन आज के आधुनिक युग में तकनीकी ज्ञान के विकास ने इसकी कटिंग और ग्रेडिंग क्वालिटी में जबरदस्त निखार ला दिया है। यही कारण है कि अब हीरे को हारों और अंगूठियों के अलावा परिधानों में भी लगाया जाने लगा है और यह सब संभव हुआ है डायमंड कटिंग एवं ग्रेडिंग जैसे नए अध्ययन क्षेत्र का द्वार खुलने से, जिसमें हीरे को वैज्ञानिक ढंग से तराशकर इसके कलेवर में ताजगी भरी जाती है। डायमंड कटिंग एंड ग्रेडिंग पाठ्यक्रम में विषय वस्तु के तौर पर कटिंग एंड पॉलिशिंग, ऑप्टिकल प्रॉपर्टीज, आइडियल कट, लैंड लूप, ग्रेडिंग, कलर ग्रेडिंग, फैंसी कलर, वैल्यूशन ऑफ डायमंड, डायमंड एंड इट्स सब्स्टीट्यूट, वर्ल्ड डायमंड मार्केट स्ट्रक्चर विद इंडियन कांटेक्स्ट इत्यादि का विधिवत अध्ययन कराया जाता है। देश के कई सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों द्वारा यह कोर्स संचालित किया जा रहा है। 12वीं के बाद इस विषय में सर्टिफिकेट से लेकर स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई के विकल्प उपलब्ध हैं। प्रतिष्ठित संस्थानों में एडमिशन के लिए छात्रों का चयन एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर होता है। इस क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएँ हैं। प्रारंभ में इस क्षेत्र में 15 से 20 हजार रुपये तक की नौकरी आसानी से मिल जाती है, जो अनुभव व कार्यकुशलता के आधार पर लाखों तक पहुँच जाती है। इस क्षेत्र को कॅरियर के रूप में चुनने वाले अधिकांश लोग कुछ समय बाद स्वयं अपना व्यवसाय खोलकर लाखों कमाने लगते हैं। इस क्षेत्र में कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

❍ इंडियन डायमंड इंस्टीट्यूट सूरत, गुजरात।
❍ डायमंड एंड कलर जेम्सस्टोन्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, जयपुर, राजस्थान।
❍ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली।
❍ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जेम्स एंड ज्वेलरी, नई दिल्ली।

❍ मैं लंदन जाकर अपने विषय में रिसर्च कार्य करना चाहता हूँ। इस हेतु कौन सी छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध हैं?

- मयंक गौतम, बीना (सागर)

● यदि आप लंदन (ब्रिटेन) जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको कॉमनवेल्थ छात्रवृत्तियों तथा फैलोशिप के लिए आवेदन करना चाहिए। छात्रवृत्ति और फैलोशिप की इस योजना के कार्यक्रम का प्रबंधन भारत सरकार के केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारत स्थित ब्रिटिश काउंसिल द्वारा किया जाता है। इसके लिए प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में स्नातकोत्तर डिग्री के लिए और पीएचडी के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। चुने गए उम्मीदवारों को ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में शोध का अवसर मिलता है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.britishcouncil.in विजिट करें।

❍ एक्सिटिक्स साइंस के क्षेत्र में कॅरियर के क्या अवसर हैं? यह पाठ्यक्रम कहाँ से किया जाना रोज़गार की दृष्टि से उपयुक्त रहेगा?

- जयंत नीमा, भोपाल

❍ शहरों तथा नगर-कस्बों की गैर योजनाबद्ध ढंग से निर्मित टाउनशिप प्लानिंग की खामियों पर बहुआयामी शोध कार्य द्वारा ह्यूमन सेटलमेंट की जटिलताओं को दूर करने में सहयोग करना ही एक्सिटिक्स विज्ञान का कार्यक्षेत्र है। एक्सिटिक्स यानी आर्किटेक्चर में स्पेशलाइजेशन की प्रायवेट क्षेत्रों में तो भारी डिमांड है, साथ ही पब्लिक क्षेत्रों व विदेशों में भी कॅरियर की ढेरों संभावनाएँ हैं। एक्सिटिक्स में मास्टर प्रोग्राम हेतु आवेदनकर्ता के बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर अथवा इसके समकक्ष डिग्री में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। यह पाठ्यक्रम जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से किया जाना रोज़गार की दृष्टि से उपयुक्त रहेगा।

❍ फ्लोरीकल्चर में रोज़गार के क्या अवसर हैं?

- नितिन जाट, कालापीपल (शाजापुर)

● फ्लोरीकल्चर, बागवानी की एक शाखा है, जिसमें फूलों की पैदावार से

लेकर बाजार में इसकी मार्केटिंग तक का अध्ययन किया जाता है। भारत में फ्लोरीकल्चर को एक शानदार भविष्य के रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि यहाँ की जलवायु ऐसी है कि अनेक प्रकार के देशी-विदेशी फूल उगाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज लाखों की संख्या में लोग इस व्यवसाय में लगे हुए हैं। रोज़गार की दृष्टि से यह काफी संभावनाओं से भरा क्षेत्र है। सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही क्षेत्रों में नौकरी के पर्याप्त अवसर हैं। इसे स्वरोज़गार के रूप में भी अपनाया जा सकता है। स्वयं की नर्सरी खोलकर अच्छी कमाई की जा सकती है। इसके अलावा फ्लॉरल डिजाइनर, लैंडस्केप डिजाइनर, फ्लोरीकल्चर थेरेपिस्ट, फार्म या स्टेट मैनेजर, प्लांटेशन एक्सपर्ट, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के साथ ही साथ आप रिसर्च और टीचिंग भी कर सकते हैं। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या बैचलर डिग्री कोर्स के लिए एग्रीकल्चर ग्रुप से बारहवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। फ्लोरीकल्चर में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए एग्रीकल्चर में स्नातक होना आवश्यक है। फ्लोरीकल्चर के पाठ्यक्रम इन संस्थानों में उपलब्ध हैं-

◆ जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व-विद्यालय, जबलपुर।
◆ इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली।
◆ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़।

❍ मैं फाइनेंशियल कंसल्टेंट बनना चाहती हूँ। कृपया मार्गदर्शन दें?

- संगीता रस्तोगी, अम्बाह (मुरैना)

● फाइनेंशियल कंसल्टेंट वह व्यक्ति होता है, जो यह बताता है कि आप कहाँ निवेश करें, कितना निवेश करें और कब तक के लिए निवेश करें। फाइनेंशियल कंसल्टेंट यह बताता है कि आप अपना निवेश कहाँ करें, जिससे आपका ज्यादा से ज्यादा फायदा हो, इसके लिए वह अपनी निश्चित फीस चार्ज करता है। फाइनेंशियल कंसल्टेंट बनने के लिए आपको शेयर मार्केट, कमोडिटी मार्केट और इंश्योरेंस मार्केट की पूरी जानकारी होनी चाहिए। विभिन्न फाइनेंशियल कंसल्टेंट इंस्टीट्यूट में इससे संबंधित शॉर्ट टर्म और डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं, जिनकी अवधि 4 महीने से 2 साल तक की हो सकती है। इन कोर्सेज में डिप्लोमा इन स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग, डिप्लोमा इन कमोडिटी मार्केट ट्रेडिंग, डिप्लोमा इन स्टॉक एनालिसिस, डिप्लोमा इन इंश्योरेंस एडवाइजर आदि प्रमुख हैं। जहाँ तक इस क्षेत्र में रोज़गार की बात है तो भारत में विभिन्न फाइनेंस कंपनियाँ हैं, जिनमें ऐसे लोगों की बहुत मांग है। आज बड़ी-बड़ी कंपनियाँ फाइनेंस के क्षेत्र में उतर रही हैं। इस हिसाब से इस क्षेत्र में रोज़गार की बहुत संभावनाएँ हैं। फाइनेंशियल कंसल्टेंट का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

◆ इंस्टीट्यूट ऑफ मार्केटिंग एंड मैनेजमेंट स्टडीज, नई दिल्ली।
◆ इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट, हैदराबाद।

❍ निजी सुरक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में कॅरियर के क्या अवसर हैं?

- अनुराग खटीक, टिमरनी (हरदा)

❍ हमारे देश के आर्थिक परिवेश में आए तेज बदलाव के बाद से तमाम सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में निजी सुरक्षा व्यवस्था को विशेष महत्व दिया जाने लगा है। कॉर्पोरेट, मीडिया, बैंक, इंडस्ट्रीज, बड़े-बड़े संगठनों आदि में आधुनिक तकनीक के विशेषज्ञ सुरक्षाकर्मियों की मांग की जाने लगी है। इसी कारण से आज सुरक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञ पाठ्यक्रम अस्तित्व में आ रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर में सुरक्षा के लिए वीडियो कैमरा, एक्स-रे स्कैनर, बोर्ड रूम सहित नए-नए उपकरणों के आ जाने से इनके संचालन के लिए प्रशिक्षित लोगों की जरूरत लगातार बढ़ती जा रही है। इस क्षेत्र के प्रशिक्षित छात्रों को उद्योग जगत से लेकर छोटे-बड़े संगठनों में सुरक्षाकर्मियों के सुपरवाइजर या सिक्योरिटी ऑफिसर के पद संबंधी रोज़गार बेहद आसानी से मिल जाते हैं। केवल पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएँ भी इस क्षेत्र में भविष्य बना सकती हैं। निजी सुरक्षा व्यवस्था प्रबंधन के क्षेत्र में स्वरोज़गार की भी उम्दा संभावनाएँ विद्यमान हैं। आप विभिन्न संगठनों को सुरक्षा सेवाएँ मुहैया कराने के लिए सिक्योरिटी एजेंसी भी खोल सकते हैं। निजी सुरक्षा व्यवस्था प्रबंधन के पाठ्यक्रम पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन सिक्योरिटी मैनेजमेंट के लिए आवेदक का किसी भी विषय में स्नातक या बारहवीं के बाद तीन वर्ष किसी इंडस्ट्री में काम करने का अनुभव होना अनिवार्य है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। खिलाड़ियों व एनसीसी प्रमाणपत्र धारकों को इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विशेष प्राथमिकता दी जाती है। यह एकवर्षीय पाठ्यक्रम है, जिसमें सुरक्षा क्षेत्र से जुड़ी तमाम बारीकियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया जाता है। निजी सुरक्षा व्यवस्था प्रबंधन के पाठ्यक्रम के तहत मैनेजमेंट एवं ऑर्गेनाइजेशन विहेवियर, फिजिकल फिटनेस थ्योरी एंड प्रैक्टिस, लेबर लॉ एंड इंडस्ट्रियल रिलेशन, फिजिकल सिक्योरिटी मैनेजमेंट, विजिलेंस एंड इन्वेस्टिगेशन, फिजिकल फिटनेस-एप्लीकेशन, फर्स्ट एड रेस्क्यू ऑपरेशन आदि विषयों की गहन जानकारी दी जाती है। पाठ्यक्रम के दौरान ही चार सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए संबंधित इंडस्ट्रीज और संगठनों में छात्रों को भेजा जाता है, जहाँ सुरक्षा से जुड़ी व्यावहारिक बातों से परिचित कराया जाता है। इस क्षेत्र में प्रशिक्षण देने वाला प्रमुख संस्थान है- वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, कल्चरल सेंटर, नई दिल्ली। इसके अलावा भी कई संस्थान निजी सुरक्षा व्यवस्था प्रबंधन का कोर्स कराते हैं।

❍ कृपया मुझे टेस्ट ऑफ इंग्लिश एज ए फॉरेन लैंग्वेज के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करें?

- अनामिका चौबे, शिवपुरी

❍ 150 से ज्यादा देशों में शिक्षा हासिल करने के लिए टेस्ट ऑफ इंग्लिश एज

ए फॉरेन लैंग्वेज अर्थात टॉफल में क्वालिफाई होना जरूरी होता है। विश्व के लगभग 10,000 से ज्यादा कॉलेज एवं यूनिवर्सिटीज़ इसे मान्यता देती हैं। अमेरिका के कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज़ में एडमिशन के लिए यह टेस्ट जरूरी है। यह टेस्ट अमेरिका बेस्ड 'एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस (ईटीएस)' कंडक्ट कराती है। टॉफल के जरिए स्टूडेंट्स की अंग्रेजी भाषा की जानकारी परखी जाती है। देखा जाता है कि स्टूडेंट्स की स्टैंडर्ड अमेरिकन इंग्लिश पर कैसी पकड़ है। यह केवल उन स्टूडेंट्स को देना होता है, जिनकी मातृभाषा इंग्लिश नहीं होती और जो इंग्लिश को सेकंड लैंग्वेज के तौर पर यूज करते हैं। यह टेस्ट दो फॉर्मेट में लिया जाता है। इंटरनेट बेस्ड टेस्ट जिसे टॉफल आईबीटी फॉर्मेट कहते हैं और दूसरा पेपर डिलेवर्ड टेस्ट, जिसे टॉफल पीडीटी फॉर्मेट कहा जाता है। आप अपने टेस्ट सेंटर के अनुसार दोनों में से कोई भी फॉर्मेट चुन सकती हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स आईबीटी फॉर्मेट फॉलो करते हैं, लेकिन जिन टेस्ट सेंटरों पर इंटरनेट आधारित टेस्ट लेने की सुविधा नहीं होती, वहाँ पेपर डिलेवर्ड टेस्ट ऑफर किया जाता है। इंटरनेट बेस्ड टेस्ट में यूनिवर्सिटी लेवल पर इंग्लिश समझने और उसे यूज करने की योग्यता को चेक किया जाता है। साथ ही यह भी चेक किया जाता है कि आप इंग्लिश बोलने, सुनने, लिखने और पढ़ने की क्षमता को अपने एकेडमिक कॅरियर में किस तरह यूज करते हैं। यह टेस्ट कम्प्यूटर पर लिया जाता है, इसलिए टेस्ट देने से पहले कम्प्यूटर पर प्रैक्टिस कर लेनी चाहिए। पेपर बेस्ड टेस्ट में टेस्ट के लिए इंटरनेट की जगह पेपर और पेन का इस्तेमाल होता है। यह टेस्ट 2.25 घंटे का होता है, जिसमें इंग्लिश में आपकी लिस्निंग, रीडिंग और राइटिंग को चेक किया जाता है। इस टेस्ट में चार स्तर के स्कोर दिये जाते हैं- रीडिंग सेक्शन, लिस्निंग सेक्शन, स्पीकिंग सेक्शन और राइटिंग सेक्शन। इसमें कुल 120 स्कोर पाइंट होते हैं। हर यूनिवर्सिटी अपने हिसाब से यह तय करती है कि वह टॉफल में कितने पॉइंट्स वाले स्टूडेंट्स को अपने यहाँ एडमिशन देगी। कैसे करें तैयारी- टॉफल की तैयारी करने के लिए, ईटीएस किताबों और सीडी के जरिये प्रैक्टिस मटीरियल उपलब्ध कराता है। इसके लिए आप वेबसाइट **www.ets.org** विजिट करें। टेस्ट की तैयारी के लिए आप ऑनलाइन मॉक टेस्ट भी दे सकती हैं। इस परीक्षा में वे छात्र एवं छात्राएँ बड़ी आसानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं जो एक रणनीति बनाकर निरंतर अभ्यास करते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक पी. नरहरि, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।